DNS

# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

महिला दिवस की शुभकामनाएं

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : रविवार, 8 मार्च, 2026 | वर्ष -01 | अंक-21 | पृष्ठ-13 | मूल्य : 01 | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### अयोध्या: राष्ट्रपति 19 को राम मंदिर के तीसरे तल का उद्घाटन करेंगी

**अयोध्या।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु 19 मार्च को अयोध्या में राम मंदिर के तीसरे तल का उद्घाटन करेंगी। इस दौरान एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा, जिसको लेकर तैयारियां तेज हो गई हैं। कार्यक्रम में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल होकर पूजा-अर्चना और अनुष्ठान करेंगी। यह उद्घाटन समारोह इसलिए भी खास है क्योंकि 19 मार्च को ही हिंदू नववर्ष, यानी 'वर्ष प्रतिपदा' (चैत्र शुक्ल प्रतिपदा), की शुरूआत हो रही है। इस पावन पर्व पर अयोध्या नगरी राममय हो जाएगी।

### डिप्टी CM केशव मौर्य के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

**लखनऊ ।** यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य के हेलिकॉप्टर की शनिवार को इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। उन्होंने सुबह 10.45 बजे लखनऊ से कौशांबी के लिए उड़ान भरी थी। थोड़ी ही देर में हेलिकॉप्टर का डिस्प्ले अचानक बंद हो गया।

### जींद की फैक्ट्री में आग 5 महिलाओं की मौत

**जींद।** हरियाणा के जींद में शनिवार को होली के गुलाल और रंग बनाने वाली फैक्ट्री में भीषण आग लग गई। हादसे में 5 महिलाओं की मौत हो गई, जबकि 17 मजदूर झुलस गए। इनमें ज्यादातर महिलाएं हैं।

### झारखंड: स्विफ्ट कार और ऑटो में टक्कर, दो की मौत

**धनबाद।** झारखंड के धनबाद के गोविंदपुर थाना क्षेत्र में शनिवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। गोविंदपुर थाना क्षेत्र के गहरा मोड़ के समीप एक स्विफ्ट कार और ऑटो के बीच जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें एक बच्ची और एक महिला की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि घटना में दो से तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए।

# रेलवे ओवरब्रिज का निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें : मुख्यमंत्री नीतीश

## सीएम ने बख्तियारपुर में विभिन्न निमार्णाधीन विकास योजनाओं का किया निरीक्षण



**पटना (एनएसबी)।** राज्यसभा चुनाव के लिए नामांकन करने के दो दिन बाद मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शनिवार को पटना जिलान्तर्गत बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज के पास निमार्णाधीन रेलवे ओवरब्रिज (आरओबी) का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि निमार्णाधीन 2 लेन आरओबी का निर्माण कार्य इस महीने पूर्ण हो जायेगा। सीएम ने कहा कि एनएच-30 एवं एसएच-106 को जोड़ने वाले इस रेलवे ओवरब्रिज का

**एसएच-106 तथा एनएच-30 के आपस में जुड़ने से लोगों को आवागमन में होगी काफी सुविधा**

निर्माण कार्य जल्द पूर्ण करें। इस योजना के पूर्ण होने से पटना-बख्तियारपुर पुराना पथ (एसएच-106) तथा पटना-बख्तियारपुर नया फोर लेन (एनएच-30) आपस में जुड़ जायेंगे, जिससे दोनों तरफ के लोगों को आवागमन में काफी सुविधा होगी और समय की बचत होगी। बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज की कनेक्टिविटी बेहतर होगी तथा यातायात सुगम होगा। उन्होंने कहा कि बख्तियारपुर इंजीनियरिंग कॉलेज तथा पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय को पुराने एवं नये दोनों पथों से सीधी सम्पर्कता हो जायेगी, जिससे छात्रों एवं शिक्षकों को आवागमन में काफी सुविधा होगी।

**गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का लिया जायजा :** इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने गणेश उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, बख्तियारपुर के नये भवन के निर्माण कार्य कार्य का भी जायजा लिया। यह भवन पांच मंजिला बनाया गया है, जिसमें 45 वर्ग कक्ष हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि इसका निर्माण कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें ताकि छात्रों के पठन-पाठन में सुविधा हो। मुख्यमंत्री ने विद्यालय के पुराने भवन का भी जायजा लिया और कहा कि हम बचपन में इसी स्कूल में पढ़ते थे। सीएम ने इसी स्कूल परिसर के पास स्थित स्वतंत्रता सेनानी स्व. डुमर सिंह की प्रतिमा स्थल के पास बनाये जा रहे पार्क निर्माण कार्य को तेजी से पूर्ण करने का निर्देश दिया।

## बख्तियारपुर-ताजपुर पुल का निर्माण कार्य भी जल्द हो

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री ने गंगा नदी पर निमार्णाधीन बख्तियारपुर (करजान)-ताजपुर (समस्तीपुर) फोर लेन पुल एवं पहुंच पथ का स्थल निरीक्षण कर निर्माण कार्य की प्रगति का जायजा लिया। इस दौरान अथमलगोला प्रखण्ड के करजान (बख्तियारपुर-मोकामा फोरलेन बाईपास) से कल्याणपुर होते हुए गंगा नदी के तट तक जाकर निमार्णाधीन बख्तियापुर-ताजपुर पुल के निर्माण कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण के क्रम में सीएम ने बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के निर्माण कार्य की प्रगति एवं अद्यतन स्थिति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली। पथ निर्माण विभाग के सचिव पंकज कुमार पाल ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस फोरलेन पुल एवं पहुंच पथ का निर्माण कार्य तेजी से चल रहा है और इस साल के अंत तक पूर्ण हो जायेगा। निरीक्षण के दौरान सीएम ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि बख्तियारपुर-ताजपुर पुल के निर्माण कार्य में तेजी लाकर इसे जल्द पूर्ण करें। इस पुल के निर्माण से महात्मा गांधी सेतु एवं राजेंद्र सेतु पर यातायात का दवाब भी कम होगा तथा लोगों को आवागमन में काफी सहूलियत होगी। इसके माध्यम से महत्वपूर्ण पर्यटन स्थलों, धार्मिक स्थलों, शैक्षणिक तथा प्रमुख चिकित्सा संस्थानों तक जाने में समय की बचत होगी। यह पुल समस्तीपुर, मुजफ्फरपुर और बेगूसराय की ओर से आवागमन करनेवाले वाहनों का एक वैकल्पिक मार्ग होगा।मौके पर उपस्थित जन समूह ने मुख्यमंत्री का जोरदार स्वागत किया। निरीक्षण के दौरान पूर्व विधायक ज्ञानेन्द्र सिंह ज्ञानू, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, मुख्यमंत्री के सचिव डॉ. चन्द्रशेखर सिंह, बिहार राज्य पथ विकास निगम के प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक सहित अन्य वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर महिलाओं को दी शुभकामनाएं



**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश एवं देश की महिलाओं को बधाई एवं शुभकामनायें दी हैं। सीएम ने महिलाओं के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए कहा कि महिलायें समाज का अभिन्न हिस्सा हैं। किसी भी राज्य या देश के विकास में महिलाओं का योगदान बेहद महत्वपूर्ण है। वे प्रतिभा के बलबूते विभिन्न क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बना रही हैं। महिलाओं के सशक्तीकरण को लेकर राज्य सरकार निरंतर प्रयत्नशील है। मुख्यमंत्री बालिका पोशाक योजना, मुख्यमंत्री बालिका साइकिल योजना, मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना, मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना, जीविका, सभी सरकारी सेवाओं में 35 प्रतिशत आरक्षण का लाभ, पंचायती राज संस्थाओं एवं नगर निकाय के चुनावों में महिलाओं को 50 प्रतिशत आरक्षण का लाभ सहित कई अन्य योजनायें चलायी जा रही हैं।

# निशांत ने पार्टी नेताओं के साथ की बैठक, आज होंगे जदयू में शामिल

**पटना (एनएसबी)।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के राज्यसभा जाने के फैसले और अब उनके बेटे निशांत कुमार की राजनीति में एंट्री को लेकर प्रदेश की सियासत तेज हो गई है। वह कल, यानी 8 मार्च, को जदयू में शामिल हो सकते हैं। इससे पहले उन्होंने शनिवार को पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से मुलाकात की। इस दौरान जदयू पॉलिटिकल एडवाइजर कमेटी के सदस्य मोनी सिंह ने कहा कि निशांत कुमार 8 मार्च को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) जॉइन कर लेंगे। निशांत कुमार के पार्टी में स्वागत को लेकर तैयारी पूरी हो चुकी है। पटना में जगह-जगह पोस्टर लगाए

**राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा दिलाएंगे निशांत कुमार को सदस्यता**

जा रहे हैं। मोनी सिंह ने कहा कि लोग काफी उत्साहित हैं। निशांत कुमार के आने से पार्टी मजबूत होगी।

इससे पहले निशांत कुमार शुक्रवार की देर रात पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा के घर पहुंचे और पार्टी के युवा विधायकों और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की। कहा जा रहा है कि इस बैठक में संगठन और सरकार की योजनाओं को लेकर चर्चा की गई तथा नीतीश कुमार के काम करने के तरीके को जारी रखने की चुनौतियों को लेकर चर्चा की गई। उस बैठक में शामिल कई युवा विधायकों ने अपनी बात भी रखी। जदयू के अंदर यह भी चर्चा है कि निशांत कुमार आने वाले समय में पार्टी की रणनीति तय करने, संगठन को मजबूत करने और युवाओं को जोड़ने पर विशेष ध्यान देंगे। बता दें कि नीतीश कुमार के राज्यसभा चुनाव के नामांकन करने के बाद जदयू में भारी नाराजगी देखी जा रही थी। कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पटना में जुटकर उनके इस फैसले के पुनर्विचार करने की मांग कर रहे थे। इस बीच, शुक्रवार को नीतीश कुमार ने पार्टी के विधायकों, सांसदों, एमएलसी और वरिष्ठ नेताओं के साथ बैठक की थी और अपनी बात रखी थी। इस बैठक में निशांत कुमार को सक्रिय राजनीति में लाने पर मुहर लगी।

### 2030 तक सरकार नीतीश के मार्गदर्शन में ही चलेगी : संजय झा



**पटना (एनएसबी)।** जनता दल यूनाइटेड (जेडीयू) के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय कुमार झा ने शनिवार को साफ तौर पर कहा कि बिहार में 2030 तक जो सरकार चलेगी, वह नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में ही चलेगी। वे पार्टी का भी काम देखेंगे और जो सरकार चलेगी, उसे गाइड भी करेंगे। पटना में शनिवार को मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि निशांत रविवार को पार्टी का काम शुरू करेंगे। पार्टी और जो भी जिम्मेदारी उन्हें सौंपेगी, वह काम करेंगे। इससे पहले शनिवार को निशांत ने पार्टी के जिलाध्यक्षों के साथ बैठक की। बैठक के बाद संजय झा ने बताया कि निशांत ने बैठक में कहा कि जो लोगों ने भी मुझ पर भरोसा जताया है।

### नीतीश कुमार को जबरदस्ती हटाया जा रहा : राबड़ी देवी



दिल्ली में रूटीन चेकअप के बाद राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद और राबड़ी देवी शनिवार को पटना पहुंचे। राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जबरदस्ती हटाया जा रहा है। उनकी बुद्धि भ्रष्ट हो गई है। बिहार छोड़कर नहीं जाना चाहिए। नीतीश कुमार को बिहार में ही रहकर काम करना चाहिए और मुख्यमंत्री पद पर बने रहना चाहिए।

# ईरान युद्ध के बीच भारत के पास तेल और पेट्रोलियम उत्पादों का पर्याप्त भंडार : सरकार

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** ईरान युद्ध के चलते वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंकाओं के बीच भारत के पास फिलहाल कच्चे तेल, पेट्रोल, डीजल और एलपीजी का पर्याप्त भंडार मौजूद है।

साथ ही, तेल कंपनियां खाड़ी क्षेत्र के बाहर के देशों से भी आयात बढ़ाकर आपूर्ति में आई कमी को पूरा कर रही हैं। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि फिलहाल भारत ऊर्जा आपूर्ति के मामले में आरामदायक स्थिति में है। उन्होंने बताया कि हमारे पास होर्मुज जलडमरूमध्य (स्ट्रेट ऑफ होर्मुज) में फंसे भंडार से कहीं अधिक ऊर्जा स्रोत हैं। उन्होंने कहा कि देश के पास कच्चे तेल, तेल उत्पादों और एलपीजी का पर्याप्त स्टॉक है और जरूरत पड़ने पर दूसरे देशों से आयात बढ़ाकर आपूर्ति की कमी पूरी की जाएगी। अधिकारी ने बताया कि भारत 2022 से रूस से कच्चा तेल खरीद रहा है। उस समय भारत के कुल आयात में रूस की हिस्सेदारी केवल 0.2 प्रतिशत थी। लेकिन अब इसमें तेजी से बढ़ोतरी हुई है। उन्होंने कहा कि फरवरी में भारत ने अपने कुल कच्चे तेल आयात का लगभग 20 प्रतिशत रूस से खरीदा। फरवरी में रूस से भारत ने करीब 10.4 लाख बैरल प्रतिदिन (1.04 मिलियन बैरल प्रति दिन) कच्चा तेल आयात किया।

# दलों से ऊपर उठकर जिम्मेदारी निभा रहे स्पीकर : पीएम मोदी



**ओम बिरला की कार्यशैली को प्रधानमंत्री ने सराहा**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोकसभा स्पीकर ओम बिरला की कार्यशैली और व्यक्तित्व की सराहना करते हुए कहा कि वे जितने शानदार सांसद हैं, उतने ही बेहतरीन लोकसभा स्पीकर भी हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने ओम बिरला को संविधान के प्रति समर्पित बताते हुए कहा कि उनमें संसदीय परंपराओं व प्रणालियों के प्रति स्पष्ट रूप से निष्ठा दिखाई देती है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि लोकसभा स्पीकर के रूप में ओम बिरला किसी एक पक्ष के सदस्य नहीं रहते, बल्कि वे पक्ष और प्रतिपक्ष दोनों से ऊपर उठकर सदन का संचालन करते हैं। उन्होंने कहा कि जब भी वे सदन में ओम बिरला को देखते हैं तो उन्हें यह एहसास होता है कि यह शायद शिक्षा की नगरी से आने का प्रभाव है कि वे इतनी संतुलित और संयमित भूमिका निभाते हैं। लोकसभा स्पीकर के तौर पर ओम बिरला सदन के एक ऐसे मुखिया की तरह काम करते हैं जो सभी को साथ लेकर चलने में विश्वास रखते हैं। सदन में मौजूद सभी सांसदों को वे अच्छे से संभालते हैं और उनकी भावनाओं तथा आग्रहों का पूरा सम्मान करते हैं। मोदी ने कहा कि बिरला का स्वभाव ऐसा है कि वे सांसदों का सबसे अधिक सम्मान करने वाले स्पीकरों में से एक हैं।

# पटना हाईकोर्ट के दो वकीलों की सड़क दुर्घटना में मौत

**पटना/बिहार(चौथी वाणी)।** पटना उच्च न्यायालय की अधिवक्ता एडवोकेट वैष्णवी ठाकुर व उनके पति एडवोकेट ऋतिक ठाकुर की मौत शनिवार को सड़क दुर्घटना में हो गई। दुर्घटना में उनका बच्चा व कार चालक गंभीर रूप से घायल हैं। घटना किशनगंज के पास प्राप्त जानकारी के अनुसार, वैष्णवी अपने पति व बेटे के साथ छुट्टियां मनाकर सिलीगुड़ी से पटना लौट रहीं थीं। शनिवार को दोपहर 12:30 बजे राष्ट्रीय राजमार्ग- 31 पर एक ट्रक ने उनकी फॉर्च्यूनर को जोरदार टक्कर मार दी और भाग गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भयानक थी कि मौके पर ही वैष्णवी ठाकुर की मौत हो गई। घटना के बाद आसपास के लोग मदद को आए और घायलों को उठाकर अस्पताल पहुंचाया।

# नेपाल के पूर्व पीएम ओली हारे, बालेन शाह ने 50 हजार मतों से किया परास्त



**काठमांडू (एजेंसी)।** नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली झापा-5 सीट से हार गए हैं। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के पूर्व मेयर और रैपर बालेन शाह ने उन्हें करीब 50 हजार मतों से परास्त किया। मतगणना जारी है और 165 सीटों पर शुरूआती रुझानों में आरएसपी जबरदस्त जीत की ओर अग्रसर है। नेपाल के निर्वाचन आयोग ने ये परिणाम घोषित किया है। राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के बालेन शाह और सीपीएन-यूएमएल के चेयरमैन ओली झापा-5 सीट से चुनाव लड़ रहे थे। यहां बालेन शाह को 68,348 वोट मिले, जबकि केपी शर्मा ओली को 18,734 वोट मिले। इस तरह शाह ने कुल 49,614 वोटों से हराकर बड़ी जीत हासिल की है। इसी सीट से 2017 और 2022 में उन्होंने सफलता अर्जित की थी। द काठमांडू पोस्ट के अनुसार, शाह की जीत ने पूरे देश का ध्यान खींचा है, क्योंकि आरएसपी ने पहले ही उन्हें पार्टी का प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार घोषित किया था। आरएसपी के वरिष्ठ नेता शाह ने ओली के खिलाफ चुनाव लड़ा। ओली ने 2022 के चुनाव में नेपाली कांग्रेस के खगेंद्र अधिकारी को 28,576 वोटों के अंतर से हराया था। मई 2022 से काठमांडू मेट्रोपॉलिटन सिटी के पूर्व मेयर रहे बालेन, जनवरी 2026 में इस्तीफा देकर राष्ट्रीय राजनीति में आए। काठमांडू के नरदेवी में एक मधेसी परिवार में जन्मे शाह, स्वर्गीय राम नारायण शाह के बेटे हैं, जो एक जाने-माने आयुर्वेदिक चिकित्सक थे।










पटना वीमेन्स कॉलेज में आयोजित ओजस्विनी 2026 कार्यक्रम में अपनी कला का प्रदर्शन करतीं छात्राएं।

# आईसीएल फिनकार्प लिमिटेड ने क्षेत्रीय कार्यालय और शाखाओं का किया शुभारंभ

**पटना (एनएसबी)।** देश की प्रमुख नन-बैंकिंग फाइनेंशियल कंपनी आईसीएल फिनकार्प लिमिटेड ने पटना में अपने वित्तीय सेवाओं का विस्तार करते हुए नए क्षेत्रीय कार्यालय के साथ तीन नई शाखाओं की शुरुआत की।

इस अवसर पर एक विशेष उद्घाटन समारोह का आयोजन ताज सिटी सेंटर में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, गुडविल एंबेसडर, आईसीएल फिनकर्प के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं एलएसीटीसी गुडविल एंबेसडर एडवोकेट के जी अनिल कुमार, पूर्णकालिक निदेशक, उपाध्यक्ष और सीईओ, आईसीएल फिनकार्प उमा अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक डा राजश्री अजीत, एजीएम, संचालन और विकास सतीशन के पी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।



कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, गुडविल एंबेसडर, आईसीएल फिनकर्प के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं एलएसीटीसी गुडविल एंबेसडर एडवोकेट के जी अनिल कुमार, पूर्णकालिक निदेशक, उपाध्यक्ष और सीईओ, आईसीएल फिनकार्प उमा अनिल कुमार, कार्यकारी निदेशक डा राजश्री अजीत, एजीएम, संचालन और विकास सतीशन के पी ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी ने आईसीएल फिनकर्प की टीम को अपनी शुभकामनाएं दी और कहा कि बिहार में नए क्षेत्रीय कार्यालय के साथ नई शाखाओं के खुलने से लोगों को सीधा इसका लाभ मिलेगा।

वहीं आईसीएल फिनकर्प के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक एवं एलएसीटीसी गुडविल एंबेसडर एडवोकेट के जी अनिल कुमार ने कहा कि नया क्षेत्रीय कार्यालय ओल्ड बाईपास रोड, राजेंद्र नगर टर्मिनल के सामने, कंकड़बाग, चित्रगुप्त नगर, पटना में स्थित है जबकि नई शाखाएं राजेंद्र नगर, मैनपुरा और दानापुर में खोली गई हैं। यह विस्तार आईसीएल फिनकार्प की वित्तीय सेवाओं की पहुंच बढ़ाने और ग्राहक-सहभागिता समाधान उपलब्ध कराने की पहुंच को खोलता है।

उन्होंने कहा कि नया क्षेत्रीय कार्यालय बिहार के लिए मुख्य संचालन केंद्र के रूप में कार्य करेगा और पटना की बढ़ती आर्थिक महत्वता को बताएगा। तीन नई शाखाएं क्षेत्र में आईसीएल फिनकार्प की उपस्थिति को और मजबूत बनाएगी, जिससे ग्राहकों को तेजी से और व्यक्तिगत सेवाएं मिल पाएंगी।

पूर्णकालिक निदेशक, उपाध्यक्ष और सीईओ, आईसीएल फिनकार्प उमा अनिल कुमार ने कहा कि एक भरोसेमंद गैर-बैंकिंग वित्तीय कंपनी के रूप में आईसीएल फिनकार्प व्यक्तियों और फर्मो को अपनी व्यापक वित्तीय सेवाओं के माध्यम से सशक्त बनाता है। इनमें गोल्ड लोन केवल 9 प्रतिशत प्रति वर्ष की प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर उपलब्ध हैं।

आईसीएल फिनकार्प ने पिछले 30 वर्षो में एक मजबूत नींव बनाई है और इस दौरान 2000 से अधिक कर्मचारी, 300 नियुक्त और 35 लाख से अधिक ग्राहकों के साथ पूरे भारत में अपनी पहचान बनाई है। आईसीएल फिनकार्प अपने ग्राहकों की संतुष्टि, नैतिक व्यापार रुझानों और दीर्घकालिक विकास के लिए निरंतर समर्पित है। मौके पर आईसीएल फिनकार्प के सभी कर्मचारी सहित अन्य गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति रही।

## खबरें : एक नजर में



पटना पहुंचे लालू प्रसाद।

### राज्यसभा चुनाव में पांचवां प्रत्याशी वापस लेकर नीतीश कुमार को सम्मानित विदाई दें भाजपा : राजेश राठौड़

**पटना(एनएसबी)।** बिहार की सत्ता हड़पने और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को जबरन राज्यसभा भेजने के फरमान के बाद भाजपा के द्वारा क्रूर नीति अपनाकर राज्यसभा चुनाव में अतिरिक्त उम्मीदवारी देना मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के अंतिम राजनीतिक यात्रा में भी अड़ंगा डालना अपने ही गठबंधन सहयोगी के साथ क्रूरतम व्यवहार है। भाजपा को अविलंब अपने अतिरिक्त उम्मीदवार का नाम निर्देशन प्रपत्र वापस लेना चाहिए ताकि नीतीश कुमार की अंतिम राजनीतिक पारी सम्मान के साथ संभव हो सकें। ये बातें बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने तंज कसते हुए कही है।

प्रदेश कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को क्रूर नीति का त्याग कर राज्यसभा के अपने एक अतिरिक्त उम्मीदवार का नाम वापस लें और नीतीश कुमार को निर्विरोध निर्वाचन कराकर उनके अंतिम राजनीतिक यात्रा का सम्मानपूर्वक अंत करने में भागीदार बनें। चूंकि 2005 से मुख्यमंत्री रहते नीतीश कुमार ने अपने पूरे मुख्यमंत्रित्व काल में एक बार छोड़कर, हर बार विधान परिषद और राज्य सभा का निर्वाचन निर्विरोध करवायें और अतिरिक्त मत रहते हुए भी कभी मतदान के पक्ष में नहीं रहें। ऐसे में आखिर भाजपा और एनडीए ने किस उम्मीद से पांचवें प्रत्याशी की घोषणा कर दी और उनसे नामांकन भी करवा दिया। निश्चित तौर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से सत्ता हड़पने के बाद उन्हें अंतिम राजनीतिक पारी में भी बेइज्जत कर कहीं सत्ता से दूर रखने की साजिश तो नहीं रच दी गई है। अविलंब एनडीए के शीर्ष नेताओं को नीतीश कुमार की राज्यसभा उम्मीदवारी को लेकर उलझी इस भ्रम को संयुक्त प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से दूर करना चाहिए कि आखिर संख्याबल नहीं रहने पर क्या नीतीश कुमार को ही पांचवें उम्मीदवार के रूप में भाजपा ने तो नहीं उतार दिया है!

### अनर्गल प्रलाप कर सुर्खियों में रहना चाहते हैं पप्पू यादव : प्रभाकर मिश्र

**पटना (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता प्रभाकर कुमार मिश्र ने सोशल मीडिया एक्स पर पोस्ट पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के बयान पर जोरदार पलटवार किया और कहा कि पप्पू यादव अपने अनर्गल बयानबाजी से लोगों को गुमराह करने की कोशिश कर रहे हैं। पप्पू यादव सियार पर लाठी भांजकर शेर मारने का ढोल पीटनेवाले लोग हैं।

श्री मिश्र ने कहा कि पश्चिम बंगाल में जल्द ही विधानसभा चुनाव होनेवाला है, जिसके बाद भाजपा प्रचंड बहुमत के साथ सरकार बनायेगी। फिर जो लोग पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन की बात रहे हैं और मन में इसकी शंका पालकर बैठे हुए हैं, निश्चित रूप से वे मानसिक रूप से दिवालिया हो चुके हैं।

श्री मिश्र ने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा कि पप्पू यादव की ज्यादा अक्लमंदी उनकी दुश्मन बन गयी है। अपनी अक्लमंदी के भारी बोझ के कारण ही पप्पू यादव आज किसी पार्टी में नहीं हैं। अपनी पार्टी का कांग्रेस में विलय भी कर दिया और कांग्रेस ने टिकट बंटवारे में धोखा दे दिया। राजद ने तो पहले ही उनके लिए अपना दरवाजा बंद कर रखा है। ज्यादा अक्लमंदी दिखानेवाले लोगों का यहीं हश्र होता है।

श्री मिश्र ने कहा कि नया केंद्रशासित प्रदेश बनाने की बात भी पप्पू यादव के मानसिक असंतुलन को दिखाता है। माननीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय जी इस अनर्गल बयान का पहले ही खंडन कर चुके हैं। पप्पू यादव वास्तव में पप्पू हैं, इसलिए ये न कभी बिहार के गंभीर नेता बन सके और न ही इनके बयानों को बिहार की जनता गंभीरता से लेती है।

# राजस्व प्रशासन में किसी भी स्तर पर लापरवाही करने वालों पर होगी सख्त कार्रवाई : उपमुख्यमंत्री

**पटना (एनएसबी)।** उपमुख्यमंत्री सह राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पटना जिले के राजस्व कार्यो की समीक्षा और अंचल कार्यालयों की औचक जांच को लेकर सख्त संदेश देते हुए कहा है कि राजस्व प्रशासन में किसी भी स्तर पर लापरवाही या ढिलाई बिल्कुल भी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने शनिवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर कहा है कि आम जनता से जुड़े दाखिल-खारिज, परिमार्जन, भूमि विवाद और अन्य राजस्व सेवाओं के मामलों का समयबद्ध निष्पादन राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी स्तर पर अनावश्यक देरी या लापरवाही पाई जाती है तो संबंधित पदाधिकारियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। श्री सिन्हा ने कहा कि राजस्व मुख्यालय में पटना जिले के राजस्व कार्यो की सख्त समीक्षा और 26 अधिकारियों की टीम द्वारा कार्यालयों के औचक निरीक्षण का उद्देश्य व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, जवाबदेह और जनोन्मुख बनाना है। निरीक्षण रिपोर्ट के आधार पर जहां सुधार की आवश्यकता होगी, वहां तत्काल आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

उपमुख्यमंत्री ने स्पष्ट कहा कि राजस्व व्यवस्था को दलाल-मुक्त, पारदर्शी और परिणामोन्मुख बनाना सरकार की प्रतिबद्धता है। सभी पदाधिकारियों को यह सुनिश्चित करना होगा कि आम लोगों के कार्य निर्धारित समय सीमा में पूरे हों और उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

### आम जनता से जुड़े किसी भी मामले में उदासीनता बर्दाश्त नहीं : सीके अनिल

**पटना (एनएसबी)।** पुराना सचिवालय स्थित राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के कार्यालय कक्ष में शनिवार को पटना जिले के अपर समाहर्ता, सभी भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचलाधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता विभाग के प्रधान सचिव श्री सी. के. अनिल ने की। इस दौरान राजस्व से संबंधित विभिन्न सेवाओं की प्रगति और लंबित मामलों की स्थिति की सख्ती से समीक्षा की गई। बैठक में परिमार्जन प्लस के लंबित आवेदनों, दाखिल-खारिज और अपील वादों, बिहार भूमि विवाद निवारण अधिनियम, 2009 के तहत लंबित मामलों, लगान की अद्यतन स्थिति, सैरात बंदोबस्ती तथा राजस्व पदाधिकारियों के क्षेत्र में लंबित प्रकरणों के निष्पादन की स्थिति पर विस्तार से चर्चा हुई। प्रधान सचिव श्री अनिल ने स्पष्ट निर्देश दिया कि आम जनता से जुड़े मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही या अनावश्यक देरी बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन सुनिश्चित करने और राजस्व प्रशासन को अधिक प्रभावी एवं संवेदनशील बनाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सभी लंबित मामलों की नियमित मनिटरिंग कर प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को समय पर न्याय और सुविधा मिल सके।



मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात करते भाजपा नेता नंदकिशोर यादव।

## अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस को लेकर फिल्म हक का प्रदर्शन

**पटना (एनएसबी)।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस (8 मार्च) को लेकर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड (कला एवं संस्कृति विभाग, बिहार सरकार) की ओर से शनिवार को फिल्म हक का विशेष प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर बिहार राज्य फिल्म विकास एवं वित्त निगम लिमिटेड की महाप्रबंधक श्रीमती रूबी ने कहा कि महिलाओं को अपने सम्मान और अधिकारों के लिए केवल पुरुषों पर निर्भर रहने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को स्वयं भी एक-दूसरे को सम्मान देना चाहिए तथा एक-दूसरे को आगे बढ़ने के अवसर प्रदान करने चाहिए। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं परस्पर सहयोग और सम्मान की भावना के साथ आगे बढ़ेंगी, तभी वास्तविक रूप से महिला सशक्तिकरण संभव हो सकेगा। उन्होंने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं दीं। अपने संबोधन में संग्रहालय निदेशालय के निदेशक कृष्ण कुमार ने सभी को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समाज में महिलाओं की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी पुरुषों पर भी उतनी ही महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण केवल महिलाओं का विषय नहीं है, बल्कि पूरे समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। अपने व्यक्तिगत अनुभव साझा करते हुए उन्होंने कहा कि यह दिन उनके लिए विशेष महत्व रखता है क्योंकि उनकी दो बेटियां हैं और हमें ऐसा वातावरण बनाना चाहिए जहां बेटियां सुरक्षित और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ सकें।

# अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान पर हुए हमले के खिलाफ ट्रंप व नेतन्याहू का पुतला दहन एवं विश्व शांति के लिए किया गया मार्च

**पटना (एनएसबी)।** अमेरिका- इजरायल द्वारा ईरान पर किए गए हमले के खिलाफ भाकपा पटना जिला परिषद की ओर से अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप एवं इजरायली राष्ट्रपति नेतन्याहू के पुतले के साथ विश्व शांति के लिए मार्च करते हुए एवं ट्रंप और नेतन्याहू का पुतला दहन किया गया।

मार्च भाकपा जिला कार्यालय काजीपुर से निकल ईरान पर हमला क्यों जवाब दो, देशों की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता पर हमला ही सहेंगे, अमेरिकी - इजरायल गठजोड़ मुर्दाबाद, आदि नारे लगाता हुआ नयाटोला, खजांची रोड, मछुआ टोली, लंगरटोली, सब्जीबाग होता हुआ अशोक राजपथ पर जा सभा में तब्दील हो गया एवं उक्त स्थल पर ट्रंप- नेतन्याहू का पुतला दहन किया गया। सभा की अध्यक्षता जिला सचिव मंडल सदस्य देवरत्न प्रसाद ने किया। सभा को संबोधित करते हुए भाकपा पटना जिला प्रभारी का. गजनफर नबाब ने कहा कि इजरायल - अमेरिकी गठजोड़ द्वारा ईरान पर हमला अंतर्राष्ट्रीय कानून का खुला उलंघन है जो आज विश्व शांति के लिए आज बड़ा खतरा बन गया है। भाकपा जिला सचिव विश्वजीत कुमार ने कहा कि यह हमला अमेरिकी साम्राज्यवाद का दादागिरी है जो दुनिया के तमाम देशों को चेतावनी है कि आज किसी भी देश की स्वतंत्रता एवं संप्रभुता सुरक्षित नहीं है। इसके खिलाफ पूरी दुनिया के देशों एवं नागरिकों को आवाज उठानी होगी। शिक्षक रौशन प्रकाश ने कहा कि यह हमला केवल ईरान पर ही नहीं हुआ बल्कि दुनिया के नागरिक के धन पर भी हमला है। युद्ध में बच्चों व निर्दोष नागरिकों की हत्या के साथ पेट्रोलियम पदार्थो के मूल्य में वृद्धि के साथ महंगाई भी बढ़ेगी।




विश्व शांति के लिए मार्च करते हुए रसोई गैस के दाम हुए वृद्धि का भी किया विरोध।

नेताओं ने रसोई गैस के दाम में वृद्धि को कहीं न कहीं युद्ध का ही परिणाम बताया जिसे आम जनता पर हमला करार किया जिसे भाकपा बर्दाश्त नहीं करेगी।

सभा को तंजीम ए इंसाफ के सचिव गुलाम सरवर आजाद, शहर के वरिष्ठ नेता शौकत अली, छात्र नेता सुशील उमाराज, इस्कफ पटना अध्यक्ष अनंत शर्मा, उदयन राय ने भी संबोधित किया।

सभा में उपरोक्त नेताओं के अलावा जिला सचिव मंडल सदस्य प्रमोद नंदन, पटना साहिब अंचल सचिव शंभू शरण प्रसाद, सहायक सचिव केसरी कुमार, खुशबू कुमारी, फैजा हयात, राज कुमार मेहता, मो. शकुर, रवि ठाकुर , मो़ हामिद, मो़ शकील, लड्डू कुमार, दिलीप कुमार, अरविंद कुमार, सुशील कुमार शामिल हुए।

# अभियोजन निदेशालय में महिला सुरक्षा पर पांच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम

**पटना (एनएसबी)।** अभियोजन निदेशालय, बिहार पटना के सभा कक्ष में अभियोजन पदाधिकारियों का महिला सुरक्षा विषय पर 5 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन अभियोजन निदेशालय के स्तर से किया गया।

उक्त कार्यक्रम में अभियोजन निदेशालय, गृह विभाग, बिहार, पटना द्वारा राज्य के विभिन्न जिलों से नामित कुल 25 (पच्चीस) अभियोजन पदाधिकारियों ने भाग लिया।

उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शलिलेश कुमार, पूर्व निदेशक अभियोजन, अभियोजन निदेशालय, रंजीत शंकर प्रसाद, वरीय विधि पदाधिकारी, गृह विभाग, बिहार भुपेन्द्र नारायण सिंह, पूर्व जिला अभियोजन पदाधिकारी, ब्रजेश पाण्डेय, विधि पदाधिकारी, निगरानी अन्वेषण ब्यूरों, पटना उपस्थित थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डा रविकान्त देव, उपनिदेशक, अभियोजन निदेशालय, बिहार द्वारा किया गया। उनके द्वारा उपस्थित सभी अतिथियों एवं प्रतिभागीयों का स्वागत किया गया। श्री देव द्वारा इस पाँच दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा पर विस्तृत रूप से चर्चा करते हुए प्रतिभागियों को अपनी कार्यशैली को सुदृढ़ बनाते हुए महिला के परिपेक्ष में कार्य करने का अनुरोध किया गया ताकि महिलाओं को वर्तमान विधियों के अन्तर्गत त्वरित न्याय प्रदान कराया जा सके।

श्री रंजीत शंकर प्रसाद, वरीय विधि पदाधिकारी, गृह विभाग, बिहार ने प्रतिभागियो को संबोधित किया तथा अपने संबोधन में कहा कि यह सिर्फ प्रशिक्षण नहीं बल्कि महिला सशक्तिकरण का मिशन है, साथ ही 05 दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम के उद्देश्य पर विशिष्ट प्रकाश डाला।

मुख्य अतिथि शलिलेश कुमार, पूर्व निदेशक अभियोजन, अभियोजन निदेशालय, अभियोजन पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि अपने अन्दर ज्ञान, कौशल एवं मनोष्टि को आत्मसात करें एवं पीड़ित पक्षकार (महिला) को त्वरित न्याय प्रदान करने की दिशा में कार्य करें। यह प्रशिक्षण सिर्फ किताबी विधिक ज्ञान हेतु नहीं बल्कि आपको इस प्रकार से संवेदनशील बनाने के लिए है ताकि आप सभी अपने कार्यस्थल पर जा कर धारदार तरीके से पीडिता को न्याय दिला सके। अपने संबोधन में उन्होंने निदेशालय के पदाधिकारियों एवं कर्मियों को इस अवसर पर आमंत्रित किये जाने हेतु धन्यवाद ज्ञापित किया ।

अभियोजन निदेशालय के प्रभारी निदेश धर्मेंद्र कुमार सिंह के स्तर से मंचासीन अतिथियों प्रतिभागियों एवं निदेशालय के सभी पदाधिकारी एवं कर्मियों धन्यवाद ज्ञापित किया।

इस कार्यक्रम में अरविन्द कुमार, सहायक निदेशक, राजेश कुमार, सहायक अभियोजक, श्रीमति सीमा शर्मा, अभियोजन पदाधिकारी, सुश्री रागिनी कुमारी, अभियोजन पदाधिकारी, नेयाज अहमद, अभियोजन पदाधिकारी, रंजय कुमार, प्रशाखा पदाधिकारी, आलोक कुमार, सहायक प्रशाखा पदाधिकारी तथा ईशाद आलम, प्रोग्रामर, एवं अभियोजन निदेशालय के कर्मी उपस्थित थे।

# महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महापौर, उपमहापौर तथा अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी समेत महिलाओं का हुआ सम्मान

**पटना (एनएसबी)।** ज्ञान और विवेक पर आधारित महिलाओं के सशक्ति-करण से समाज पुष्ट और अत्यंत कल्याणकारी बन सकता है। यह सम्यक् शिक्षा से संभव है। महिला-सशक्तिकरण का अर्थ पुरुषों के विरुद्ध किसी शक्ति का खड़ा होना या करना नहीं है। महिला-सशक्ति करण का तात्पर्य एक ऐसे समाज का निर्माण करना है, जिसमें महिलाओं की नैसर्गिक शक्ति का मंगल-दायक समाज के निर्माण में सदुपयोग हो सके। प्रति ने नारी के हृदय को विशाल बनाया है। वह प्रेम और वात्सल्य की महान संपदा है। जननी के रूप में वह सृष्टि की अमूल्य निधि है।

यह बातें शनिवार को विश्व महिला दिवस की पूर्व संध्या पर, सांस्कृतिक-संस्था नयी दिशा परिवार के तवावधान में बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन में आयोजित कर्मयोगी महिला सम्मान-समारोह१ की अध्यक्षता करते हुए, सम्मेलन के अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि आदिकाल में नारी-सत्तात्मक समाज था। स्त्रियों का सम्मान पुरुषों से अधिक था। स्त्रियाँ शिक्षा समेत ज्ञान-विज्ञान और सामाजिक व्यवस्था में अग्रणी थीं। मध्य-काल के काले काल-खण्ड में अशिक्षा के कारण समाज का पराभव हुआ और स्त्रियाँ सम्मान के स्थान पर भोग की वस्तु हो गयीं। नए समाज में महिलाएँ पुनः सशक्त हुई हैं, किंतु उन्हें वह स्थान अभी प्राप्त करना शेष है, जो पुरा-काल में था, जिस काल में स्त्रियाँ पुरुषों के साथ वेद की ऋचाओं का सृजन कर रही थीं।

### साहित्य सम्मेलन में नयी दिशा परिवार ने आयोजित किया सम्मान-सह-सांस्कृतिक समारोह

इस अवसर पर संस्था की ओर से पटना की महापौर सीता साहू, उप महापौर रेशमी चंद्रवंशी, पटना सिटी न्यायालय में अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुपमा त्रिपाठी, डा किरण शरण, रीता रस्तोगी, वार्ड पार्षद पिंकी यादव, वार्ड पार्षद अंजलि राय, वार्ड-पार्षद करुणा राय, कवयित्री डा मीना कुमारी परिहार मान्या, मीरा श्रीवास्तव, अवंतिका सिन्हा, बिंदु किशोरी, वंदना कुमारी, डा संध्या, डा ज्योति प्रकाश, चंद्र पूर्णिमा, संयुक्ता कुमारी, आरती कुमारी, अर्चना कमल तथा नीलम कुमारी को कर्मयोगी महिला सम्मान से अलंत किया गया।

समारोह की विशिष्ट अतिथि मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी अनुपमा त्रिपाठी ने कहा कि स्त्री और पुरुष मिलकर ही सुंदर समाज का निर्माण कर सकते हैं। महिला-सशक्ति करण का अर्थ पुरुष को कमजोर करना तथा उन्हें नीचा दिखाना नहीं है। एक-दूसरे के प्रति आदर की भावना विकसित कर ही हम रहने योग समाज बना सकते हैं।

### एक साल में 50 से अधिक एक्सीडेंटल एवं गंभीर मरीजों की प्रथम हॉस्पिटल में इलाज कर बचाई गई जान

# हॉस्पिटल की पहली वर्षगांठ पर आयुष्मान भारत सेवा योजना का शुभारंभ

नव संदेश ब्यूरो

**बिरौल।** सुपौल बाजार डुमरी रोड स्थित प्रथम हॉस्पिटल मल्टी स्पेशलिटी सेंटर की स्थापना के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर अस्पताल परिसर में भव्य समारोह का आयोजन किया गया। इस अवसर पर आयुष्मान भारत सेवा का विधिवत शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन और केक काटकर किया गया।

समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में समाजसेवी संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी प्रभाकर तिवारी, जदयू के जिला उपाध्यक्ष संजीव झा, मिंटू झा,दरभंगा जिला भाजपा के पूर्वी अध्यक्ष विनय पासवान तथा बिरौल थाना अध्यक्ष चंद्रमणि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर आयुष्मान भारत सेवा का शुभारंभ किया। कार्यक्रम से पूर्व शाम में रमजान के पवित्र महीने को देखते हुए अस्पताल परिसर में इफ्तार का आयोजन भी किया गया। इस इफ्तार कार्यक्रम में अस्पताल के मुस्लिम डॉक्टरों और कर्मचारियों के साथ-साथ सभी समाज के लगभग 200 से अधिक मुस्लिम ने भाग लिया। इस दौरान सभी ने आपसी भाईचारे और सामाजिक सौहार्द का संदेश दिया। अस्पताल के निदेशक डॉ. इरफान अंसारी ने स्वागत भाषण देते हुए कहा कि आज से अस्पताल में आयुष्मान भारत योजना के तहत गरीब एवं जरूरतमंद लोगों का इलाज शुरू किया जायेगा ।जिन लोगों का अभी तक आयुष्मान कार्ड नहीं बना है,वे अस्पताल आकर निःशुल्क अपना कार्ड बनवा सकते



उद्घाटन करते अतिथि एवं अन्य।

हैं और योजना के तहत मुफ्त इलाज का लाभ ले सकते हैं। मुख्य अतिथि संजय कुमार सिंह ने कहा कि केवल एक वर्ष के भीतर इस अस्पताल ने पूरे क्षेत्र को स्वास्थ्य सुविधाओं की नई सौगात दी है।आईसीयू, नीकु, डायलिसिस जैसी आधुनिक सुविधाओं के साथ अब आयुष्मान योजना की सेवा शुरू होने से गरीब और कमजोर वर्ग के लोगों को काफी राहत मिलेगी। अतिथियों ने अस्पताल के संस्थापक डॉ. राजेश झा,तथा निदेशक डॉ. इरफान अंसारी और डॉ. फैजुल हसन के प्रयासों और दूरदर्शी सोच की सराहना की। सुदूर देहाती क्षेत्र में बड़े शहरों जैसी आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराना एक सराहनीय पहल है। सांस्कृतिक कार्यक्रम मिथिला के सुप्रसिद्ध गायक आयुष्मान शेखर और शिवानी झा की टीम ने अपने गीतों से उपस्थित लोगों का भरपूर मनोरंजन किया।

इस अवसर पर अस्पताल के संस्थापक डॉ. राजेश झा ने सभी डॉक्टरों, नर्सिंग स्टाफ, गार्ड,स्वीपर एवं अन्य कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए मोमेंटो देकर सम्मानित किया। उन्होंने बताया कि पिछले एक वर्ष में अस्पताल ने लगभग 50 से अधिक हाई रिस्क एक्सीडेंटल मरीजों का सफल इलाज कर उनकी जान बचाई है और कई परिवारों के घर का चिराग बुझने से बचाया है। अब आयुष्मान कार्ड की सुविधा शुरू होने से गरीब एवं कमजोर वर्ग के लोगों को इलाज में आर्थिक बोझ नहीं उठाना पड़ेगा। कार्यक्रम का मंच संचालन केशव चौधरी ने किया तथा अंत में सभी अतिथियों और आगंतुको के प्रति आभार प्रकट किया गया।

## यूपीएससी में नर्गिस की सफलता संबंधी फर्जी प्रमाण वायरल

**सिंहवाड़ा/दरभंगा (एनएसबी)।** यूपीएससी नर्गिस की सफलता से संबंधित झूठ कागजात सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। सिविल सेवा परीक्षा में 51 रैंक मिलने की जानकारी गलत वायरल हो रही है। सफलता की झूठी जानकारी मिलने से बहुआरा में खुशी की जगह लोग चिंतित है।

पहले यह बताया गया था कि बहुआरा बुजुर्ग निवासी मो साजिद की पुत्री डा नर्गिस परवीन पहले प्रयास में ही 51 वां रैंक लाकर सफलता हासिल की है। इस संबंध में भायरल कागजात की जांच करने पर 51 नंबर में दूसरे अभ्यर्थी का नाम आ रहा है। यूपीएससी के वेबसाइट पर नरगिस का नाम सफलता के लिस्ट में दर्ज नहीं है। जबकि एक वायरस लिस्ट में नरगिस का नाम दर्ज है।

## संक्षिप्त खबरें

### सिंहवाड़ा में एटीएम काटकर रुपए चोरी करने का प्रयास, सीसीटीवी खंगाल रही है पुलिस

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** नगर पंचायत सिंहवाड़ा में स्थित एसबीआई के एटीएम में 6 मार्च की रात एटीएम काटकर चोरी करने का असफल प्रयास किया। लेकिन पुलिस एवं प्रशासन की तत्परता के कारण सफल नही हुआ। एटीएम में रखे लगभग बाईस लाख रूपए बच गए। चोर अपने चेहरे पर बंदर का मास्क एवं हाथ में दास्ताना लगाकर आया था। मौके पर सिंहवाड़ा पुलिस के पहुंचने से पहले ही चोर मौके से भागने लगा लेकिन रात्रि के अंधेरे में चोर भागने में सफल रहा। पुलिस ने उस दिशा में लगे सीसीटीवी को खंघालना शुरू किया है। बताया गया है कि छह मार्च की देर रात तीन बजकर आठ मिनट पर दो चोर मुंह पर बंदर का मास्क एवं हाथ में दस्ताना लगाकर एटीएम कक्ष में घुसे। सबसे पहले एक सीसीटीवी कैमरे पर काला स्प्रे छिड़का और दूसरे कैमरे का तार काट दिया। इसके बाद चोरों ने गैस कटर की मदद से एटीएम मशीन को काटने का प्रयास किया। चोरी के प्रयास के दौरान एटीएम के सुरक्षा तंत्र का अलार्म बज उठा। इसकी सूचना तुरंत एटीएम की सुरक्षा व्यवस्था देखने वाले अधिकारी को मिली। अधिकारी ने मकान मालिक को फोन पर घटना की जानकारी दी।पुलिस को भी सूचित किया गया। सूचना मिलते ही सिंहवाड़ा थानाध्यक्ष बसंत कुमार और विशेष गश्त में तैनात दारोगा कमलेश मिश्रा अपनी टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस को देखते ही चोर भागने लगा। पुलिस ने उनका काफी दूर तक पीछा किया, लेकिन घने अंधेरे का फायदा उठाकर चोर गैस कटर सहित अपने औजारों के साथ भागने में सफल रहे। मौके पर पहुंची एसएफएल की टीम ने मामले की तहकीकात शुरू कर दी है। एटीएम अधिकारियों के अनुसार मशीन में उस समय लगभग 22 लाख रुपये मौजूद थे। ग्राहकों द्वारा कितनी राशि निकाली गई यह जानकारी की जा रही है। एसडीपीओ सदर टू कमतौल एसके सुमन ने बताया कि मामले की तहकीकात के साथ-साथ बदमाशों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है।



सिंहवाड़ा में क्षतिग्रस्त एटीएम मशीन।

**चेहरे पर बंदर का मास्क लगाकर पहुंचा था बदमाश**

**पुलिस ने पीछा किया अंधेरे का लाभ लेकर चोर फरार**

### मुंबई में फिसलने से मजदूर की मौत, घर लौटते समय रास्ते में टूटी सांस

**अलीनगर (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के अन्टौर गांव निवासी स्व. भीखन राम के 38 वर्षीय पुत्र सीताराम राम की मुंबई में दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। बताया जाता है कि शौचालय में पैर फिसलने से उनके सिर में गंभीर चोट लग गई थी। हालत नाजुक होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए बिहार ला रहे थे, लेकिन रास्ते में ही उन्होंने दम तोड़ दिया। जानकारी के अनुसार, सीताराम राम पिछले करीब 16-17 वर्षों से मुंबई के वासीनाका इलाके में बिल्डिंग लाइन में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। कुछ दिन पहले पत्नी की तबीयत खराब होने पर वे 15 जनवरी 2026 को गांव आए थे और इलाज के बाद 27 फरवरी को फिर मजदूरी करने मुंबई लौट गए थे। बताया जाता है कि 4 मार्च को रोज की तरह काम पर जाने से पहले वे शौचालय गए थे, जहां फिसलने से उनके सिर में गंभीर चोट लग गई। साथ में रह रहे भाई व अन्य परिजनों ने उन्हें तुरंत मुंबई के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, लेकिन हालत बिगड़ने पर एंबुलेंस से दरभंगा लाया जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में ही उनकी सांसें थम गईं।मृतक अपने पीछे पत्नी सरस्वती देवी, एक पुत्र और दो पुत्रियों को छोड़ गए हैं। वे तीन भाइयों में सबसे बड़े थे और पूरे परिवार की जिम्मेदारी उन्हीं के कंधों पर थी। घटना की खबर मिलते ही गांव में मातम पसर गया। जब एंबुलेंस से उनका शव गांव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। ग्रामीणों की आंखें भी नम हो उठीं।



गांव में शोकाकुल परिवार।

### उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुचौल में मध्यान्ह भोजन का चावल कालाबाजारी का वीडियो वायरल

**दरभंगा (एनएसबी)।** सदर प्रखंड क्षेत्र के दुलारपुर पंचायत स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय रुचौल में मध्यान भोजन योजना के चावल की कालाबाजारी का वीडिओ वायरल होने का मामला सामने आया है। ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि स्कूल के प्रधानाध्यापक बिंदेश्वर प्रसाद द्वारा चावल की कालाबाजारी की जा रही है, साथ ही छात्राओं के साथ मारपीट और मध्यान भोजन बंद करने का भी आरोप लगाया है । जिसको लेकर दरभंगा जिला अधिकारी को एक लिखित आवेदन देकर जांच की मांग की गई है, वही प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी राजेश कुमार ने बताया कि वायरल वीडियो की जांच की जा रही है और दोषी पाए जाने पर कार्रवाई की जाएगी। हालांकि, प्रधानाध्यापक बिंदेश्वर प्रसाद से संपर्क नहीं हो पाया है।



चावल का बोरा लोडकर बाहर ले जाते लोग।

### अग्निकांड रोकथाम के लिए मॉक ड्रिल और जागरूकता अभियान

**बेनीपुर (एनएसबी)।** अप्रैल-मई में अप्रत्याशित अग्निकांड की घटनाओं को रोकने के लिए अग्निशमन विभाग ने प्रखंड के विभिन्न गांवों में मॉक ड्रिल और जन जागरूकता अभियान तेज कर दिया है। शनिवार को पोहद्दी राम जानकी मंदिर परिसर, महिनाम, सजनपुरा एवं कन्हौली गांव में विभाग के पदाधिकारियों ने ग्रामीणों के बीच जागरूकता फैलाई। अभियान को संबोधित करते हुए अग्निशमन पदाधिकारी अरविंद कुमार ने कहा कि अग्निकांड से बचाव के लिए हमेशा सतर्क रहना चाहिए, लेकिन अप्रैल-मई में प्रचंड धूप और तेज पछुआ हवाओं के कारण खतरा अधिक रहता है। सतर्कता ही एकमात्र उपाय है। उन्होंने प्रमुख सुझाव दिए:मवेशी घरों को जीआई या एस्बेस्टस शीट से बनाएं, जो आग प्रतिरोधी हैं। मवेशियों को जूट की रस्सी से बांधें; घर में पर्याप्त पानी रखें। पशु के खुटे क्षमता के अनुरूप रखें, ताकि आपातकाल में वे भाग सकें।धुआं करने के लिए जमीन में गड्ढा खोदकर आग जलाएं और ज्वलनशील वस्तुओं से दूरी बनाएं।अन्य पदाधिकारियों ने बीड़ी-सिगरेट के टीन यत्रतत्र न फेंकने और अग्निकांड पर डायल 101 या 112 पर तत्काल सूचना देने की अपील की। इस मौके पर मोहम्मद गुरफान आलम, खुशबू कुमारी, जितेंद्र कुमार सहित कर्मी और ग्रामीण उपस्थित थे।

# टेम्पो व बाइक के बीच जोरदार टक्कर, दो की मौत, चार घायल

**बिरौल (एनएसबी)।** अनुमंडल के बड़गांव थाना क्षेत्र अंतर्गत कमला बलान पश्चिमी तटबंध पर शनिवार तड़के एक हृदयविदारक हादसा हो गया। रौता गांव के बगड़ी टोल के समीप एक अनियंत्रित टेंपो और बाइक के बीच हुई आमने-सामने की भीषण टक्कर में दो लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना करीब 3 बजे की बतायी जाती है।

**ननिहाल आया था गुलशन, घूमने के बहाने निकला और हो गया हादसा**

हादसे में बाइक चालक की पहचान सहरसा जिले के पसतबार गांव निवासी रामबहादुर पासवान के 16 वर्षीय पुत्र गुलशन पासवान के रूप में हुई है। मृतक के नाना रामखेलावन पासवान ने बताया कि गुलशन एक दिन पहले ही अपने ननिहाल आया था। उसकी बहन निशा कुमारी ने बताया कि वह 'घूमने जा रहे हैं' कहकर घर से निकला था।



मृतक का फाइल फोटो।

**कमला बलान पश्चिमी तटबंध पर शनिवार तड़के हादसा**

**मजदूरी करने मधुबनी जा रहे थे टेंपो में सवार लोग**

बाइक पर सवार दूसरी युवती, अखतबारा निवासी श्याम पासवान की 16 वर्षीय पुत्री सोचती कुमारी गंभीर रूप से घायल है। वहीं, टेंपो पर सवार सहरसा के वोहरबा गांव निवासी प्रभु मुखिया के पुत्र बिंदुल मुखिया की भी इस दुर्घटना में जान चली गई। मृतक के भतीजे सुधीर मुखिया ने बताया कि उसके चाचा गांव के अन्य मजदूरों के साथ मिट्टी खोदने का काम करने मधुबनी जिले के फुलपरास जा रहे थे, तभी यह हादसा हो गया। टेंपो में सवार तीन अन्य यात्री भी जख्मी हुए हैं। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से सभी घायलों को बिरौल के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहाँ उनकी स्थिति नाजुक बनी हुई है। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर कागजी प्रक्रिया पूरी की और पोस्टमार्टम के लिए डीएमसीएच भेज दिया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## फुलपरास में भीषण सड़क हादसे के बाद इलाजरत महिला की मौत

**दरभंगा (एनएसबी)।** एनएच 27 पर फुलपरास थाना क्षेत्र के परसा चौक पर स्कॉर्पियो और ट्रक के बीच गुरुवार की अलसुबह हुई भीषण टक्कर में गंभीर रूप से जख्मी महिला आरजू उर्फ राजिया की इलाज के दौरान डीएमसीएच में मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को पोस्टमार्टम करा शव उसके परिजनों को सौंप दिया। वह हरियाणा के कुरुक्षेत्र थाना तनीपाली निवासी मोहम्मद की पत्नी थीं।वहीं दूसरी ओर हादसे में गंभीर रूप से कुरुक्षेत्र थाना क्षेत्र के सावला निवासी रवीन उर्फ ऋतिक और अथिरा निवासी अंकुश कुमार भी डीएमसीएच से बीच में ही इलाज छोड़कर शव के साथ हरियाणा रवाना हो गए। उन्होंने बताया कि वहां उनका बेहतर इलाज हो सकेगा। दोनों युवकों ने बताया कि वे लोग स्कॉर्पियो से गुवाहाटी जाने के लिए रवाना हुए थे। सभी दोस्तों ने मिल कर घूमने की ट्रिप बनाई थी। इसी दौरान रास्ते में वे हादसे का शिकार हो गए। उन्होंने बताया कि भीषण हादसे में संजीव, विकास, कपिस और रिंकू की पहले ही मौत हो गई थी। आरजू उर्फ राजिया ने डीएमसीएच में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

**डीएमसीएच में इलाजरत दो जख्मी भी यहां से रवाना हुए**

## राहुल कुमार यूपीएससी में 332 वां रैंक पाई, सुल्तानपुर गांव में जश्न, बधाईयों का तांता

नव संदेश ब्यूरो

**कुशेश्वरस्थान।** प्रखंड अन्तर्गत बेरि पंचायत के सुल्तानपुर गांव में संघ लोक सेवा आयोग यानी यूपीएससी की परीक्षा में राहुल कुमार चौधरी पिता गोविंद चौधरी ने 332 वीं रैंक हासिल कर अपने क्षेत्र का नाम रौशन किया है।

बता दें कि गोविंद चौधरी आर्मी से अवकाश प्राप्त कर गाजियाबाद में रहते है उन्हीं के सानिध्य में शिक्षा दिक्छा हुई। राहुल कुमार ने बताया कि इस सफलता का श्रेय में अपने माता-पिता को देता हूं जिन्होंने मुझे इस लायक बनाया। इस को लेकर उनके पैतृक गांव में जश्न एवं बधाईयों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालों में उप प्रमुख संतोष कुमार यादव, पुर्व मुखिया रामकरण चौधरी, रामसागर चौपाल कृष्ण कुमार चौधरी पंकज झा, लोजपा गणेश पाठक, मनमोहन चौधरी सहित गणमान्य लोग शामिल है।



राहुल कुमार चौधरी।

## समर्पण एवं सक्रियता से ही संगठन और अधिक मजबूत बनता है : पप्पू

**अलीनगर (एनएसबी)।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत घनश्यामपुर पूर्वी मंडल में भारतीय जनता पार्टी द्वारा मंडल स्तरीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विधिवत दीप प्रज्ज्वलन एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित कर की गई।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक के रूप में भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह, गंगा राम सहनी, सुजित चौधरी, सुनील झा, रणधीर सिंह, रामदत्त पासवान एवं अश्विनी सारंगी शामिल रहे। कार्यक्रम का मंच संचालन मंडल अध्यक्ष सुधीर कुमार सिंह ने किया, जबकि अंत में सोनू सिंह द्वारा धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षण सत्र के दौरान जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह ने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की योजनाओं को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करें, ताकि समाज के प्रत्येक वर्ग को इसका लाभ मिल सके। पार्टी के हर अभियान को सफल बनाने में कार्यकताओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है और उनके समर्पण एवं सक्रियता से ही संगठन और अधिक मजबूत बनता है। वहीं बूथ प्रबंधन, मन की बात एवं बूथ स्तरीय संगठन विषय पर रामदत्त पासवान ने बूथ को संगठन की सबसे मजबूत इकाई बताते हुए कार्यकताओं को सक्रिय रहने का आह्वान किया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में बड़ी संख्या में पार्टी के कार्यकर्ता एवं स्थानीय जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे, जिन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाई। मौके पर पंचायत अध्यक्ष मुकेश झा, नवीन मिश्र, महादेव कामती, बिरजू झा, बेलाल अनवर, श्रवण साहू, फूल कुमार यादव, विंदेश्वर यादव आदि दर्जनों कार्यकर्ता मौजूद रहे।



प्रशिक्षक के रूप में भाजपा जिला महामंत्री संजय कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह।

# पहली बार माँ श्यामा महोत्सव का हुआ आयोजन

**दरभंगा (एनएसबी)।** मिथिला की सांस्कृतिक एवं आध्यात्मिक परंपराओं के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से आयोजित माँ श्यामा महोत्सव 2026 का भव्य उद्घाटन दरभंगा राज परिसर स्थित माँ श्यामा मंदिर के पास दीपक प्रज्ज्वलित कर किया गया। उद्घाटन समारोह में माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति के संरक्षक सह दरभंगा के विधायक संजय सरावगी, दरभंगा के जिलाधिकारी कौशल कुमार, माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष डॉ. एस.एम. झा, उपाध्यक्ष कमलाकांत झा एवं प्रो. जयशंकर झा, सह-सचिव प्रो. श्रीपति त्रिपाठी, प्रभारी सह-सचिव मधुबाला सिन्हा, न्यासी सदस्य डॉ. संतोष कुमार पासवान एवं अरुण गिरी, वार्ड पार्षद नवीन सिन्हा एवं मुकेश महासेठ, आयोजन समिति सदस्य उज्ज्वल कुमार, राकेश झा, धर्म कुमार तथा सचिन राम सहित कई गणमान्य व्यक्तियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर महोत्सव का शुभारंभ किये।

इस अवसर पर जिलाधिकारी सह माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति के सचिव कौशल कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि यह अत्यंत हर्ष का विषय है कि पहली बार दरभंगा की पावन धरती पर माँ श्यामा महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। दरभंगा राज परिसर का ऐतिहासिक महत्व अत्यंत विशिष्ट रहा है और माँ श्यामा मंदिर की स्थापना भी तांत्रिक विधि के अनुसार की गई थी। राज परिवार की चिताओं पर स्थापित इस मंदिर की विशेष आध्यात्मिक महिमा है और इसकी ख्याति देश-विदेश तक फैली हुई है। जिलाधिकारी ने कहा कि माँ श्यामा महोत्सव के अंतर्गत कवि गोष्ठी, विद्वत गोष्ठी, चित्रकला कार्यशाला तथा विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से जिला प्रशासन यह संदेश देना चाहता है कि मिथिला की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को वर्तमान समय के अनुरूप संरक्षित और विकसित करने के लिए हम सभी प्रतिबद्ध हैं। इस अवसर पर माँ श्यामा मंदिर, दरभंगा राज परिवार तथा दरभंगा के ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक महत्व पर आधारित एक विशेष डॉक्यूमेंट्री फिल्म का भी प्रदर्शन किया गया। माँ श्यामा पर केंद्रित डॉक्यूमेंट्री फिल्म के निदेशक दीपेश चंद्र तथा प्रस्तावक उज्ज्वल कुमार के प्रयासों की सराहना करते हुए उन्हें धन्यवाद दिया। इस फिल्म में तांत्रिक साहित्य के विद्वान डॉ. मित्रनाथ झा द्वारा महाराजा रमेश्वर सिंह और सर जॉन वुडरफ के आध्यात्मिक संबंधों का भी विस्तार से वर्णन किया गया है। माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति के संरक्षक विधायक संजय सरावगी ने कहा कि माँ श्यामा माई मंदिर मिथिला ही नहीं बल्कि पूरे देश और विदेश के श्रद्धालुओं की आस्था का प्रमुख केंद्र है। यहाँ आने वाले श्रद्धालुओं की मनोकामनाएँ पूर्ण होती हैं। कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा माँ श्यामा महोत्सव के आयोजन को स्वीकृति प्रदान की गई है और अब यह महोत्सव प्रत्येक वर्ष भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो.जयशंकर झा ने माँ श्यामा महोत्सव को सरकार से शीघ्रता से स्वीकृत करवाने का श्रेय न्यास समिति के संरक्षक सह विधायक संजय सरावगी को दिया। इस अवसर पर माँ श्यामा मंदिर न्यास समिति के अध्यक्ष प्रो. एस.एम. झा, न्यास समिति के उपाध्यक्ष प्रो.जयशंकर झा, अपर समाहर्ता (आपदा प्रबंधन) सलीम अख्तर, अपर समाहर्ता राजस्व, मनोज कुमार, उप निदेशक जनसंपर्क सत्येंद्र प्रसाद, नजारत उप समाहर्ता पवन कुमार यादव, जिला कला एवं संस्कृति पदाधिकारी चंदन कुमार सहित कई प्रशासनिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त डॉ. ए.डी.एन. सिंह, डॉ. रमेश झा, विनोद कुमार, डॉ. मित्रनाथ झा, डॉ. अशोक सिंह, डॉ. आर.बी. खेतान, पंडित श्यामा ठाकुर सहित अनेक गणमान्य नागरिक भी समारोह में उपस्थित थे।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी ने किया उद्घाटन**



उद्घाटन करते प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, जिलाधिकारी कौशल कुमार एवं अन्य ।

## संक्षिप्त खबरें

### धर्मपुर बांदे पंचायत के दो विद्यालयों से शैक्षणिक परिभ्रमण पर छात्र व शिक्षक रवाना



**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के दो विद्यालयों से शनिवार को शैक्षणिक परिभ्रमण पर विद्यार्थी व शिक्षक रवाना हुए। इस बाबत मिली जानकारी के अनुसार उच्च माध्यमिक विद्यालय धर्मपुर बांदे एवं उत्क्रमित मध्य विद्यालय छात्र एवं छात्राओं व कई शिक्षको को मुख्यमंत्री बिहार दर्शन योजना अंतर्गत शैक्षणिक परिभ्रमण के लिए दो बसों को धर्मपुर बांदे के पंचायत समिति प्रतिनिधि डॉक्टर मनोहर प्रसाद सिंह ने हरी झंडी दिखाकर पटना चिड़ियाघर, गोलघर आदि के लिए रवाना किया। उन्होंने कहा कि शैक्षणिक परिभ्रमण से विद्यार्थियों के मानसिक, वैचारिक व बौद्धिक विकास होता है। विद्यालयी पाठ्यचर्या से उत्पन्न एकरसता से अलग प्रत्यक्षण से एक तरफ बच्चों में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार होता है, साथ ही नई-नई चीजों के साक्षात दर्शन से उनके ज्ञान में वृद्धि भी होती है। मौके पर अशोक महतो, हेना परवीन, गणेश दास, अविनाश कुमार, मनिंदर कुमार, रूपेश कुमार, जगत रजक, शिवनाथ शर्मा, सुनील कुमार, विकास कुमार, संतोष कुमार, ललिता कुमारी, कंचन कुमारी, रूपम कुमारी सहित दर्जनों शिक्षक एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

### नगर निगम के महिला सफाईकर्मी की मौत, नगर आयुक्त सहित नगर निगम कर्मियों ने दी नम आंखों से विदाई

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** नगर निगम में कार्यरत चतुर्थवर्गीय महिला सफाई कर्मचारी सह काशीपुर वार्ड 32 निवासी स्व० रामबाबू राम की पत्नी संजू देवी (50) की मृत्यु हो गई। गंभीर रूप से बीमार कर्मचारी पांच दिन का छुट्टी लेकर इलाज करा रही थी जहां इलाज के दौरान ही 6 मार्च को देर शाम उनकी मृत्यु हो गई। मृत्यु की खबर फैलते ही शोक की लहर दौड़ गई। मृतक संजु देवी के पार्थिव शरीर को नगर निगम कार्यालय परिसर में अंतिम दर्शनार्थ लाया गया जहां दो मिनट का मौन धारण के बाद शव पर पुष्पांजलि अर्पित कर मृतक के प्रति श्रद्धांजलि व्यक्त किया गया। श्रद्धांजलि देने वाले में प्रमुख नगर निगम के आयुक्त ज्ञान प्रकाश, नगर निगम प्रबंधक रघुनाथ पासवान, स्वच्छता पदाधिकारी विवेक कुमार, स्नेहलता, उच्चवर्गीय लिपिक खलिक अहमद, मनोज कुमार, सफाई निरीक्षक विपिन कुमार, संजित कुमार, निम्नवर्गीय लिपिक रुपेश कुमार सहित अन्य कर्मचारियों तथा बिहार राज्य स्थानीय निकाय कर्मचारी महासंघ शाखा नगर निगम समस्तीपुर अध्यक्ष राजकुमार राम एवं सम्मानित अध्यक्ष जीवछ पासवान, एमटीएस कर्मचारी थे। इस अवसर पर आयोजित श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए नगर आयुक्त ज्ञान प्रकाश ने कहा कि, संजु देवी नगर निगम की एक कर्तव्यनिष्ठ एवं समर्पित कर्मचारी थी। उनके निधन से नगर निगम को अपूर्णीय क्षति हुई है। उन्होंने उनके परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त किया। प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से उक्त जानकारी देते हुए भाकपा माले जिला स्थाई समिति सदस्य सह ऐक्टू नेता सुरेंद्र प्रसाद सिंह ने मृतक के परिजन को उचित मुआवजा समेत सरकारी लाभ देने की मांग की है।



### वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम संपन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** प्रखंड के मध्य विद्यालय बेला पंचरुखी में प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार की अध्यक्षता में समस्तीपुर डाक परिमंडल द्वारा वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि डाक निरीक्षक (पश्चिमी) मृत्युंजय कुमार ने शिक्षकों को वित्तीय प्रबंधन की बारीकियों से अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने उदाहरण सहित डाक जीवन बीमा योजना, पी.एल.ए., आर.पी.एल.आई., एस.एस.ए., पी.पी.एफ.,आर.डी., टर्म डिपॉजिट आदि योजनाओं की विशेषताओं और सरकारी सेवकों को उससे मिलने वाले लाभ से अवगत कराया। मौके पर सहायक शाखा डाकपाल राकेश कुमार, मुकुंद आनंद, डाक अधिदर्शक मनोज कुमार आदि का विद्यालय परिवार की ओर से स्वागत गान के उपरांत पुष्पगुच्छ और स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर अपने संबोधन में प्रधानाध्यापक ने कहा कि, इस तरह वित्तीय साक्षरता कार्यक्रम से शिक्षकों में, बचत और धन के सही जगह पर निवेश करने, की आदतों में बदलाव आएगा। अंत में शिक्षक संजीव कुमार झा, कोमल पाण्डेय, खुशबू राय आदि ने इलायची का पौधारोपण किया।

### आयुष कुमार ने यूपीएससी की परीक्षा में 143 वां रैंक लाकर अपने खानदान का किया नाम रोशन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** ताजपुर कोठिया सर्वरगंज निवासी और ताजपुर बाजार के प्रमुख थोक जेनरल स्टोर मालिक अरुण कुमार चौधरी के सुपुत्र आयुष कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग की मुख्य परीक्षा में 143 वां स्थान हासिल कर सफलता का शानदार परचम लहराया है। बचपन से ही मेधावी आयुष ने एकाग्रचित प्रयासों से इस ऊंचाई को छुआ और कोठिया गांव, ताजपुर प्रखंड तथा समस्तीपुर जिले का नाम रोशन किया। आयुष के माता-पिता ने संघ परिवार से जुड़कर बच्चों को उत्तम संस्कार व शिक्षा प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। अरुण कुमार चौधरी वर्तमान में ताजपुर खंड के माननीय खंड संचालक के दायित्व का निर्वहन कर रहे हैं।इस ऐतिहासिक उपलब्धि पर ताजपुर के प्रसिद्ध समाजसेवी एवं जिला सामाजिक समरसता प्रमुख जितेंद्र कुमार, संघ के विभाग सह-संचालक विश्वनाथ राम, भाजपा युवा नेता अमरेश कुमार, अनिकेत अंशु, एलिट सोसाईटी के सभी सदस्यगण, कोठिया के मुखिया धर्मेंद्र कुमार, बाल कृष्ण साह, रामवरण साह, समाजसेवी दिलीप साह, जदयू प्रखंड अध्यक्ष कुमार समर्पण, राजनरायन साह, ताजपुर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि संतोष चौधरी, विधान पार्षद डॉ तरुण चौधरी, विधायक रणविजय साहू सहित सैकड़ों गणमान्य व्यक्तियों ने आयुष को बधाई दी। अवसर पर मिठाइयां बांटकर खुशी मनाई गई। आयुष की यह सफलता युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत है, जो कठोर परिश्रम और सही मार्गदर्शन से असंभव को संभव बना सकती है।



### यूपीएससी में 28वीं रैंक हासिल कर बिथान की बेटी प्राची ने बढ़ाया जिले का मान

**बिथान (एनएसबी)।** प्रखंड के तेलनी गांव की प्रतिभाशाली बेटी प्राची हनी ने संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) की सिविल सेवा परीक्षा 2025 में देशभर में 28वीं रैंक प्राप्त कर जिले का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से पूरे बिथान प्रखंड समेत समस्तीपुर जिले में खुशी और गर्व का माहौल है। प्राची हनी के पिता रजनीकांत वर्मा मुजफ्फरपुर जिले के बोचहां प्रखंड स्थित उत्क्रमित मध्य विद्यालय खालिकपुर में प्रधानाध्यापक हैं, जबकि उनकी माता चेतना कुमारी तिरहुत एकेडमी, मुजफ्फरपुर में शिक्षिका के रूप में कार्यरत हैं। शिक्षित और प्रेरणादायक पारिवारिक माहौल में पली-बढ़ी प्राची ने शुरू से ही पढ़ाई में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। उन्होंने मैट्रिक की पढ़ाई डीएवी स्कूल, मुजफ्फरपुर से पूरी की तथा इंटरमीडिएट की परीक्षा होली क्रॉस स्कूल, मुजफ्फरपुर से वर्ष 2018 में उत्तीर्ण की। मैट्रिक और इंटर दोनों परीक्षाओं में वे अपने विद्यालय की टॉपर रहीं। इसके बाद उन्होंने दिल्ली विश्वविद्यालय से वर्ष 2021 में भूगोल विषय से स्नातक की पढ़ाई पूरी की, जहां वे गोल्ड मेडलिस्ट भी बनीं। प्राची की इस उपलब्धि के पीछे उनका कठिन परिश्रम, दृढ़ संकल्प और माता-पिता का मार्गदर्शन अहम रहा। अब प्राची हनी आईएएस बनकर देश की सेवा करेंगी। उनकी सफलता पर हसनपुर विधायक राजकुमार राय, पूर्व विधायक सुनील कुमार पुष्पम, इंदु गुप्ता, राजेश कुमार राकेश, रविंद्र कुमार रवि, पैक्स अध्यक्ष जीवछ राय, एमएलसी प्रतिनिधि अरविंद महतो, सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाचार्य जितेंद्र कुमार, भाजपा नेता संजय गुप्ता एवं मारवाड़ी युवा मंच के प्रदीप सिंघी सहित कई लोगों ने बधाई दी है।



# कोरम के अभाव में धराशाई हुआ अविश्वास प्रस्ताव, विद्यापतिनगर प्रमुख व उप प्रमुख की कुर्सी बरकरार

## अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर आयोजित विशेष बैठक में नहीं पहुंचे एक भी पंचायत समिति सदस्य

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी व उप प्रमुख रामलखन साह पर लगाएं गए अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा को लेकर आयोजित विशेष बैठक कोरम के अभाव में खारिज हो गया। प्रखंड मुख्यालय स्थित पंचायत समिति भवन के सभागार में शनिवार को आयोजित बैठक में एक भी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित नहीं हुए। फलतः प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी और उप प्रमुख रामलखन साह की कुर्सी बच गई। अनुमंडलाधिकारी किशन कुमार के पर्यवेक्षण में आयोजित इस विशेष बैठक में जिला प्रशासन की ओर से प्रतिनियुक्त सभी अधिकारी अनुमंडल निर्वाचन पदाधिकारी रवि कुमार, दलसिंहसराय अंचल अधिकारी नेहा कुमारी, प्रभारी बीडीओ राजीव कुमार, प्रभारी सीओ अरुण कुमार शर्मा आदि तय अवधि के बावजूद घंटों बैठे रहे। लेकिन अविश्वास प्रस्ताव लाने वाले पंचायत समिति के



प्रमुख एवं उप प्रमुख।

विरोधी गुट के एक सदस्य भी बैठक में शामिल नहीं हुए।

**प्रमुख पद पर बरकरार रहेंगी कृष्णा देवी, रामलखन बने रहेंगे उप प्रमुख**

प्रखंड प्रमुख व उप प्रमुख के विरुद्ध दिए गए अविश्वास प्रस्ताव के आवेदन पर चर्चा के लिए कार्यपालक पदाधिकारी ने शनिवार को बैठक बुलाई थी। बैठक पंचायत समिति भवन में रखी गई थी। जिसमें प्रमुख के लिए 11 बजे से 12 बजे और उप प्रमुख हेतू 12 से 1 बजे तक का समय निर्धारित किया गया था। लेकिन घंटों इंतजार करने के बाद भी कोई पंचायत समिति सदस्य बैठक में नहीं पहुंचे । इसके बाद अविश्वास प्रस्ताव खारिज कर दिया गया। प्रभारी बीडीओ सह कार्यपालक पदाधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि गत 23 फरवरी को 21 सदस्यीय पंचायत समिति सदस्यों में से 9 सदस्यों ने प्रखंड प्रमुख कृष्णा देवी व उप प्रमुख रामलखन साह पर पंचायत समिति सदस्यों के साथ भेदभाव व अपने कार्यकाल के दौरान बैठक में मनमानी सहित कई गंभीर आरोप लगाया था। इन आरोपों को आधार बनाकर समिति सदस्यों ने अविश्वास प्रस्ताव लाया था। इसी आलोक में आयोजित विशेष बैठक में एक भी पंचायत समिति सदस्य उपस्थित नहीं हुए। कोरम के लिए दो तिहाई सदस्यों की उपस्थिति अनिवार्य होती हैं। बताते हैं कि विरोधी गुट प्रमुख व उप प्रमुख पद पर आसीन होने के लिए दो तीन महीनों से पंचायत समिति सदस्यों की परिक्रमा में जुटे हुए थे। लेकिन पंचायत समिति सदस्यों को संभवतः चर्चा में खास रुचि नहीं थी। इसलिए सभी अनुपस्थित रहे। जिसके कारण कोरम पूरा नहीं हुआ और अविश्वास प्रस्ताव खारिज करना पड़ा। प्रमुख व उप प्रमुख पद पर आसीन होने के लिए विरोधी गुट की सभी योजना धरी की धरी रह गई। इसके साथ ही सभी संभावित कयास विफल हो गए। सुखद बात यह कि बाकी बचे लगभग सात आठ महीनों के कार्यकाल के दौरान उन पर अविश्वास प्रस्ताव नहीं लग सकेगा।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान-2026 : भाजपा समस्तीपुर ग्रामीण मंडल (मध्य) में मंडल से बूथ स्तरीय कार्यकताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान-2026 को लेकर भाजपा समस्तीपुर जिला उत्तरी के समस्तीपुर विधानसभा क्षेत्र के समस्तीपुर ग्रामीण मंडल मध्य का प्रशिक्षण शिविर भाजपा जिला कार्यालय में सम्पन्न हो गया। जिसकी अध्यक्षता जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता एवं संचालन मंडल अध्यक्ष दीपक सत्यार्थी ने किया। इस अवसर पर अलग-अलग बूथ से मंडल स्तर के कार्यकताओं को भारत को 2047 तक विकसित एवं वैभवशाली बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया गया।इस दौरान भाजपा के वरिष्ठ नेता शशिकांत आनंद ने संगठन शक्ति से प्रगति पथ बढ़ने के लिए प्रशिक्षण दिया। वहीं भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रो विजय कुमार शर्मा ने सुरक्षित प्रकृति, पर्यावरण, खेत खलिहान में भारत को श्रेष्ठ बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया। भाजपा जिला महामंत्री सुनील कुमार गुप्ता ने केंद्र सरकार के उपलब्धि और भारतीय सभ्यता संस्कृति के साथ राष्ट्रवाद के विचार को प्रबल बनाने के लिए प्रशिक्षण दिया। इसी क्रम में अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक कृष्ण कुमार ने सेवा और ज्ञान के साथ सामुहिकता, समरसता के बदौलत भारत को 2047 तक वैभवशाली बनाने हेतु प्रशिक्षण दिया तो, भाजपा किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष वीरेंद्र यादव ने बूथ स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने को लेकर कार्यकर्ता को प्रशिक्षण दिया। मौके पर भाजपा नेता जिला मिडिया प्रभारी अमृतांशु कुमार, ललन सिंह पाठक, मंडल अध्यक्ष दीपक सत्यार्थी, अरविंद कुशवाहा, मंडल महामंत्री उमाशंकर यादव, कौशल ठाकुर, राजीव कुमार यादव, पिंकी यादव, राजू पटेल, अनिल दास सहित अन्य लोग मौजूद थे।



मंचासीन भाजपा नेता।

## गर्मी की आहट पाते ही जिला प्रशासन एक्शन मोड में, पेयजल संकट से निपटने की तैयारी के तहत चापकल मरम्मती दल को डीएम ने किया रवाना

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** इस वर्ष की गर्मी में कम से कम पेयजल संकट से लोगों को जूझना नहीं पड़े। गर्मी की आहट पाते ही प्रशासन पेयजल संकट के निवारण की दिशा में एक्शन मोड में आ गया है। इसी क्रम में शनिवार को जिला पदाधिकारी रौशन कुशवाहा ने समाहरणालय परिसर से जिले के 20 प्रखंडों में प्रति प्रखंड पर 01 चापकल मरम्मति दल के चलंत वाहन को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया। इस वाहन के साथ चल रहे कारीगर व मजदूर क्षेत्र में किसी कारण से खराब पड़े सरकारी चापाकल की मरम्मत कर उसे चालू करेंगे। साथ ही, खराब चापाकल की ससमय सूचना मिलते ही या पूर्व से प्राप्त सूचना के आधार पर चापाकल की मरम्मति सुनिश्चित करेंगे। चलंत चापाकल मरम्मति दल द्वारा मरम्मत किये चापाकल का स्थल जाँच एवं निरीक्षण, संबंधित प्रखंड / प्रशाखा के कनीय अभियंता द्वारा किया जाएगा। सार्वजनिक जगहों, स्कूलों, आंगनवाड़ी केन्द्रों, रउ-रळ टोला में चिन्हित जल की अनुपलब्धता वाले क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर चापाकल मरम्मति का कार्य किया जाएगा। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने बताया कि, वित्तीय वर्ष 2025-26 में कुल 2800 चापाकलों के मरम्मति का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। मरम्मति कराये गए चापाकल का प्रमंडल स्तर से दैनिक रूप से अनुश्रवण किये जाने के लिए जिला नियंत्रण कक्ष अधिष्ठापित है। इस दौरान जिलाधिकारी ने लोगों से अनुरोध किया है कि, आवश्यकतानुसार ही पेयजल का उपयोग करें, बेवजह जल की बबार्दी ना करें एवं दूसरे व्यक्ति को पेयजल के सतर्क उपयोग हेतु जागरूक करें। उन्होंने बताया कि, विभाग द्वारा जारी टोल फ्री नं०-18001231121 पर 24 घंटे संपर्क हेतु उपलब्ध रहेगा। इसके अलावे जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष सं०-06274-461837 पर सुबह 10 से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है। पेयजल से संबंधित शिकायत के निवारण हेतु संबंधित सहायक अभियंता एवं कनीय अभियंता से भी सीधे सम्पर्क स्थापित किया जा सकता है।



हरी झंडी दिखा कर रवाना करते डीएम व अन्य।

## ऐतिहासिक होगा राजकीय रामनवमी मेला : एसडीओ

### राजकीय मेले की सफलता को लेकर एसडीओ ने की बैठक, किया मेला क्षेत्र का निरीक्षण

**मोरवा (एनएसबी)।** राजकीय रामनवमी मेला इंद्रवाड़ा इस वर्ष ऐतिहासिक होगा। एसडीओ दिलीप कुमार ने राजकीय रामनवमी मेले की सफलता को लेकर पर्यटक भवन में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए उक्त बातें कही। इस दौरान एसडीओ ने मेला अध्यक्ष रामाश्रय साहनी, मेला सचिव उमेश साहनी, कोषाध्यक्ष लक्ष्मेश्वर सहनी सहित सभी सदस्यों से मेले के आयोजन की व्यवस्था के लिए आवश्यक बातचीत की और उपस्थित अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस क्रम में एसडीओ ने राजकीय मेला क्षेत्र के चारों ओर पार्किंग, डायवर्सन, ड्रॉप गेट, एवं 6 स्थानों पर पुलिस चौकी की व्यवस्था को लेकर विशेष रूप से निर्देश दिया। इसके अलावा पीएचईडी विभाग को मेला क्षेत्र में पर्याप्त जल की व्यवस्था, और बिजली विभाग को समुचित प्रकाश की व्यवस्था सुनिश्चित करने का सख्त निर्देश दिया। इस दौरान उन्होंने मंदिर परिसर में सोलर पैनल लगाने को आवश्यक बताते हुए शीघ्र ही इसकी व्यवस्था करने का आश्वासन दिया। इसके अलावा दो स्थानों पर स्वास्थ्य शिविर लगाने का विशेष रूप से निर्देश दिया। उसके बाद एसडीओ एवं अधिकारियों के द्वारा रायगंज प्रखंड अंतर्गत बाबा केवल महाराज के अखाड़ा घाट मेला का निरीक्षण किया गया। वहां भी एसडीओ ने सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विशेष रूप से निर्देश दिया। मौके पर मेला उमेश सहनी, राजू कुमार सहनी, लक्ष्मेश्वर सहनी, धर्मराज सहनी, बी.डी.ओ. अरुण कुमार निराला, अभियंता विनय कुमार, सी.ओ. आलोक चंद्र रंजन, पी.ओ. रंजीत कुमार, सरायरंजन पी.ओ. संजय कुमार सिंह, दिनेश सहनी सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं सैकड़ो लोग मौजूद थे।



निरीक्षण करते एसडीओ व अन्य।

## मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत प्रखंड मुख्यालय में होल डे मिल्क पार्लर का हुआ शुभारंभ

**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित शुक्रवार को मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत होल डे सुधा मिल्क पार्लर का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर सर्वप्रथम मिथिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड के चेअरमेन उमेश राय, सुधा डेयरी के एमडी आरके झा, प्रखंड विकास पदाधिकारी अरुण कुमार निराला, प्रखंड प्रमुख सान्या नेहा, प्रखंड प्रमुख प्रतिनिधि गौरव कुमार शर्मा बबलू, जिला पार्षद श्वेता यादव, बीपीएम गोपी कृष्ण, संचालक प्रवीण चौधरी, नवीन भरोसे चौधरी आदि ने वैदिक मंत्रोच्चारण के बीचसं युक्त रूप से फीता काट कर एवं नारियल फोड़कर ने सुधा काउंटर का विधिवत उद्घाटन किया। तत्पश्चात उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि, मुख्यमंत्री नीतीश कुमार बिहार के सभी पंचायतों को सुधा मय बनाना चाहते हैं। इस दौरान उन्होंने सेवा भावना से सुधा पार्लर को चलाने का आह्वान किया। वहीं दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता और शुद्धता के लिए मिथिला डेयरी पर सारी जिम्मेवारी छोड़ देने की बात कही और बीडीओ श्री निराला को धन्यवाद दिया।




उद्घाटन के अवसर पर अतिथि व अन्य।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला सम्मान समारोह का हुआ आयोजन

**समस्तीपुर (एनएसबी)।** शहर के जितवारपुर स्थित समस्तीपुर कॉलेज समस्तीपुर के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 2 के तत्वधान में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की पूर्व संध्या पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया ।कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोविज्ञान विभाग की सहायक प्राध्यापक डॉ. प्रतिभा कुमारी एवं नेतृत्व कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शालिनी कुमार भावसिंका ने किया। महिला प्राध्यापकों द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलन एवं छात्राओं द्वारा स्वागत गान के साथ आरम्भ इस समारोह को संबोधित करते हुए प्रधानाचार्य डॉ. शशि भूषण कुमार शशि ने कहा कि महिलाएं हमारे समाज की आधारशिला है। वे केवल परिवार ही नहीं बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। ये एक मां, पत्नी, बहन, बेटी, शिक्षिका आदि विविध रूपों से समाज में रिश्तों को आकार ही नहीं देती बल्कि बल्कि समाज व राष्ट्र केलिए एक सक्षम व आदर्श नागरिक बनाने में भी अहम भूमिका निभाती हैं। इतना ही नहीं, आज महिलाएं हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, और कौशल का परचम लहरा रही हैं। इस अवसर पर कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ शालिनी कुमारी भावसिंका ने कहा की आज के समय में महिलाएं शिक्षा, विज्ञान, खेल, राजनीतिक, कला और प्रशासन जैसे हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को छू रही है, लेकिन हमें याद रखना चाहिए कि समाज में अभी भी कई स्थानों पर महिलाओं को समान अवसर नहीं मिल पाता है। इसलिए हमारा कर्तव्य है कि हम महिलाओं का सम्मान करें उन्हें शिक्षा और आत्मनिर्भरता के लिए प्रेरित करें और उनके अधिकारों की रक्षा करें। इस दौरान स्वयंसेवकों ने कविता, संगीत, पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन की सहायता से विभिन्न प्रस्तुतियाँ दी और हस्त निर्मित कलाकृतियाँ प्रदान कर शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। मंच संचालन निखिल कुमार तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉ. शालिनी भावसिंका ने किया। मौके पर डॉ. महेश कुमार चौधरी, डॉ. रीना कुमारी, डॉ. प्रिया दुबे, डॉ. कुमारी माला यादव, डॉ. चांदनी रानी, डॉ. सरस्वती कुमारी, डॉ. रीना दुबे, डॉ. गायत्री कुमारी, डॉ. मीनाक्षी कुमारी, डॉ. सर्वेश कुमार, योगेंद्र राय, पल्लवी कुमारी, खुशी कुमारी, आरती कुमारी, जागृति कुमारी, निधि कुमारी, आशीष कुमार, पप्पू कुमार, निखिल कुमार, काशिफ, चंदन कुमार, रहमत, जमाल, आदि उपस्थित थे।




कार्यक्रम में शामिल प्राध्यापक व अन्य।

### दो दिवसीय नाम संकीर्तन अष्टयाम महायज्ञ आरम्भ

**मोरवा (एनएसबी)।** प्रखंड स्थित बाजितपुर करनैल पंचायत के लोदीपुर नारायण में शनिवार को नाम संकीर्तन अष्टयाम महायज्ञ भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मां काली मंदिर के प्रांगण मुख्य यजमान नीलोत पाल मृणाल एवं रत्नेश कुमार व ग्रामीणों ने संयुक्त रूप से विद्वान पंडितों की उपस्थिति में संकल्प लिया और वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूरे विधि विधान से पूजा-अर्चना कर महायज्ञ का शुभारंभ किया। इस दो दिवसीय अनुष्ठान से पूरा इलाका भक्ति मय हो गया है। इस दौरान अष्टयाम महायज्ञ के संयोजक विनोद कुमार राय ने बताया कि जय सियाराम जय जय हनुमान, काली दुर्गे राधेश्याम महामंत्र के उच्चारण से ग्रामवासी भक्ति में लीन हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि क्षेत्र के विकास और शांति सद्भाव के लिए यह अष्टयाम महायज्ञ का आयोजन किया गया है। इसी क्रम में 51 कन्याओं का कन्या पूजन व कन्या भोज का भी आयोजन किया गया। मौके पर नीलोत्पल मृणाल, रत्नेश कुमार, बीस सूत्री अध्यक्ष सर्वेन्दु कुमार शरण संतोष कुमार, शिबालक राय, कन्हैया कुमार, विमलेश कुमार, विनोद कुमार सहित दर्जनों ग्राम वासी मौजूद रहे।

# राजस्व संग्रह बढ़ाने को लेकर वाणिज्य कर विभाग की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित


बैठक करते अधिकारी ।

**मधुबनी (एनएसबी)।** मार्च माह में 12 करोड़ रुपये नकद कर संग्रह का लक्ष्य, अधिवक्ताओं व सीए से सहयोग का आग्रह जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निर्देश के आलोक में आज वाणिज्य कर विभाग के अंतर्गत राज्य कर संयुक्त आयुक्त, मधुबनी अंचल,मधुबनी के कार्यालय में अधिवक्ताओं, चार्टर्ड अकाउंटेंट सीए एवं टैक्स असिस्टेंट के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का उद्देश्य चालू वित्तीय वर्ष के अंतिम माह मार्च में अधिक से अधिक नकद कर संग्रह सुनिश्चित करना* *तथा राजस्व प्राप्ति के लक्ष्य को पूरा करने के लिए सभी हितधारकों का सहयोग प्राप्त करना था। बैठक में राज्य कर संयुक्त आयुक्त द्वारा उपस्थित अधिवक्ताओं, सीए एवं टैक्स असिस्टेंट से अपील की गई कि वे अपने-अपने क्षेत्र के करदाताओं को प्रेरित करते हुए अधिक से अधिक नकद में कर भुगतान सुनिश्चित कराएं, ताकि विभाग द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समय पर प्राप्त किया जा सके।बैठक के दौरान यह जानकारी दी गई कि पिछले वर्ष मार्च 2025 में अधिवक्ताओं, सीए एवं टैक्स असिस्टेंट के सहयोग से लगभग 7 करोड़ रुपये नकद कर का भुगतान कराया गया था। इस वर्ष विभाग द्वारा मार्च 2026 के लिए 12 करोड़ रुपये नकद कर संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है, जो कि पिछले वर्ष की तुलना में काफी अधिक है। अधिकारियों ने कहा कि यह लक्ष्य तभी संभव है जब कर प्रशासन से जुड़े सभी पेशेवर—अधिवक्ता, चार्टर्ड अकाउंटेंट एवं टैक्स असिस्टेंट—सक्रिय भूमिका निभाते हुए करदाताओं को समय पर कर भुगतान के लिए जागरूक और प्रेरित करें। यह न केवल राजस्व वृद्धि के लिए आवश्यक है, बल्कि राज्य के विकास कार्यों को गति देने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।बैठक में उपस्थित सभी अधिवक्ताओं, सीए और टैक्स असिस्टेंट ने विभाग के लक्ष्य को प्राप्त करने में पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया तथा अधिक से अधिक करदाताओं को नकद कर भुगतान के लिए प्रेरित करने की सहमति जताई।अंत में अधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि सभी के सामूहिक प्रयास से मार्च 2026 में निर्धारित 12 करोड़ रुपये के नकद कर संग्रह के लक्ष्य को अवश्य प्राप्त किया जाएगा और मधुबनी अंचल राज्य स्तर पर एक उदाहरण प्रस्तुत करेगा। बैठक में वाणिज्य कर विभाग के कई पदाधिकारी एवं कर प्रशासन से जुड़े पेशेवर उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### यूपीएससी क्रेक कर पूर्ववर्ती छात्र प्रणय प्रसून ने दोहराया नवोदय विद्यालय मधुबनी का गौरवशाली इतिहास : प्राचार्य डॉ प्रमोद



**मधुबनी (एनएसबी)।** नवोदय विद्यालय मधुबनी 2009 सत्र के सफल प्रतिभावान छात्र रहें प्रणय प्रसून ने देश के सुप्रतिष्ठि यूपीएससी 2025 की परीक्षा के परचम लहराते हुए 245वाँ स्थान हांसिल किया हैं। यह जानकारी नवोदय विद्यालय रांटी के प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने हर्ष प्रकट करते हुए दी हैं। प्राचार्य डॉ प्रमोद कुमार ने कहा कि आज दिन हम नवोदय परिवार मधुबनी के लिए वाकई गौरव से भरा दिन हैं जो कि यहां के सफल प्रतिभावान छात्र प्रणय प्रसून के पिता अजय कुमार शर्मा भी इसी नवोदय विद्यालय में 1995 से 2017 तक टीजीटी अंग्रेजी के शिक्षक के रूप में कार्यरत रहें हैं। प्रणय प्रसून के इस ऐतिहासिक सफलता पर प्राचार्य ने उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आगामी दौर में प्रणय प्रसून नवोदय विद्यालय परिवार के गौरवमयी इतिहास को फिर एकबार दोहराया हैं। जिसकी परिकल्पना हम नवोदय परिवार एक अच्छे ओर सफल छात्र बनाने के दौरान भी करते रहें हैं। भारतीय लोक सेवा में रहकर अपने कार्यकुशलता से प्रणय सामाजिक क्षेत्र ओर राष्ट्रहित में नजीर पेश करेंगे। प्राचार्य ने कहा कि प्रणय ने यह साबित किया कि लक्ष्य स्पष्ट हो ओर मेहनत युद्ध स्तर पर हो तो ऐसे बड़े से बड़े परिणामों को अपने पक्ष में जरूर किया जा सकता हैं। प्रणय की यह उपलब्धि नई पीढ़ियों के लिए प्रेरणादायक बनी हैं। वहीं विद्यालय के ई सी पी कृष्णकांत ने यू पी एस सी में सफल प्रतिभागी प्रणय प्रसून को बधाई देते हुए कहा कि उनके पिताजी अजय कुमार शर्मा अच्छे विद्वान शिक्षक के साथ ही अनुशासन के प्रखर प्रतीक थे। जो सदैव छात्र छात्राओं को गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा देने को जाने जाते थे।

### छात्र छात्रों का शैक्षणिक परिभ्रमण से ऐतिहासिक व वैज्ञानिक स्थलों से प्राप्त की ज्ञान की नई उड़ान.



**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के मध्य विद्यालय औसी बभनगामा, मध्य विद्यालय लालपुर, मध्य विद्यालय चहुटा कन्या के छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री परिभ्रमण योजना के तहत शनिवार को बीपीआरओ सह बीईओ शेखर कुमार, समाजसेवी अशोक झा, सरपंच मुद्रिका देवी, पूर्व सरपंच संजीव कुमार झा, शिक्षक संघ के जिला उपाध्यक्ष मो नूर आलम, विद्यालय प्रधान राजेश कुमार झा, राजीव कुमार झा,अमरेश ठाकुर, अवरार अहमद ने हरी झंडी दिखाकर बस को रवाना किया. प्रमुख शैक्षणिक एवं ऐतिहासिक स्थलों काभ्रमण कराया. छात्रों ने तारामंडल दरभंगा में खगोल विज्ञान से संबंधित विभिन्न जानकारियाँ प्राप्त कीं.वही सौरमंडल, ग्रह-नक्षत्र एवं अंतरिक्ष की संरचना के बारे में विस्तार से समझा. विद्यार्थियों ने मिथिला विश्वविद्यालय परिसर का भ्रमण कर उच्च शिक्षा के महत्व, विश्वविद्यालय की स्थापना एवं शैक्षणिक गतिविधियों की जानकारी दी. दरभंगा राज की ऐतिहासिक पृष्ठभूमि, इसकी स्थापत्य कला, राजपरिवार की भूमिका तथा क्षेत्र के सामाजिक-सांस्कृतिक विकास में इसके योगदान के बारे में विस्तारपूर्वक समझाया. बच्चों को ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण के महत्व पर भी बल दिया और उन्हें अपने इतिहास पर गर्व करने के लिए प्रेरित किया.भ्रमण दल में फैयाज अहमद, प्रमोद कुमार, ममता कुमारी मंजू कुमारी सहित कई लोग उपस्थित थे.

### पैक्स चुनाव मैं निर्विरोध चुने गए सभी अध्यक्ष.




**बिस्फी (एनएसबी)।** प्रखंड क्षेत्र के चार पंचायत पैक्स एवं प्राथमिक सब्जी उत्पादक सहकारी समिति लिमिटेड के चुनाव के लिए प्रखंड कार्यालय के बीडीओ प्रकोष्ठ में दुसरे दिन नामांकन संपन्न हो गया. दोनों ही चुनाव के लिए 6 एवं 7 मार्च को तिथि निर्धारित की गई थी. समीक्षा आठ एवं 10 मार्च को है. नामांकन वापसी एवं प्रतीक आवंटन की तिथि 11 मार्च निर्धारित किए गए हैं. मतदान की तिथि 18 मार्च है. उसी दिन संध्या के समय मतगणना भी होगी. नामांकन के दूसरे दिन निर्वाचित पदाधिकारी सह बीडीओ वसंत कुमार सिंह, बीपीआरओ शेखर कुमार के समक्ष अध्यक्ष पद के लिए लिए पुरुष 22 जबकि 11 महिला ने नामांकन किया. जिसमें मो अकिल अहमद, अरुण कुमार यादव सहीत कई लोग शामिल है. निर्वाचन कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार1औंसी बभनगामा उत्तर , अध्यक्ष पद मो नोमान, सदस्य रिजवाना तबस्सुम, सरफराज आलम , सादुल्लाहपुर पंचायत अध्यक्ष पद ज्योति देवी, सदस्य सुदामा देवी, सुमित कुमार ठाकुर, खैरी बांका दक्षिण पंचायत अध्यक्ष पद अकिल अहमद, सदस्य जाकिर हुसैन, फैजुल बारी, सींगिया पूर्वी पंचायत अध्यक्ष पद अरुण कुमार यादव, सदस्य रुदल साह, अमीरी सहनी सभी निर्विरोध निर्वाचित हुए. निर्विरोध होने पर सभी अध्यक्ष को पैक्स अध्यक्ष विष्णु देव यादव ने बधाई और शुभकामना दी.इस मौके पर सुधीर कुमार मंडल ,मोहम्मद नौखैज, संतोष कुमार सहित कई लोग उपस्थित थे'

### 21 प्रखंडों के लिए 21 चापाकल मरम्मति दल वाहन हुआ रवाना दो-दो मरम्मति दल भ्रमणशील रहकर चापाकल मरम्मति का कार्य करेंगे



**मधुबनी (एनएसबी)।** गर्मी की आहट के साथ ही जिलाधिकारी आनंद शर्मा के निदेश पर जिले के 21 प्रखंडों के लिए 21 चापाकल मरम्मति दल वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया है। जिला के लोक स्वास्थ्य प्रमण्डल, मधुबनी एवं झंझारपुर अन्तर्गत कुल 21 प्रखंडों के लिए 21 चापाकल मरम्मति दल के साथ सभी मरम्मति दल में चापाकल मिस्त्री एवं खलासी चापाकल मरम्मति के सामग्री के साथ मौजूद है। दोनों प्रमण्डल,मधुबानी, झंझारपुर,अन्तर्गत कुल 46239 अदद चापाकल है, जिसमें अब तक के सर्वे के अनुसार 5690 अदद चापाकल मरम्मति का लक्ष्य है, जिसके मरम्मति हेतु प्रत्येक प्रखंड में दो-दो मरम्मति दल भ्रमणशील रहकर मरम्मति का कार्य करेंगे, ताकि गर्मी के मौसम में कहीं भी पेयजल की समस्या ना हो। चापाकल मरम्मति कार्य से संबंधित कोई भी शिकायत प्रमण्डल अन्तर्गत स्थापित कंट्रोल रूम से किया जा सकता है।लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, झंझारपुर के अंतर्गत झंझारपुर, लखनौर, मधेपुर प्रखंड क्षेत्र में चापाकल मरम्मति कार्य से संबंधित कोई भी शिकायत सहायक अभियंता, के निकट किया जा सकता है!

### विभिन्न शाखाओं के प्रधान लिपिकों , सहायकों आदि की समीक्षा बैठक हुई आयोजित



**मधुबनी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी आनंद शर्मा ने समाहरणालय के विभिन्न शाखाओं के प्रधान लिपिकों , सहायकों आदि के साथ बैठक कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने सभी प्रधान लिपिकों एवं सहायकों को निर्देश दिया कि आगत पंजी,निर्गत पंजी,रोकड़ पंजी,अवकाश पंजी सहित सभी पंजियों को अधतन रखे। जिलधिकारी ने सेवान्त लाभ, विभागीय अनुशासनिक कार्रवाई, सीडब्लूजेसी, एमजेसी, डीसी विपत्र, लोकायुक्त से संबंधित मामले,लोक शिकायत,लोक सभा,विधान सभा प्रश्न आदि की समीक्षा कर कई निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्यालय के मुख्य रोकड़ पंजी के अंतिम पृष्ठ की सत्यापित प्रति पत्येक कार्यालय के प्रधान सहायक द्वारा समीक्षा हेतु बैठक में अचूक रूप से लाना सुनिश्चित करेंगे। उक्त बैठक में स्थापना उप समाहर्त्ता आलोक कुमार सहित सभी कार्यालयों के प्रधान सहायक उपस्थित थे लिए

# नि:शुल्क चिकित्सा शिविर, लगभग 1200 मरीजों का हुआ इलाज


कार्यक्रम में पदाधिकारी ।

**जयनगर (एनएसबी)।** जिले के भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर तैनात 18वीं बटालियन सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) मुख्यालय राजनगर के कमांडेंट दामोदर प्रसाद मीणा के निदेर्शानुसार पंचायत कुकुड़दौड़ा के वाइब्रेंट विलेज अंधरामठ में निःशुल्क मानव चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर 18वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल राजनगर एवं मधुबनी मेडिकल कॉलेज, मधुबनी के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित किया गया। शिविर का उद्देश्य सीमावर्ती एवं ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा जरूरतमंद मरीजों को विशेषज्ञ चिकित्सकों से निःशुल्क उपचार दिलाना था।चिकित्सा शिविर में मधुबनी मेडिकल कॉलेज के विभिन्न विभागों के विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम ने ग्रामीणों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया। इस दौरान हड्डी रोग विशेषज्ञ, आंख एवं गला रोग विशेषज्ञ, शिशु रोग विशेषज्ञ, प्रसूति एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन तथा सर्जन सहित कई अनुभवी डॉक्टरों ने मरीजों की जांच की और उन्हें आवश्यक चिकित्सकीय परामर्श दिया। डॉक्टरों द्वारा ओपीडी के अनुसार मरीजों को निःशुल्क दवाइयों का भी वितरण किया गया।इस चिकित्सा शिविर में सीमावर्ती इलाके के कई गांवों के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। विशेष रूप से वाइब्रेंट विलेज अंधरामठ और भरफोड़ी के साथ-साथ सुब्बाटोल, विक्रमशेर, कुकुरदौड़ा, छातापुर और दुधैला गांवों से बड़ी संख्या में ग्रामीण इलाज कराने पहुंचे। शिविर में लगभग 1200 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण कर उनका उपचार किया गया। इनमें वृद्धजनों, महिलाओं, युवकों, युवतियों तथा बच्चों की संख्या काफी अधिक रही। ग्रामीणों ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्रों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की सुविधाएं अक्सर उपलब्ध नहीं हो पाती हैं। ऐसे में इस प्रकार के निःशुल्क चिकित्सा शिविर उनके लिए काफी लाभदायक साबित होते हैं। शिविर में पहुंचे लोगों ने एसएसबी एवं मेडिकल कॉलेज की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि इससे गरीब और जरूरतमंद लोगों को बड़ी राहत मिली है।कार्यक्रम के दौरान स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने भी सक्रिय रूप से सहयोग किया। पंचायत के मुखिया, जिला परिषद सदस्य तथा अन्य जनप्रतिनिधियों ने शिविर के सफल संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और ग्रामीणों को अधिक से अधिक संख्या में शिविर में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर एसएसबी के द्वितीय कमान अधिकारी ओकरम ओकेंद्रो सिंह, चिकित्सा अधिकारी अर्शदीप शर्मा, निरीक्षक पवन कुमार, सहायक उप निरीक्षक मंगलम झा तथा विजय कुमार सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। इसके अलावा स्थानीय मुखिया बिनोद कुमार साह, जिला परिषद सदस्य लौकही क्षेत्र संख्या-41 के प्रतिनिधि सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने भी शिविर में भाग लेकर सहयोग प्रदान किया।मेडिकल टीम की ओर से डॉ. चुन्नू कुमार यादव, डॉ. उमर अकील सहित कई चिकित्सक और स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे, जिन्होंने मरीजों की जांच, परामर्श और दवा वितरण की व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया।इस दौरान एसएसबी अधिकारियों ने कहा कि सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों की सेवा और सुरक्षा दोनों ही सशस्त्र सीमा बल की प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से समय-समय पर इस प्रकार के सामाजिक एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं, ताकि ग्रामीणों को आवश्यक सुविधाएं मिल सकें। चिकित्सा शिविर के सफल आयोजन से क्षेत्र के ग्रामीणों में काफी खुशी देखी गई और लोगों ने भविष्य में भी ऐसे शिविर आयोजित करने की मांग की।

## आयुर्विद्या कार्यक्रम के तहत बच्चों को योग, स्वास्थ्य एवं पर्यावरण संरक्षण का दिया गया संदेश



कार्यक्रम में उपस्थित।

**मधुबनी (एनएसबी)।** राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत आयोजित आयुर्विद्या कार्यक्रम के अंतिम दिन आज राजनगर प्रखंड के मध्य विद्यालय, भगवानपुर तथा ग्रेट ओक एकेडमी, विद्यानगर (भगवानपुर), राजनगर में कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में स्वस्थ जीवनशैली, योग के महत्व तथा पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान दोनों विद्यालयों में विद्यार्थियों के लिए योगाभ्यास सत्र, वृक्षारोपण तथा स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। मध्य विद्यालय, भगवानपुर में लगभग 200 विद्यार्थियों तथा ग्रेट ओक एकेडमी में करीब 150 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रम में जिला देशी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रेमलता के नेतृत्व में आयुष चिकित्सकों की टीम ने विद्यार्थियों को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया। इस अवसर पर डॉ. मनोज कुमार, डॉ. दीपक कुमार तथा डॉ. अंबिका कुमारी ने बच्चों को योग, संतुलित आहार और नियमित दिनचर्या के महत्व की जानकारी देते हुए बताया कि इन आदतों को अपनाकर कई बीमारियों से बचा जा सकता है और स्वस्थ जीवन जिया जा सकता है। योगाभ्यास सत्र के दौरान सुकृति नंदा, आराधना कुमारी, मनीषा ठाकुर तथा इना कुमारी द्वारा विद्यार्थियों को विभिन्न योगासन एवं प्राणायाम का अभ्यास कराया गया। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ योगाभ्यास में भाग लिया और इसे अपने दैनिक जीवन में अपनाने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम का संचालन डॉ. मोहम्मद रमीज द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिवार की ओर से प्रधानाचार्य राकेश कुमार, नितिन ठाकुर, मोहम्मद फखरुद्दीन, चंदन ठाकुर सहित अन्य शिक्षकों को पर्यावरण संरक्षण के संदेश के रूप में पौधे भी प्रदान किए गए।कार्यक्रम के अंत में विद्यार्थियों को बताया गया कि योग, संतुलित आहार, स्वच्छता और प्रकृति के संरक्षण से ही स्वस्थ और समृद्ध समाज का निर्माण संभव है। बच्चों एवं शिक्षकों ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया।

### नव नियुक्त प्रखंड आत्मा अध्यक्ष राजदेव पासवान की अध्यक्षता में हुई बैठक



**खजौली (एनएसबी)।** कृषि कार्यालय परिसर में शनिवार को किसान सलाहकार समिति बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता नव नियुक्त प्रखंड आत्मा अध्यक्ष राजदेव पासवान ने की, जबकि संचालन बीटीएम अवधेश शर्मा ने किया। बैठक के दौरान नवनियुक्त सदस्यों को पाग, दोपट्टा और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सांसद प्रतिनिधि शत्रुघ्न राउत ने अपने संबोधन में किसानों के हित में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं की जानकारी दी। वहीं विधायक प्रतिनिधि शंभूनाथ ठाकुर ने भी बैठक को संबोधित करते हुए कृषि विकास और किसानों की समस्याओं के समाधान पर जोर दिया।मौके पर प्रखंड तकनीकी सहायक रोजी कुमारी, सुनीता कुमारी, सुमित कुमार सिंह, अमरेश जायसवाल, किसान सलाहकार केडी सिंह, पैक्स अध्यक्ष नवीन कुमार सिंह, पवन सिंह, सरपंच बेबी कुमारी, शिव कुमार, धोरण दास, चंद्र मोहन सिंह, जीवू पासवान सहित कई अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# किसान सलाहकार समिति की बैठक आयोजित


बैठक करते ।

**जयनगर (एनएसबी)।** प्रखंड अंतर्गत कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंध अभिकरण (आत्मा) द्वारा प्रखंड किसान सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया। यह बैठक परियोजना निदेशक, आत्मा, मधुबनी के निदेर्शानुसार तथा कृषि विभाग, बिहार सरकार से प्राप्त दिशा-निदेर्शों के आलोक में आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य प्रखंड स्तर पर किसानों के विकास के लिए समिति के कार्यों को प्रभावी बनाना तथा सदस्यों को उनके दायित्वों से अवगत कराना था।

बैठक में प्रखंड किसान सलाहकार समिति के सदस्यों को आपसी समन्वय के साथ समिति के वित्तीय प्रबंधन, नियमित बैठक की प्रक्रिया तथा उनके कार्यों और जिम्मेदारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। साथ ही यह बताया गया कि यह समिति किसानों के उत्थान के लिए गठित की गई है, जिसके माध्यम से कृषि के साथ-साथ पशुपालन, मत्स्यपालन तथा उद्यानिकी फसलों की खेती करने वाले किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ दिलाया जाएगा।इस अवसर पर प्रखंड तकनीकी प्रबंधक-सह-सदस्य सचिव शिव कुमार सिंह ने कहा कि आत्मा के द्वारा आयोजित प्रशिक्षण, परिभ्रमण, किसान पाठशाला एवं किसान गोष्ठी जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से किसानों को तकनीकी रूप से सशक्त बनाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि आधुनिक तकनीक और नई कृषि पद्धतियों को अपनाकर किसान अपनी आय में उल्लेखनीय वृद्धि कर सकते हैं।उन्होंने किसानों को प्राकृतिक खेती अपनाने के साथ-साथ नए एवं लाभकारी पौधों की खेती करने के लिए भी प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि कोका, सुपारी, काला मिर्च, नारियल तथा अगरवुड जैसे पौधों की खेती भविष्य में किसानों के लिए लाभदायक साबित हो सकती है, क्योंकि आने वाले समय में इनके उत्पाद और लकड़ी की बाजार में मांग बढ़ने की संभावना है।बैठक में उपस्थित किसान सुरेश प्रसाद और रामनाथ पासवान ने मत्स्यपालन करने वाले किसानों को सरकार द्वारा मिलने वाली सहायता योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने किसानों से आग्रह किया कि जो किसान आत्मा द्वारा आयोजित प्रशिक्षण, परिभ्रमण एवं अन्य कार्यक्रमों में भाग लेते हैं, वे अपने प्रखंड के कम से कम दस किसानों तक उस तकनीकी जानकारी को साझा करें, ताकि अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिल सके।बैठक में किसानों को संगठित होकर किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) बनाने पर भी जोर दिया गया, जिससे मूल्य संवर्धन, भंडारण और विपणन की दिशा में सामूहिक रूप से काम किया जा सके और किसानों की आर्थिक स्थिति मजबूत हो।इस अवसर पर प्रखंड किसान सलाहकार समिति जयनगर के अध्यक्ष सुनील मेहरा, सदस्य विष्णु देव यादव, दिनेश कुमार कामत, जागेश्वर यादव, राम कुमार सिंह, रामनाथ पासवान, नागेश्वर सिंह, विष्णु देव प्रसाद सिंह, देवचंद्र मंडल सहित कृषि विभाग के सभी कर्मी उपस्थित रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### कांटी अस्पताल पहुंचे स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय अपर निदेशक, वर्तमान प्रभारी हटाए गए तथा अस्पताल परिसर हुआ अतिक्रमण मुक्त



**कांटी(एनएसबी)।** कांटी सरकारी अस्पताल में खामियों के लेकर क्षेत्रीय विधायक अजीत कुमार द्वारा की गई शिकायत के मद्देनजर स्वास्थ्य विभाग के क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ अजय कुमार शनिवार को कांटी अस्पताल पहुंचे। इस दौरान उन्होंने पूरे अस्पताल की स्थिति का जायजा लिया। साथ ही अस्पताल के संबंधित फाइलों का अवलोकन किया। वही क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ अजय कुमार के आदेश पर सिविल सर्जन डॉक्टर सुधीर कुमार ने कांटी पीएचसी के वर्तमान प्रभारी डॉ निर्भय कुमार सिंह को हटाकर डॉ सुमित संस्कार को पीएचसी प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी। उधर, कांटी बीडीओ द्वारा अस्पताल परिसर में अतिक्रमण करने वालों को अतिक्रमण हटाने की दी गई सख्त चेतावनी के बाद अतिक्रमणकारियों ने अस्पताल परिसर के अतिक्रमित स्थानों को खाली कर दिया। ज्ञात हो कि क्षेत्रीय विधायक द्वारा पिछले दिनों कांटी अस्पताल का निरीक्षण किए जाने के दौरान अस्पताल में कई खामियां पाई गई थी। इसे देखकर विफरे विधायक ने संबंधित पदाधिकारियों को अस्पताल की व्यवस्था सुधारने की चेतावनी दी थी। इसके पश्चात विधायक की शिकायत पर बीते शुक्रवार को सिविल सर्जन डॉक्टर सुधीर कुमार ने कांटी सरकारी अस्पताल का निरीक्षण किया था। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर शनिवार को क्षेत्रीय अपर निदेशक डॉ अजय कुमार ने कांटी अस्पताल पहुंचकर स्थिति का जायजा लेते हुए अस्पताल प्रभारी को बदल दिया।

### सदर अस्पताल में स्वास्थ्य मेला का हुआ आयोजन, परिवार नियोजन के प्रति किया गया जागरूक



**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत चल रहे मिशन परिवार विकास पखवाड़ा के सफल संचालन के लिए सदर अस्पताल परिसर में शनिवार को स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया। मेला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने फीता काटकर किया। स्वास्थ्य मेला में परिवार नियोजन से संबंधित विभिन्न साधनों का अलग-अलग स्टॉल लगाकर लाभार्थियों में इच्छानुसार उपयुक्त परिवार नियोजन सामग्री का वितरण भी किया गया। मेले में उपस्थित सदर अस्पताल के काउंसलर एवं नर्सिंग स्टूडेंट ने लाभार्थियों को परिवार नियोजन के विभिन्न साधनों की जानकारी दी। साथ हीं उन्हें पुरूष नसबंदी, महिला बंध्याकरण एवं इंप्लांट के बारे में परामर्श दिया। इस दौरान पुरुष नसबंदी एवं महिला बंध्याकरण करवाने के लिए इच्छुक लाभार्थियों का लाइन लिस्ट तैयार किया गया। वहीं मिशन परिवार विकास अभियान के सफल संचालन एवं जन जागरूकता के लिए सिविल सर्जन के द्वारा हरा झंडी दिखाकर रैली का शुभारंभ किया गया। इसमें सहयोगी संस्थान पीएसआई इंडिया का सहयोग रहा। सिविल सर्जन ने पखवाड़ा को सफल बनाने के लिए सभी योग्य पुरुषों लाभार्थियों को भाग लेने की अपील की। मौके पर जिला कार्यक्रम प्रबंधन, डीएएम, डीडीए, पीएसआई इंडिया एवं पिरामल के प्रतिनिधि, काउंसलर, आशा एवं नर्सिंग छात्राएं मौजूद थी।

### कुढ़नी के धरमुहां स्कूल में 50 हजार रुपये की हेराफेरी व बच्चों की फर्जी हाजिरी बनाकर राशि गबन का आरोप

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** कुढ़नी प्रखंड के मध्य विद्यालय धरमुहां में फर्जी हाजिरी और विकास मद से 50 हजार रुपये के गबन का मामला सामने आया है। वार्ड संख्या 03 के सदस्य प्रतिनिधि रामजगेश राय ने इस मामले को उजागर करते हुए कुढ़नी बीईओ से गबन की जांच की मांग की है। बीईओ को दिए गए अपने आवेदन मे रामजगेश राय ने आरोप लगाया है कि विद्यालय में वास्तविक उपस्थिति से अधिक बच्चों की हाजिरी दर्ज कर सरकारी योजनाओं की राशि निकाली जा रही है। इसके अतिरिक्त, उन्होंने विद्यालय के विकास मद के लगभग 50 हजार रुपये के गबन का भी आरोप लगाया है। वार्ड सदस्य श्री राय ने कहा है कि यदि मामले की निष्पक्ष जांच कराई जाती है, तो कई अनियमितताएं सामने आ सकती हैं। उन्होंने संबंधित अधिकारियों से पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने कि मांग की है। वहीं विद्यालय के प्रधानाध्यापक मुकेश कुमार सक्सेना ने इन आरोपों को बेबुनियाद बताया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि विद्यालय में वायरिंग और मरम्मत सहित अन्य कार्य जारी हैं। प्रभारी प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी गिरधारी लाल ने इस संबंध में बताया कि उन्हें आवेदन प्राप्त हुआ है और इसकी जांच कराई जाएगी।

### एसकेएमसीएच थाना का नगर पुलिस अधीक्षक ने किया औचक निरीक्षण, व्यवस्थाओं की ली जानकारी

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सिटी एसपी मोहिबुल्लाह अंसारी ने एसकेएमसीएच थाना का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की व्यवस्था, अभिलेखों के संधारण तथा विधि-व्यवस्था से जुड़े विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की। इस दौरान सिटी एसपी ने थाने में रखे रजिस्टर, केस रिकॉर्ड और अन्य प्रशासनिक कार्यों का जायजा लिया तथा पुलिस पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने थाना परिसर की साफ-सफाई और कार्यप्रणाली को लेकर भी जानकारी प्राप्त की। साथ ही उन्होंने निमार्णाधीन नए थाना भवन के कार्यों की प्रगति का भी अवलोकन किया तथा संबंधित पदाधिकारियों को निर्माण कार्य की गुणवत्ता बनाए रखने और समयबद्ध तरीके से कार्य पूरा कराने का निर्देश दिया।

### क्षेत्रीय विधायक की पहल पर रक्सा शिवसागर धाम में लगा विकास शिविर, उमड़ी फरियादियों की भीड़

**कांटी(एनएसबी)।** कांटी विधानसभा क्षेत्र के मड़वन प्रखंड के रक्सा शिवसागर धाम परिसर में शनिवार को विकास शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या में ग्रामीण अपनी समस्याओं को लेकर पहुंचे। शिविर का उद्घाटन विधायक सह पूर्व मंत्री ई अजीत कुमार ने किया। इस दौरान विभिन्न विभागों के अधिकारी और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी मौजूद रहे। शिविर में लोगों की कई समस्याओं को सुनकर विधायक अजीत कुमार द्वारा मौके पर ही समाधान कराया गया। जबकि कुछ समस्याओं के समाधान के लिए एक सप्ताह के भीतर कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। शिविर में नल-जल योजना, बिजली, प्रधानमंत्री आवास योजना, श्रम विभाग से जुड़ी समस्याएं, दलित बस्ती की मूलभूत सुविधाएं, आंगनबाड़ी केंद्रों की व्यवस्था, सड़क निर्माण तथा शिवसागर धाम के पास पुल निर्माण की मांग प्रमुख रूप से उठाई गई। इसके अलावा स्थानीय किसानों ने मरुआ फसल की बुआई से संबंधित समस्याओं को भी अधिकारियों के समक्ष रखा। वही विधायक अजीत कुमार ने कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को सख्त निर्देश देते हुए कहा कि भ्रष्टाचार किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा और सभी अधिकारी पूरी ईमानदारी व पारदर्शिता के साथ कार्य करें। साथ हीं विधायक ने ग्रामीणों को आश्वस्त करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में गरीबों और वंचितों को प्राथमिकता दी जाएगी। इस दौरान आंगनबाड़ी केंद्र की ओर से आयोजित गोद भराई रस्म भी विधायक के हाथों संपन्न कराई गई। मौके पर बीडीओ बिनय कुमार, सीडीपीओ अंशु बाला, एमओ विवेक आनंद, कृषि समन्वयक संतोष सिंह, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि इंदल साह, शक्ति सुमन, सुशील कुमार उर्फ भोला, राजेश कुमार, राजेश सहनी, अनिल पटेल, टुनटुन सहनी, कुमोद श्रीवास्तव, सहित कई अधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।



# रिश्वत लेने तथा डेढ़ किलो सोना जब्ती में हेराफेरी करने के मामले में सब-इंस्पेक्टर सेवा से बर्खास्त

**निगरानी व विभागीय जांच में आरोपी सब इंस्पेक्टर पर लगे आरोप सत्यापित होने पर की गई कार्रवाई**



बर्खास्त सब इंस्पेक्टर सुमनजी झा की फोटो। (क्लोज)

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** वर्तमान में वैशाली जिले में पदस्थापित सब-इंस्पेक्टर सुमनजी झा को रिश्वत लेने और 1.5 किलो सोने की जब्ती में हेराफेरी करने के आरोप में शनिवार को उन्हें सेवा से बर्खास्त कर दिया गया। विभाग ने भ्रष्टाचार के प्रति 'जीरो टॉलरेंस' की नीति अपनाते हुए वैशाली जिले में तैनात सब इंस्पेक्टर सुमनजी झा को सेवा से बर्खास्त करते हुए 7 मार्च 2026 से प्रभावी आदेश के साथ ही स्पष्ट संदेश दिया है कि अनुशासनहीनता और भ्रष्टाचार में संलिप्त अधिकारियों के लिए खाकी में कोई जगह नहीं है। ज्ञात हो कि जब सुमनजी झा शिवाईपट्टी थाना में पदस्थापित थे, तब क्षेत्र के पवन कुमार नामक व्यक्ति ने निगरानी में उनके खिलाफ रिश्वत मांगने की शिकायत दर्ज कराई थी। निगरानी जांच में आरोप सही पाए जाने के बाद 4 सितंबर 2024 को निगरानी की टीम ने जाल बिछाकर सिवाईपट्टी थाना क्षेत्र के बनघारा बाजार के पास सुमनजी झा को 11 हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया था। इस मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत विभागीय टीम ने निगरानी थाना में कांड संख्या 08/24 के तहत प्राथमिकी दर्ज की थी। इस रिश्वत कांड के बाद विभागीय जांच के दौरान सुमनजी झा पर आरोप लगा कि लालगंज थाना क्षेत्र में छापेमारी के दौरान बरामद किए गए लगभग 1.5 किलोग्राम सोने और अन्य कीमती सामग्री व नकदी को उन्होंने आधिकारिक जब्ती सूची में सही तरीके से नहीं दशार्या था। आधिकारिक जब्ती सूची में की गई हेराफेरी को लेकर 5 जनवरी 2026 को लालगंज थाने में भारतीय न्याय संहिता और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धाराओं के तहत सब इंस्पेक्टर सुमनजी झा के खिलाफ एक और प्राथमिकी दर्ज की गई। रिश्वत मामले में मुजफ्फरपुर के एसडीपीओ (पूर्वी-2) मनोज कुमार सिंह को संचालन अधिकारी नियुक्त किया गया था। गहन विभागीय कार्यवाही (संख्या 39/24) के बाद संचालन अधिकारी ने अपनी रिपोर्ट में सुमनजी झा को भ्रष्टाचार का दोषी पाया। सोने की हेराफेरी के मामले में भी उनके विरुद्ध अलग से विभागीय कार्यवाही (10/26) शुरू की गई है। विभाग ने माना कि ऐसे कृत्यों से न केवल पुलिस की छवि धूमिल होती है, बल्कि आम जनता का विश्वास भी टूटता है। जांच प्राधिकार के मंतव्य और साक्ष्यों की गहन समीक्षा के बाद मुजफ्फरपुर जोन के डीआईजी चंदन कुशवाहा ने सुमनजी झा को पुलिस सेवा के अयोग्य मानते हुए बर्खास्तगी का कड़ा निर्णय लिया। साथ ही डीआईजी की स्वीकृति के बाद शनिवार 7 मार्च को बिहार पुलिस विभाग ने सब इंस्पेक्टर सुमनजी झा को पुलिस सेवा से बर्खास्त कर दिया है।

## कपरपुरा रेलवे गुमटी बंद किए जाने के विरोध में क्षेत्र के ग्रामीणों ने कलेक्ट्रेट में किया धरना प्रदर्शन

**जिलाधिकारी को मांगपत्र देने के साथ ही गुमटी नहीं खुलने पर दी आंदोलन की चेतावनी**



समाहरणालय गेट का घेराव कर प्रदर्शन करते कांटी क्षेत्र के ग्रामीण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पुराना साहेबगंज सड़क बचाओ संघर्ष मोर्चा के बैनर तले शनिवार को सैकड़ों ग्रामीणों ने कपरपुरा रेलवे गुमटी संख्या-107 को रेलवे प्रशासन द्वारा अचानक बंद कर दिए जाने के विरोध में कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार का घेराव कर रोषपूर्ण प्रदर्शन किया तथा दिनभर धरना दिया। धरना प्रदर्शन के पश्चात ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपकर सड़क को तत्काल सुचारू करने की मांग की। संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों कृपा शंकर शाही, सुदर्शन मिश्रा, चुलबुल शाही आदि ने बताया कि रेलवे प्रशासन ने मध्य रात्रि में बिना किसी पूर्व सूचना के गुमटी संख्या-107 को सील कर दिया। इस अचानक हुई कार्रवाई से सैकड़ों गांवों का शहर से संपर्क टूट गया है। ग्रामीणों में इस बात को लेकर आक्रोश है कि बिना किसी वैकल्पिक मार्ग की व्यवस्था किए इतनी महत्वपूर्ण सड़क को बंद कर दिया गया। वहीं ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि मार्ग बंद होने से स्कूली बच्चों, मरीजों और किसानों को गंभीर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय, अस्पताल, न्यायालय और कृषि मंडियों तक पहुंचने के लिए अब कोई सुगम रास्ता नहीं बचा है। आपातकालीन सेवाओं जैसे एम्बुलेंस और फायर ब्रिगेड के क्षेत्र में जल्दी पहुंचने का कोई वैकल्पिक मार्ग नहीं होने से जनहानि का खतरा भी बढ़ गया है। संघर्ष मोर्चा के प्रतिनिधियों ने प्रशासन के सामने अपनी प्रमुख मांगें रखते हुए कपरपुरा रेलवे गुमटी संख्या-107 को जनहित में तत्काल खोलने की मांग की। साथ ही कहा कि जबतक कोई ठोस वैकल्पिक मार्ग या ओवरब्रिज तैयार नहीं हो जाता, तबतक आवागमन को बाधित न किया जाए। ग्रामीणों ने रेलवे और जिला प्रशासन से तकनीकी निरीक्षण में तेजी लाने का आग्रह किया औऱ इस कार्य मे प्रशासन को पूर्ण सहयोग देने की बात कही। धरनास्थल पर मौजूद वक्ताओं ने कहा कि यह सड़क इलाके की जीवनरेखा है। इसे बंद करना हजारों लोगों के मौलिक अधिकारों का हनन है। साथ हीं ग्रामीणों ने चेतावनी दी कि यदि जल्द ही गुमटी खोलकर आवागमन बहाल नहीं किया गया तो संघर्ष मोर्चा आने वाले दिनों में आंदोलन औऱ तेज करने को बाध्य होगा। इस दौरान मोर्चा के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से मुलाकात कर उन्हें स्थिति की गंभीरता से अवगत कराया। वहीं जिलाधिकारी ने इस मामले में उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया है। मौके पर कांटी प्रखंड प्रमुख कृपाशंकर शाही, चुलबुल शाही, महेश चौधरी, विनोद गुप्ता सुदर्शन मिश्रा, रामजी सहनी, शिवम कुमार, जनार्दन ठाकुर, विपिन बिहारी सहित बड़ी संख्या में क्षेत्र के लोग शामिल थे।

## 12 मार्च को मुजफ्फरपुर में पहली बार आयोजित हो रहे राष्ट्रीय नवगीत उत्सव की तैयारी अंतिम चरण में

**देशभर से 35 नवगीतकारों का लगेगा जमावड़ा**



कार्यक्रम की तैयारी की जानकारी देते आयोजक मंडल के लोग।

**मुजफ्फरपुर(एनएस बी)।** ललित नारायण तिरहुत कॉलेज में नवगीत कुटुंब और कॉलेज हिंदी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 12 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय नवगीत उत्सव की तैयारी अंतिम चरण में है। इस कार्यक्रम में देश के 35 नामचीन नवगीतकारो के आने की स्वीकृति मिल गई है। तीन सत्रों में आयोजित इस समारोह में सम्मान, पुस्तक लोकार्पण, नवगीत उद्भव और विकास विषय पर राष्ट्रीय संगोष्ठी, नवगीत पर चर्चा और विमर्श तथा अंतिम सत्र में नवगीतों की प्रस्तुति होगी, जिसकी तैयारी अंतिम चरण में है। यह जानकारी समारोह के संयोजक डॉ संजय पंकज ने समारोह स्थल पर शनिवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में दी। उन्होंने कहा कि इस आयोजन से नवगीत और गीत के शोधार्थियों, जिज्ञासुओं को लाभ मिलेगा। हिंदी काव्यांदोलनों के इतिहास में सबसे लंबे समय तक टिका रहने वाला नवगीत आंदोलन है और इसके प्रवर्तक मुजफ्फरपुर के कविवर राजेंद्र प्रसाद सिंह हैं, जिन्होंने पहली बार गीतांगिनी नाम से 5 फरवरी 1958 में संकलन संपादित प्रकाशित किया और भूमिका लिखते हुए नवगीत शब्द का उल्लेख करते हुए उसकी प्रवृत्तियों को निर्धारित किया। उन्होंने बताया कि नवगीत उत्सव समारोह में देश के लगभग सारे प्रांतों से आने वाले नवगीतकारों को आचार्य जानकीवल्लभ शास्त्री, कविवर राजेंद्र प्रसाद सिंह, पद्मश्री श्याम नंदन किशोर, गीतगंधर्व डॉ शिवदास पांडेय तथा डॉ शांति सुमन के नाम से नवगीत साधना सम्मान देकर अलंकृत किया जाएगा। वहीं एलएनटी कॉलेज की प्राचार्या डॉ ममता रानी ने बताया कि 9 बजे दिन से 9 बजे रात तक होने वाले नवगीत उत्सव समारोह में नवगीत अर्धशतक भाग 2 का लोकार्पण किया जाएगा, जिसका संपादन शिवानंद सिंह सहयोगी ने किया है। यह एक बड़ा और सार्थक आयोजन है, जिससे हिंदी साहित्य के अध्येताओं और विद्यार्थियों को लाभ मिलेगा। साथ हीं हिंदी नवगीत से अपरिचित पाठक, शोधार्थी और रचनाकार विशुद्ध रूप से परिचित हो सकेंगे। शोधार्थियों के लिए एक खुला सत्र भी रखा गया है जो प्रश्नोत्तर का होगा। डॉ रंजीत पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय स्तर पर पहली बार इस तरह का बड़ा आयोजन किया जा रहा है और यह श्रेय मुजफ्फरपुर को मिलेगा। क्योंकि नवगीत नामकरण का श्रेय इसी शहर को जाता है। प्रेसवार्ता में कॉलेज के पूर्व प्राचार्य डॉ विजेंद्र झा, हिंदी विभागाध्यक्ष डॉक्टर चितरंजन कुमार, डॉ अविनाश तिरंगा, प्रमोद आजाद तथा तैयारी समिति के अन्य सहयोगी उपस्थित थे।

### एईएस व जेई को लेकर प्रखंड स्तरीय समन्वय समिति की बैठक

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बंदरा प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को एईएस और जेई की रोकथाम को लेकर प्रखंडस्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बीडीओ आमना वसी की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में विभागीय निदेर्शों के आलोक में एईएस-जेई से बचाव एवं नियंत्रण को लेकर कई महत्वपूर्ण बिंदुओं पर चर्चा की गई। इस दौरान संबंधित विभागों को जागरूकता अभियान तेज करने, प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने तथा पंचायतवार वाहनों की टैगिंग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। साथ ही 15 वर्ष तक के बच्चों की पंचायतवार लाइन लिस्ट तैयार करने पर विशेष जोर दिया गया, ताकि जरूरत पड़ने पर त्वरित चिकित्सकीय सहायता उपलब्ध कराई जा सके। साथ ही सभी विभागों को निर्धारित समय सीमा के भीतर विभागीय निदेर्शों का अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा गया। बैठक में प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नौशाद अहमद सहित स्वास्थ्य, शिक्षा एवं अन्य विभागों के पदाधिकारी शामिल थे। अधिकारियों ने एईएस-जेई से बचाव के लिए समन्वित प्रयासों को और मजबूत करने की आवश्यकता पर बल दिया।

## गर्मी की आहट के साथ ही एईएस को लेकर अलर्ट मोड में प्रशासन, डीएम के निर्देश पर गांव-गांव जागरूकता अभियान ने पकड़ी रफ्तार

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गर्मी की आहट के साथ ही जिले में एईएस (एक्यूट इंसेफेलाइटिस सिंड्रोम) की रोकथाम और बचाव को लेकर प्रशासन ने अभी से ही सक्रियता व सतर्कता बरतना शुरू कर दिया है। इस बाबत जिलाधिकारी सुब्रत कुमार सेन ने संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर जागरूकता अभियान से लेकर अस्पतालों के कुशल प्रबंधन एवं इलाज की त्वरित, सुगम एवं सुचारू व्यवस्था को सुदृढ़ करने की व्यापक तैयारी शुरू कर दी है। इस कड़ी में जिले के गांवों में आशा कार्यकताओं तथा आंगनबाड़ी सेविका सहायिका द्वारा घर-घर जाकर लोगों को एईएस से बचाव के उपायों की जानकारी दी जा रही है।आशा कार्यकर्ता अभिभावकों को बच्चों के खान-पान, स्वच्छता, समय पर भोजन कराने तथा तेज बुखार या अन्य लक्षण दिखने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में इलाज कराने के लिए जागरूक कर रही हैं। राज्य स्तर से भी एईएस प्रभावित 18 जिलों में इस बीमारी की रोकथाम और शीघ्र प्राथमिक उपचार की व्यवस्था को और प्रभावी बनाने के लिए विशेष तैयारी की गई है। इसके तहत आशाकार्यकताओं और आंगनबाड़ी सेविकाओं को ओआरएस और पेरासिटामोल सिरप उपलब्ध कराया जा रहा है, ताकि जरूरत पड़ने पर बच्चों को तत्काल प्राथमिक उपचार दिया जा सके। मुजफ्फरपुर जिले में कुल 5384 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए 53,840 ओआरएस पैकेट और 5384 पेरासिटामोल सिरप उपलब्ध कराए जाएंगे। जिला औषधि भंडार से प्रखंडवार इन दवाओं को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों को उपलब्ध कराया जाएगा। इसके बाद प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी तथा बाल विकास परियोजना पदाधिकारी और महिला पर्यवेक्षिकाओं की देखरेख में ओआरएस और पेरासिटामोल सिरप वितरित किया जाएगा। आंगनबाड़ी केंद्रों पर उपलब्ध कराई गई दवाओं के वितरण और खपत का पूरा प्रतिवेदन महिला पर्यवेक्षकों के माध्यम से संबंधित स्वास्थ्य केंद्रों को भेजा जाएगा।



## जिला परिषद की हुई बैठक में योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता देने पर दिया गया विशेष जोर



जिला परिषद की बैठक में मंचासीन जन प्रतिनिधि ब अधिकारी गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित सरकारी योजनाओं के सफल क्रियान्वयन एवं उनके सुचारु संपादन को लेकर लंबे समय के बाद शनिवार को जिला परिषद की बैठक जिला परिषद सभागार में परिषद की अध्यक्षा रीना देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई। इस बैठक में विभिन्न विभागों द्वारा संचालित विकासात्मक एवं कल्याणकारी योजनाओं की अद्यतन स्थिति एवं प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा, आईसीडीएस, सामाजिक सुरक्षा, अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण, बिजली आपूर्ति, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग (पीएचईडी), पथ निर्माण विभाग, ग्रामीण कार्य विभाग सहित कई अन्य विभागों द्वारा संचालित योजनाओं की हुई समीक्षा के क्रम में अधिकारियों ने अपने-अपने विभागों से जुड़ी योजनाओं की प्रगति, उपलब्धियों तथा कार्यान्वयन की वर्तमान स्थिति से सदन को अवगत कराया। वही जिला परिषद अध्यक्षा रीना देवी ने अधिकारियों को ग्रामीण क्षेत्रों में चल रही सभी सरकारी योजनाओं का क्रियान्वयन सरकार के दिशा-निर्देशों एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप पारदर्शिता और जवाबदेही के साथ सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जन कल्याणकारी योजनाओं का उद्देश्य समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक लाभ पहुंचाना है, इसलिए योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी।बैठक में उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों से संबंधित सुझाव प्रस्तुत किया। इस पर अध्यक्षा ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे जनप्रतिनिधियों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित कर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करें। साथ ही यह भी निर्देश दिया गया कि जिला परिषद के सदस्यों द्वारा उठाई गई समस्याओं एवं सुझावों पर विभागीय स्तर पर आवश्यक कार्रवाई करते हुए उसकी जानकारी संबंधित सदस्यों को अवश्य उपलब्ध कराई जाए। बैठक में सभी विभागों के अधिकारियों को आपसी समन्वय एवं सहभागिता के साथ करने का निर्देश दिया गया। ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में विकास योजनाओं का लाभ समय पर और प्रभावी ढंग से आम जनता तक पहुंच सके। इसके साथ ही योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता, पारदर्शिता और समयबद्धता को प्राथमिकता देने पर विशेष जोर दिया गया। वहीं अंत में ग्रामीण विकास एवं जनकल्याण से संबंधित योजनाओं को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा जनप्रतिनिधियों और प्रशासन के बीच बेहतर समन्वय बनाए रखने पर विशेष बल दिया गया, ताकि ग्रामीण क्षेत्रों में समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सके। बैठक में सांसद वीणा देवी, विधान पार्षद दिनेश प्रसाद सिंह, विधायकगण अजीत कुमार, रंजन कुमार, कोमल सिंह तथा बेबी कुमारी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त जिला परिषद की उपाध्यक्ष निरुपमा सिंह, विभिन्न प्रखंडों के प्रमुख, जिला परिषद के सदस्यगण, उप विकास आयुक्त सहित कई विभागों के अधिकारी भी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### स्वत्व वाद से संबंधित मामलों का त्वरित, पारदर्शी व समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए : डीएम

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी श्री रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में स्वत्व वाद से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न अंचलों में लंबित स्वत्व वाद मामलों की प्रगति



समाहरणालय स्थित विमर्श कक्ष में समीक्षा बैठक करते जिला पदाधिकारी।

की विस्तार से समीक्षा की गई। समीक्षा के क्रम में जिला पदाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि स्वत्व वाद से संबंधित मामलों का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निष्पादन सुनिश्चित किया जाए, उन्होंने कहा कि लंबित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निष्पादित करते हुए नियमित रूप से इसकी प्रगति की समीक्षा की जाए। बैठक के दौरान समीक्षा में यह भी पाया गया कि नानपुर, सुरसंड एवं नगर निगम द्वारा समय पर प्रतिवेदन उपलब्ध नहीं कराया गया है। इस पर जिला पदाधिकारी ने संबंधित पदाधिकारियों से स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।

### संविदा नियोजन एवं अवधि विस्तार पर समीक्षा बैठक

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पांडे की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित उनके कार्यालय कक्ष में जिला स्थापना शाखा अंतर्गत समीक्षा बैठक किया गया। इस बैठक में जिले के विभिन्न विभागों में कार्यरत संविदा कर्मियों के नियोजन व संविदा अवधि के विस्तार से संबंधित मामलों की गहन समीक्षा की गई। बैठक में दो लिपिक एवं दो कार्यालय परिचारी का नियोजन तथा 10 लिपिक, परिचारी का संविदा अवधि विस्तार करने का निर्णय लिया गया। बैठक के दौरान जिलाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिए कि सभी प्रक्रियाएं न्यायपूर्ण, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से पूरी की जाएं। उन्होंने यह भी कहा कि लंबित मामलों के शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित विभाग अभिलेखों का अद्यतन परीक्षण कर शीघ्र प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। बैठक में प्रभारी पदाधिकारी जिला स्थापना प्रशाखा अभिराम त्रिवेदी, अपर समाहर्ता जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, नजारत उप समाहर्ता प्रकाश कुमार एवं अन्य संबंधित अधिकारी कर्मी उपस्थित थे।



अपने कार्यालय कक्ष में बैठक करते जिलाधिकारी।

### पशुपतिनाथ वैद्यनाथधाम हाई स्पीड कॉरिडोर से दरभंगा को जोड़ने जरुरत : डॉ गोपाल जी

**दरभंगा (एनएसबी)।** नेपाल के पशुपतिनाथ मंदिर से झारखंड के वैद्यनाथधाम तक बिहार सरकार के प्रस्तावित हाई स्पीड सड़क कॉरिडोर को दरभंगा के कुशेश्वरनाथ से जोड़ने से दरभंगा जिले का नेपाल तथा झारखंड से सड़क कनेक्टिविटी से सीधा जुड़ाव हो जाएगा। तथा इस प्रस्तावित हाई स्पीड कॉरिडोर में दरभंगा के जुटने से मिथिला की सांस्कृतिक विरासत का नेपाल तथा झारखंड तक विस्तार होगा जो आने वाले समय में पर्यटन के लिए वरदान साबित होगा। इस प्रस्तावित हाई स्पीड कॉरिडोर के साथ साथ दरभंगा जिले की पथ निर्माण विभाग से जुड़ी सड़कों का काया कल्प करने , निमार्णाधीन परियोजनाओं में तेजी लाकर शीघ्रता से पूरा किए जाने,
तथा जिले से गुजरने वाली सभी एनएचएआई, एनएच तथा राज्य उच्च पथ की निमार्णाधीन परियोजनाओं को दरभंगा जिला मुख्यालय से लिंक पथ के लिए पहल की जा रही है एवं ग्रामीण स्तर के प्रमुख सड़कों को टू लेन एवं टू लेन सड़कों को फोर लेन में उन्नयन के लिए मंत्री को आग्रह पत्र देकर विंदुवार चर्चा की गई है जिसका सकारात्मक परिणाम शीघ्र ही दिखेगा।स्थानीय सांसद सह लोकसभा में भाजपा सचेतक डा गोपाल जी ठाकुर ने शुक्रवार को बिहार सरकार के पथ निर्माण मंत्री डॉ दिलीप जायसवाल से पटना स्थित उनके मंत्रालय कक्ष में मुलाकात एवं चर्चा करने के बाद उपरोक्त जानकारी दी है।



पथ निर्माण मंत्री के साथ दरभंगा सांसद डॉक्टर गोपाल जी ठाकुर।

**पथ निर्माण विभाग के मंत्री के साथ सांसद ने की बैठक, दरभंगा जिले की सड़कों का होगा कायाकल्प**

**दरभंगा में पथ निर्माण विभाग की टू लेन सड़कों को फोर लेन में उन्नयन करने के लिए मंत्री से सांसद ने किया आग्रह**

सांसद डा ठाकुर ने इन मुद्दों पर विस्तार से जानकारी देते हुए बताया है कि मंत्री डा जायसवाल के साथ चर्चा के क्रम में पशुपतिनाथ वैद्यनाथधाम हाई स्पीड कॉरिडोर को दरभंगा के कुशेश्वरस्थान से जोड़ने के लिए पत्र सौंपा है तथा उन्हें इस संबंध में ध्यान आकृष्ट कराते हुए कहा है कि तीन सौ एक करोड़ की लागत से 25 किलोमीटर में निमार्णाधीन पश्चिमी कोशी तटबंध की सड़क के माध्यम से इसे कुशेश्वरस्थान से जोड़ा जा सकता है। सांसद डा ठाकुर ने मंत्री के साथ चर्चा करते हुए कहा कि मधुबनी दरभंगा एवं सहरसा तक तीन जिलों को जोड़नेवाली भारतमाला परियोजना के तहत उच्चैठ भगवती स्थान से सहरसा उग्रतारा महिषी तक सड़क के भेजा से एसएच - 17 बिरौल सहरसा को जोड़ने वाली सड़क में कीरतपुर प्रखंड के नीमा से गंडौल तक 25 किलोमीटर की लंबाई में तीन सौ एक करोड़ रुपए की लागत से पश्चिमी कोशी तटबंध की सड़कों को इस हाई स्पीड कॉरिडोर के साथ जोरे जाने से नेपाल तथा झारखंड के साथ तीनों जिलों के बीच आवागमन की बेहतर कनेक्टिविटी मजबूत होगी।सांसद डा ठाकुर ने पश्चिमी कोशी तटबंध की सड़क के संबंध में पूर्व में किए गए पहल पर मंत्री श्री जायसवाल के साथ चर्चा करते हुए कहा कि वे 22 अक्टूबर 2024 को केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से भेंट कर अपनी बातें रखी थी जिसके जवाब में 20 जनवरी 2025 को इसकी सभी औपचारिकताओं को पूरा कर लिए जाने की सूचना दी गई थी।इसके साथ ही बिहार के सीएम नीतीश कुमार जी के दरभंगा में सम्पन्न प्रगति यात्रा के दौरान समीक्षा बैठक में पश्चिमी कोशी तटबंध के चौड़ीकरण ऊंचीकरण तथा सुदृढ़ीकरण के लिए ज्ञापन देकर आग्रह किया था जो अब मूर्त रूप साकार हो रहा है।

# नारी शक्ति की प्रेरक मिसाल बनीं ग्रामीण परिवेश की महिलाएं

## संघर्ष व आत्मनिर्भरता की प्रेरणा दे रहीं नितु कुमारी देवी व रेखा रानी

नवसंदेश ब्यूरो

**सोनबरसा/सीतामढ़ी।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सोनबरसा क्षेत्र की दो महिलाएं-नितु कुमारी देवी और रेखा रानी-संघर्ष, सेवा और आत्मनिर्भरता की प्रेरक मिसाल बनकर उभरी हैं।

सोनबरसा पंचायत की मुखिया सह प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष नितु कुमारी देवी का जीवन कठिन परिस्थितियों में आगे बढ़ने की कहानी है। उनके जन्म

**अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष**

के छह माह बाद ही उनके पिता नरेश महतो की नेपाल के मलंगवा में हत्या हो गई। इसके बाद उनके बड़े पापा स्वर्गीय गणेश महतो और बड़ी मम्मी मैना देवी ने उनका पालन-पोषण किया। उन्होंने गांव में ही मैट्रिक तक शिक्षा प्राप्त की। वर्ष 2014 में उन्होंने पैक्स चुनाव लड़ा, लेकिन 30 मतों से हार गईं। इसके बाद समाजसेवा में सक्रिय हुईं और वर्ष 2016 में सोनबरसा पंचायत से मुखिया का चुनाव जीतकर 26 वर्ष की उम्र में पहली बार मुखिया बनीं।



सोनबरसा पंचायत की मुखिया नितु कुमारी देवी)।

वर्ष 2021 में दूसरी बार जीत दर्ज कर पुनः प्रखंड मुखिया संघ की अध्यक्ष बनीं। वे लगातार लोगों की समस्याओं के समाधान और पंचायत के विकास के लिए सक्रिय रहती हैं।

वहीं रेखा रानी की कहानी भी संघर्ष और आत्मनिर्भरता की मिसाल है। उनकी शादी कम उम्र में मोहनपुर निवासी रामनारायण महतो से हुई थी। सीमित



जीविका में कम्युनिटी मोबिलाइजर रेखा रानी।

आय के बीच उन्होंने हार नहीं मानी और महिला कमाख्या समूह से जुड़कर सामाजिक कार्य शुरू किया, बाद में जीविका से जुड़ीं। आज वे जीविका में कम्युनिटी मोबिलाइजर (सीएम) के रूप में कार्यरत हैं और कई महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ चुकी हैं। उन्होंने महिला विकास मोर्चा की स्थापना कर दहेज, शराबबंदी और बाल विवाह के खिलाफ जागरूकता अभियान चलाया। साथ ही सिलाई-कटाई प्रशिक्षण केंद्र के माध्यम से महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की पहल की। नितु कुमारी देवी और रेखा रानी की जीवन यात्रा यह संदेश देती है कि दृढ़ संकल्प और मेहनत के बल पर महिलाएं समाज में बदलाव की मजबूत शक्ति बन सकती हैं।

### शिक्षा व समाजसेवा की मिसाल : शिक्षिका रंजीता

**सोनबरसा/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** सोनबरसा प्रखंड की सिंहवाहिनी पंचायत की शिक्षिका रंजीता कुमारी शिक्षा और सामाजिक क्षेत्र में अपने उत्कृष्ट कार्यों से अलग पहचान बना रही हैं। उन्होंने वर्ष 2007 में प्राथमिक विद्यालय भगवानपुर में पंचायत शिक्षिका के रूप में योगदान देकर शिक्षा का अलख जगाया। वर्ष 2022 में प्राथमिक विद्यालय छोटी सिंहवाहिनी में योगदान देने के बाद उन्होंने बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए कई नवाचार किए। वे अपने निजी संसाधनों से कार्यक्रम आयोजित कर बच्चों को शिक्षा के प्रति प्रेरित करती रहती हैं। रंजीता कुमारी सामाजिक क्षेत्र में भी सक्रिय हैं। वे राष्ट्रीय मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय आयोग से जुड़कर महिला उत्थान और महिला उत्पीड़न के मामलों में पीड़ितों को न्याय दिलाने के लिए काम कर रही हैं। उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए



शिक्षिका रंजीता कुमारी।

उन्हें कई संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। आज भी वे शिक्षा के माध्यम से बच्चों के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करने के साथ-साथ समाज में समानता और महिला सशक्तिकरण की दिशा में निरंतर कार्य कर रही हैं।

### 350 जरूरतमंदो के बीच खिचड़ी भोग वितरित

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** नगर स्थित सिद्धपीठ श्री माता वैष्णो देवी मंदिर में दिनांक 7 मार्च 2026 तदनुसार मार्च माह के प्रथम शनिवार को पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मंदिर सदस्यों एवं उपस्थित मां भक्तों द्वारा परम मंगलमयी माताश्री की विशेष पूजा अर्चना एवं आरती कर खिचड़ी भोग लगाया गया तथा



उसे लगभग 350 जरूरतमंदो जिसमें विशेष संख्या रिक्शा ठेला चालको एवं पूरे परिवार के लिए खिचड़ी ले जाने वाली की थी, के बीच वितरण किया गया। माताश्री के माध्यम से जरूरतमंदों की सेवा अमित प्रकाश गोल्डी, जनता दल यू के नगर अध्यक्ष तथा प्रेम कमल साड़ी शोरूम, महावीर मंदिर रोड कोटबाजार, सीतामढ़ी एवं अमित हैंडलूम मिरचाईपट्टी सीतामढ़ी प्रोपराइटर के द्वारा की गई ।

# सुरसंड बीडीओ कृष्णा राम के कई ठिकानों पर निगरानी की छापेमारी

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बिहार में भ्रष्टाचार के खिलाफ मुख्यमंत्री की जीरो टॉलरेंस नीति के तहत शनिवार को एक बड़ी कार्रवाई देखने को मिली। राज्य के निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने सीतामढ़ी जिले के सुरसंड प्रखंड में तैनात प्रखंड विकास पदाधिकारी कृष्णा राम के पांच अलग-अलग ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। यह कार्रवाई आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के आरोप में दर्ज प्राथमिकी के आधार पर की गई। जानकारी के अनुसार न्यायालय से सर्च वारंट मिलने के बाद निगरानी विभाग की विशेष टीमों ने शनिवार सुबह करीब आठ बजे एक साथ कई स्थानों पर दबिश दी। इस कार्रवाई से प्रशासनिक महकमे में हड़कंप मच गया।

निगरानी विभाग की टीमों ने एक साथ कई स्थानों पर तलाशी अभियान चलाया, जिनमें मोतिहारी के राजा बाजार स्थित किराए के मकान में, मोतिहारी जिले के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के पैतृक गांव टिकैता में, सीतामढ़ी के सुरसंड स्थित सरकारी आवास में, सुरसंड प्रखंड कार्यालय परिसर में व पटना स्थित आवासीय परिसर शामिल हैं। अधिकारियों की टीम इन सभी स्थानों पर दस्तावेजों और संपत्ति से जुड़े कागजातों की गहन जांच कर रही है। सूत्रों के अनुसार शुरूआती जांच में बीडीओ कृष्णा राम द्वारा पद का दुरुपयोग कर अकूत संपत्ति अर्जित करने के संकेत मिले हैं। निगरानी विभाग को तलाशी के दौरान जमीन से जुड़े कई दस्तावेज प्राप्त हुए हैं। प्रारंभिक जानकारी के मुताबिक उन्होंने विभिन्न स्थानों पर कुल 21 प्लॉट खरीदे हैं। इसके अलावा विभिन्न बैंकों में जमा बड़ी रकम, फिक्स्ड डिपॉजिट और अन्य निवेश से जुड़े कागजात भी बरामद होने की बात सामने आ रही है। इन दस्तावेजों की जांच कर संपत्ति का वास्तविक आकलन किया जा रहा है।

**आय से अधिक संपत्ति मामले में 5 जगहों पर कार्रवाई**


**शुरूआती जांच में पद का दुरुपयोग कर अकूत संपत्ति अर्जित करने के संकेत मिले**

बताया जाता है कि निगरानी विभाग ने आय से अधिक संपत्ति के मामले में 5 मार्च 2026 को निगरानी थाना में प्राथमिकी दर्ज की थी। इसी के आधार पर न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त कर यह कार्रवाई की गई।

छापेमारी के दौरान मीडिया से बातचीत में बीडीओ कृष्णा राम ने खुद को निर्दोष बताते हुए कहा कि निगरानी विभाग की कार्रवाई उनके पुराने आय विवरणी के आधार पर की जा रही है। उन्होंने दावा किया कि उन्होंने सरकार को अपनी संपत्ति का अपडेटेड रिटर्न जमा कर दिया है। उनके अनुसार यह पूरी कार्रवाई एक तकनीकी गलतफहमी का परिणाम है। फिलहाल निगरानी विभाग की टीम सभी दस्तावेजों की जांच में जुटी हुई है। जांच पूरी होने के बाद ही संपत्ति के वास्तविक आकलन और आगे की कानूनी कार्रवाई को लेकर स्पष्ट तस्वीर सामने आना बाकी है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में जल संसाधन एवं लघु जल संसाधन विभाग की योजनाओं की हुई समीक्षा

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी रिची पाण्डेय की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जल संसाधन विभाग एवं लघु जल संसाधन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल सीतामढ़ी एवं रुन्नीसैदपुर द्वारा विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति से जिलाधिकारी को अवगत कराया गया। इस क्रम में बागमती नदी के बाएं एवं दाएं तटबंधों के उच्चीकरण, सुदृढ़ीकरण तथा कालीकरण कार्य की विस्तृत समीक्षा की गई। समीक्षा के दौरान बताया गया कि तटबंधों के निर्माण कार्य में बाधक वृक्षों के पतन के लिए वन प्रमंडल पदाधिकारी, सीतामढ़ी को प्रस्ताव भेजा गया है। इस पर जिलाधिकारी द्वारा आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।



जल संसाधन सम्बंधित योजनाओं की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी।

बैठक में जिले में सिंचाई सुविधा को सुदृढ़ बनाने के उद्देश्य से नई योजनाओं के निर्माण एवं कार्यान्वयन को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया। साथ ही नलकूप योजना के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। सात निश्चय पार्ट-3 के अंतर्गत ह्लहर खेत को पानीह्व कार्यक्रम के तहत छूटी हुई योजनाओं के सर्वेक्षण की भी समीक्षा की गई। इस दौरान कार्यपालक अभियंता द्वारा बताया गया कि अब तक कुल 85 योजनाओं का सर्वेक्षण किया जा चुका है, जिसमें वियर, चेक डैम, पईन तथा उद्वह (लिफ्ट) सिंचाई योजनाएं शामिल हैं। इसके अतिरिक्त जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत तैयार की गई 4 योजनाओं की डीपीआर विभाग को भेजी गई है, जिसकी स्थिति की भी समीक्षा बैठक में की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता, बागमती प्रमंडल सीतामढ़ी एवं रुन्नीसैदपुर के साथ कार्यपालक अभियंता, लघु जल संसाधन विभाग सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

### महिलाओं की स्वायत्तता से ही समाज की छवि बदल सकती है : प्रो मुश्ताक

**दरभंगा (एनएसबी)।** विश्व के इतिहास में यह एक स्पष्ट तथ्य है कि जिस देश में महिलाओं को शिक्षा और विकास के माध्यम से आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए गए, वह देश विश्व के विकसित देशों में प्राथमिकता प्राप्त करने में सफल रहा। इसलिए, किसी भी समाज की छवि तभी बदल सकती है जब महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के प्रयास किए जाएं और उन्हें विकास के सभी अवसर प्रदान किए जाएं। ये विचार सीएम कॉलेज, दरभंगा के प्रिंसिपल प्रोफेसर मुश्ताक अहमद ने व्यक्त किए। प्रोफेसर अहमद कॉलेज के अंग्रेजी विभाग और महिला प्रकोष्ठ द्वारा अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित एक संगोष्ठी में अध्यक्षीय भाषण दे रहे थे। प्रोफेसर अहमद ने कहा कि प्रत्येक वर्ष 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस मनाया जाता है और इसका एक समृद्ध इतिहास है।

# पपीते की खेती बनी मुनाफे का सौदा : आधुनिक तकनीक और मल्चिंग से लाखों कमा रहे हैं सीतामढ़ी के किसान

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** खेती-किसानी के बदलते दौर में अब पारंपरिक फसलों के मुकाबले फल और सब्जियों की बागवानी की ओर किसानों का रुझान तेजी से बढ़ा है। पपीते की खेती इस दिशा में एक बेहतरीन विकल्प बनकर उभरी है। किसानों का अनुभव बताता है कि अगर सही प्रबंधन और आधुनिक तकनीकों का सहारा लिया जाए, तो पपीता न केवल कम समय में तैयार होता है, बल्कि बाजार में इसकी निरंतर मांग के कारण यह आर्थिक मजबूती भी प्रदान करता है। विशेष रूप से मल्चिंग तकनीक ने पपीते की खेती की तस्वीर बदल दी है। किसान अब इस तकनीक के जरिए फसल को खरपतवार और रोगों से बचाकर बेहतर उत्पादन प्राप्त कर रहे हैं।

पपीते की बड़े पैमाने पर खेती करने वाले किसान बृजकिशोर बताते है कि पपीते की सफल पैदावार के लिए सबसे महत्वपूर्ण कड़ी खेत की तैयारी और मल्चिंग का उपयोग है। अनुभवी किसानों के अनुसार, मल्चिंग पेपर का उपयोग करने से खेत में अनावश्यक घास या खरपतवार नहीं उगते, जिससे मिट्टी के पोषक तत्व सीधे मुख्य पौधे को मिलते हैं। इसके अलावा, मल्चिंग का एक बड़ा फायदा यह है कि यह जमीन में नमी को लंबे समय तक बरकरार रखती है, जिससे सिंचाई के पानी की खपत कम होती है। साथ ही, यह पौधों की जड़ों को फंगस (कवक) के हमलों से बचाने में भी कारगर साबित होती है, जिससे फसल के शुरूआती चरण में खराब होने का डर काफी कम हो जाता है।



पपीते की खेती की प्रतिकात्मक तस्वीर।

समय चक्र की बात करें तो पपीते की खेती में धैर्य और देखभाल दोनों की आवश्यकता होती है। नर्सरी में पौधे तैयार करने से लेकर फसल के बाजार में आने तक लगभग 7 से 9 महीने का समय लगता है। हालांकि, पपीते के पौधे की एक विशेषता यह है कि यह मुख्य रूप से एक बार ही भरपूर फसल देता है। एक बार जब पौधे से फल ले लिए जाते हैं, तो उसकी अगली उपज की गुणवत्ता और मात्रा गिर जाती है, जिससे वह व्यावसायिक रूप से फायदेमंद नहीं रह जाती। यही कारण है कि उन्नत किसान हर सीजन में नई नर्सरी तैयार करने पर जोर देते हैं ताकि निरंतर और उच्च गुणवत्ता वाला उत्पादन मिलता रहे।

**अनुभवी किसानों के अनुसार, मल्चिंग पेपर का उपयोग करने से खेत में अनावश्यक घास या खरपतवार नहीं उगते**

आर्थिक दृष्टि से देखा जाए तो पपीते की खेती में निवेश और रिटर्न का अनुपात काफी आकर्षक है। एक अनुमान के मुताबिक, यदि एक एकड़ भूमि में वैज्ञानिक तरीके से पपीता लगाया जाए, तो खाद, बीज, मल्चिंग और सिंचाई प्रबंधन मिलाकर कुल लागत लगभग 2 लाख रुपये के आसपास आती है। हालांकि यह निवेश पहली बार में थोड़ा ज्यादा लग सकता है, लेकिन फसल तैयार होने पर पपीते की उपज से होने वाली आय इस लागत के मुकाबले कई गुना अधिक हो सकती है। बस जरूरत है तो सही समय पर खाद-पानी देने की और पौधों को कीटों से बचाए रखने की।

## मोतिहारी में बीडीओ के घर एवं किराये के मकान में एक साथ निगरानी की छापेमारी

### आय से अधिक संपत्ति का मामला

**मोतिहारी (एनएसबी)।** आय से अधिक संपत्ति मामले में बीडीओ कृष्णा राम के घर पर निगरानी की टीम ने आज अहले सुबह छापेमारी की है। उक्त छापेमारी बीडीओ के तुरकौलिया थाना क्षेत्र के शंकर सरैया जिसकी गहनता से जांच की जा रही है। यहां बताते चलें कि बीडीओ श्री राम सीतामढ़ी जिले के सुरसंड प्रखंड में बतौर प्रखंड विकास पदाधिकारी के रूप में



पैतृक गांव व नगर थाना क्षेत्र मोतिहारी स्थित राजा बाजार स्थित किराये के मकान में हुई है। जहां निगरानी की ने कई आवश्यक दस्तावेज जप्त किया है। कार्यरत हैं। निगरानी टीम को आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने का शिकायत मिली थी।जांच जारी है और बीडीओ अभी निगरानी टीम के कब्जे में है।

### सांसद राधामोहन की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की हुई बैठक, दुर्घटनाएं कम करने को दिए निर्देश

# दुर्घटना संभावित जगहों पर बनेंगे स्पीड ब्रेकर

**मोतिहारी (एनएसबी)।** जिला परिवहन कार्यालय के तत्वावधान में शनिवार को संसद सदस्य सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता पूर्वी चम्पारण के सांसद राधामोहन सिंह ने की। बैठक में जिले में सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति की समीक्षा करते हुए उन्हें कम करने के लिए विभिन्न विभागों को आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक के दौरान सबसे पहले पिछली बैठक की कार्यवाही की पुष्टि की गई और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। इसके बाद जिले में हुई सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों की विस्तृत समीक्षा की गई। दुर्घटनाओं में कमी लाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग, पथ निर्माण विभाग तथा ग्रामीण कार्य विभाग को आवश्यक कदम उठाने का निर्देश दिया गया। समिति ने जिले के दुर्घटना-प्रवण क्षेत्रों की भी समीक्षा की। इन स्थानों पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से स्पीड ब्रेकर, रम्बल स्ट्रिप, साइन बोर्ड और अन्य



समीक्षा करते सांसद, डीएम, एडीएम एवं डीडीसी व अन्य।

आवश्यक सुरक्षात्मक उपाय जल्द लगाने के निर्देश संबंधित विभागों को दिए गए। बैठक में सड़क दुर्घटना में घायल लोगों को स्वर्णिम घंटे के भीतर अस्पताल पहुंचाने में मदद करने वाले गुड सेमेरिटन (राह-वीर) व्यक्तियों को चिन्हित कर उन्हें सम्मानित और पुरस्कृत करने का भी निर्णय लिया गया।

दुर्घटनाओं पर नियंत्रण के लिए विचार-विमर्श के बाद सभी सड़क से जुड़े विभागों को समन्वय के साथ

**साइन बोर्ड लगाने का भी निर्देश**

**सड़क हादसों में घायलों की मदद करने वाले राह-वीरों को किया जाएगा सम्मानित**

काम करने के निर्देश दिए गए। बैठक में मोतिहारी विधायक प्रमोद कुमार, मोतिहारी नगर निगम की महापौर प्रीति गुप्ता जिलाधिकारी सौरभ जोरवाल, पुलिस अधीक्षक स्वर्ण प्रभात, अपर समाहर्ता मुकेश कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त डॉ प्रदीप कुमार, सदर अनुमंडल पदाधिकारी निशांत सिहारा, जिला परिवहन पदाधिकारी सहित एनएचएआई के परियोजना निदेशक (मोतिहारी व दरभंगा), पथ प्रमंडल और ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यपालक अभियंता, पुलिस उपाधीक्षक (यातायात), अपर जिला परिवहन पदाधिकारी तथा प्रवर्तन अवर निरीक्षक सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### तेतरिया में अपहरण कांड के अभियुक्त को गिरफ्तार कर भेजा गया जेल

**तेतरिया (एनएसबी)।** राजेपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत नोनी मन पंचायत कुंअवा गांव में एक अपहरण के मामले में राजेपुर थाना अध्यक्ष कुमार सौरभ के नेतृत्व में त्वरित कार्रवाई करते हुए एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया। वहीं दो अन्य आरोपियों के गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी की जा रही है। कुमार सौरभ के नेतृत्व में स्वान दस्त के साथ कई जगहों पर दिनभर पुलिस दौड़ लगाती रही। थाना अध्यक्ष सौरभ कुमार ने बताया कि अम्मी कुमारी अपने अपने पुत्र के अपहरण का मामला दर्ज कराई है जिसका कांड संख्या 55 अब्लीक 2026 अंकित करते हुए तीन लोगों को आरोपित किया गया। जिसमें पवन कुमार को कुंअवा गांव से गिरफ्तार कर न्याय हिरासत मोतिहारी भेज दिया गया अन्य अभियुक्तों के गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी जारी है।

### नरकटिया चौक में दावत-ए-इफ्तार, आपसी भाईचारे और सौहार्द का दिया संदेश

**पहाड़पुर (एनएसबी)।** प्रखंड के नरकटिया चौक स्थित लाल मोहम्मद अंसारी के आवास पर दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में रोजेदारों के साथ-साथ विभिन्न समुदायों के लोग भी शामिल हुए और आपसी भाईचारे व सौहार्द का संदेश दिया। इफ्तार के दौरान सभी ने एक साथ रोजा खोलकर एकता और सामाजिक सद्भाव की मिसाल पेश की।कार्यक्रम में गोविंदगंज विधानसभा क्षेत्र से रहे कांग्रेस प्रत्याशी इंजीनियर शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय भी विशेष रूप से शामिल हुए। उन्होंने रोजेदारों के साथ बैठकर इफ्तार किया और रमजान के पाक महीने की बधाई दी। इस दौरान उन्होंने कहा कि विभिन्न समुदायों के लोगों के साथ मिलकर रोजा इफ्तार करना हमारी साझा संस्कृति और आपसी सौहार्द को और मजबूत करता है।शशिभूषण राय ने कहा कि हिंदुस्तान की सबसे बड़ी खूबसूरती यही है कि यहां हर धर्म और मजहब के लोग एक-दूसरे के पर्व और त्योहारों में बढ़-चढ़कर भाग लेते हैं। यही परंपरा हमारे देश की एकता और भाईचारे की पहचान है। उन्होंने कहा कि रमजान का महीना त्याग, संयम, सेवा और मानवता का संदेश देता है।इस अवसर पर उन्होंने सभी रोजेदारों को रमजान की शुभकामनाएं देते हुए समाज में प्रेम, शांति और सद्भाव बनाए रखने की अपील की। इफ्तार पार्टी के दौरान स्थानीय लोगों के बीच आपसी मेल-जोल का माहौल देखने को मिला। लोगों ने एक-दूसरे को गले लगाकर रमजान की मुबारकबाद दी और समाज में शांति, भाईचारा और एकता बनाए रखने का संदेश दिया।इस अवसर पर राजद नेता विश्वनाथ यादव, जोखू पटेल, मजहर हुसैन, इकबाल हुसैन सहित कई सामाजिक व राजनीतिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने इस आयोजन की सराहना करते हुए इसे समाज में आपसी सौहार्द और भाईचारे को मजबूत करने वाला सराहनीय कदम बताया।

### सामाजिक कार्यकर्ता इश्तियाक आलम की ओर से दावते इफ़्तार का शानदार आयोजन

**मेहसी (पूर्वी चंपारण)(एनएसबी)।** सामाजिक समरसता और आपसी प्रेम को बढ़ावा देने तथा ईश्वर की कृपा पात्र बनने के लिए चंपारण के यूथ आइकॉन और सामाजिक कार्यकर्ता कामरेड इश्तियाक आलम की ओर से चकिया के कुअवां में उनके पैतृक आवास पर दावते इफ़्तार का शानदार आयोजन किया गया जिसमें लगभग पांच सौ लोगों ने भाग लिया और कार्यक्रम को सफल बनाया। कामरेड इश्तियाक आलम और कामरेड मुश्ताक आलम लॉक डाउन के समय से ही सामाजिक कार्यों मे बढ़ चढ़ कर रुची लेते हैं और जरूरतमंदों की हर प्रकार की मदद करते हैं।इस इफ़्तार पार्टी में कामरेड मुश्ताक आलम, राष्ट्रीय जनता दल के नेता फरोग आलम जामी, सामाजिक कार्यकर्ता वसीम अख्तर, सामाजिक कार्यकर्ता चुन्नू नेता और हसरत अली ने अहम भूमिका अदा की। इस दावते इफ़्तार में चकिया के प्रमुख चिकित्सक डॉ एम इलयास, जद यू के नेता डॉ आसिफ हुसैन,सामाजिक कार्यकर्ता एवं पत्रकार हामिद रजा, शाहिद रजा, शहाब आलम,मौलाना आदिल मिस्बाही, हाफि ज नासिर साहब, मास्टर फारूक अंसारी आदि गणमान्य व्यक्तियों ने शिरकत की। दावते इफ़्तार में शामिल होने वाले रोजेदारों और सामाजिक कार्यकताओं का कामरेड इश्तियाक आलम और कामरेड मुश्ताक आलम ने आभार व्यक्त किया है।

### ऑनलाइन लॉटरी से होगा 40 सीटों पर नामांकन

**मोतिहारी (एनएसबी)।** डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, सुगांव में वर्ग 1 में नामांकन के लिए 12 मार्च को टाउन हॉल में ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से चयन किया जाएगा। कुल 40 सीटों पर नामांकन होना है। इसके लिए 1120 आवेदन प्राप्त हुए थे, जिनमें से 357 आवेदन स्वीकृत किए गए हैं' नामांकन के लिए 5 से 7 वर्ष आयु वर्ग के बच्चों को ही पात्र माना गया है। लॉटरी प्रक्रिया के दौरान छात्र, अभिभावक, वरीय पदाधिकारी तथा सामान्य शाखा प्रभारी निधि कुमारी एवं संबंधित पदाधिकारी मौजूद रहेंगे' जिन अभ्यर्थियों का नाम चयन सूची में नहीं आएगा, उनका नाम प्रतीक्षा सूची में रखा जाएगा। यदि चयनित अभ्यर्थियों में से कोई नामांकन नहीं कराता है, तो उनकी जगह प्रतीक्षा सूची में शामिल अभ्यर्थियों को अवसर दिया जाएगा।जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडेय ने बताया कि डॉ. भीमराव अम्बेडकर आवासीय विद्यालय, सुगांव में चयनित छात्रों का नामांकन अप्रैल के प्रथम सप्ताह से शुरू किया जाएगा।

### भाजपा कार्यालय गांधी कॉम्प्लेक्स में सदस्यता ग्रहण

**मोतिहारी (एनएसबी)।** आज भाजपा कार्यालय गांधी कॉम्प्लेक्स में सांसद पूर्व केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री राधा मोहन सिंह की उपस्थिति में परशुराम पुर निवासी व्यवसायी आशिक अंसारी की पत्नी जीनत अमान भाजपा की सदस्यता ग्रहण की' तत्पश्चात भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा द्वारा सामुहिक अफ्तार का आयोजन किया गया'उक्त अवसर पर जिलाध्यक्ष पवन राज, उप महापौर डॉ० लालबाबू प्रसाद, भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के प्रदेश महासचिव मोहिब्बुल हक, जिला प्रवक्ता साजिद रजा, मीडिया प्रभारी गुलरेज शहजाद, जिलाध्यक्ष अल्पसंख्यक मोर्चा अब्दुल कलाम, फारूक आजम, नसीम हाशमी, जुनैद जौहरी, डॉ०ओमैस अख्तर, शहजाद खान, राजा खान, महफूज खान सहित बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## चकिया में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान के तहत कार्यशाला का आयोजन



कार्यशाला में बैठे विधायक के साथ अन्य।

**चकिया (एनएसबी)।** शहर के रानीगंज मोहल्ला स्थित मारवाड़ी धर्मशाला के सभागार में भाजपा द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर संचालित श्रद्धेय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान 2026 के तहत भाजपा चकिया नगर मंडल, ग्रामीण मंडल एवं पिपरा मंडल में मंडल स्तर पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का उद्घाटन डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय के तैल चित्र के निकट दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कि गई।

कार्यशाला की शुरूआत राष्ट्र गीत वंदे मातरम का पूर्ण गायन कर व भारत माता की जयघोष के साथ हुई। इस दौरान स्थानीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव ने कहा कि इस अभियान के माध्यम से कार्यकताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के प्रति और अधिक सशक्त बनाया जाएगा।वहीं जिलाध्यक्ष पवन राज ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी अपने सिद्धांत और नीति पर चलने वाली एकमात्र पार्टी है, जो सदैव राष्ट्र सेवा के पथ पर अग्रसर रहती है। उन्होंने कहा कि समाज सेवा के माध्यम से जनता का विश्वास और समर्थन प्राप्त करना प्रत्येक कार्यकर्ता का दायित्व है। उन्होंने कार्यकताओं को पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों पर चलने की प्रेरणा देते हुए कहा कि भाजपा त्याग, बलिदान और संघर्ष की भावना से बनी विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी है। साथ ही उन्होंने कार्यकताओं से केंद्र सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को व पार्टी की नीति, सिद्धांत एवं इतिहास को जन-जन तक पहुँचाने का आह्वान किया। कार्यशाला को पूर्व जिलाध्यक्ष प्रकाश अस्थाना, जिला उपाध्यक्ष सियावर सिंह, आईटी सेल जिला संयोजक ऋषभ झा ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन विधानसभा संयोजक रोहित सिंह ने की। मौके पर पिपरा विधानसभा के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारीगण, मोर्चा अध्यक्षगण, मंडल अध्यक्षगण एवं मंडल प्रशिक्षण की टोली भी मौजूद थे।

## नाबालिग लड़कियों से कराते थे आर्केस्ट्रा में काम, तीन गिरफ्तार

**मोतिहारी (एनएसबी)।** मोतिहारी पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नाबालिग लड़कियों से आर्केस्ट्रा में काम कराने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। प्रशिक्षु डीएसपी सह थानाध्यक्ष ऋषभ कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने छापेमारी कर तीन संचालकों को गिरफ्तार किया है। जबकि तीन नाबालिग लड़कियों को रेस्क्यू किया गया है।

प्रशिक्षु डीएसपी श्री कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी। धनखरैया स्थित ब्लॉक गेट के पास एक मेडिकल दुकान के पीछे बने कमरे में व हरसिद्धि बाजार नहर के पास स्थित एक किराए के मकान में किरण म्यूजिकल ऑर्केस्ट्रा के नाम पर नाबालिग लड़कियों से काम कराया जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने दोनों स्थानों पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान मौके से तीन नाबालिग लड़कियां बरामद की गई। उन्हें ऑर्केस्ट्रा में काम करने के लिए रखा गया था। पुलिस ने मौके से ऑर्केस्ट्रा के मालिक सुधांशु कुमार, पिता अखिलेश्वर कुमार के साथ उसके सहयोगी मुकेश कुमार, पिता राजेंद्र सहनी व नीलकमल कुमार, पिता देवानंद पासवान को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने तीनों आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ के बाद न्यायिक हिरासत में भेजने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। वहीं, रेस्क्यू की गई तीनों नाबालिग लड़कियों को चाइल्ड हेल्पलाइन मोतिहारी की टीम की मदद से सुरक्षित स्थान पर भेजा जा रहा है। जहां उनकी आगे की प्रक्रिया की जाएगी। इस छापेमारी अभियान में प्रशिक्षु डीएसपी ऋषभ कुमार, एसआई शिखा कुमारी, अंजली कुमारी, पीएसआई अविनाश कुमार, अंकित कुमार, बनफल, अक्षय कुमार अन्य जवान शामिल थे। वहीं चाइल्ड हेल्पलाइन की ओर से खुशबू कुमारी और मनधीर सिंह भी मौजूद रहे। पुलिस ने कहा कि मामले में आगे की कानूनी कार्रवाई जारी है। ऐसे अवैध गतिविधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। बता दें कि नाबालिगों से आर्केस्ट्रा में नृत्य कराना पोक्सो एक्ट व बाल मजदूरी दोनों के तहत संगीन अपराध है।

**रेस्क्यू की गई तीनों नाबालिग लड़कियों को चाइल्ड हेल्पलाइन मोतिहारी की टीम की मदद से सुरक्षित स्थान पर भेजा जा रहा**

## अंतर्राष्ट्रीय तलवारबाजी खिलाड़ी रवि कुमार यादव को जिलाधिकारी एवं पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

**मोतिहारी (एनएसबी)।** डीएम सौरभ जोरवाल एवं एसपी स्वर्ण प्रभात द्वारा संयुक्त रूप से वर्ष-2025 में तलवारबाजी खेल के कैडेट वर्ल्ड चैंपियनशिप एवं कैडेट एशियन चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले पूर्वी चम्पारण के अंतर्राष्ट्रीय तलवारबाजी खिलाड़ी रवि कुमार यादव को खेल भवन, मोतिहारी में सम्मानित किया। खिलाड़ी रवि कुमार यादव ने स्कूल गेम्स फेडरेशन ऑफ इण्डिया द्वारा मणिपुर की राजधानी इम्फाल में 29 जनवरी से 03 फरवरी तक आयोजित 69वीं राष्ट्रीय विद्यालय अंडर-19 तलवारबाजी खेल प्रतियोगिता में पूर्वी चम्पारण के रवि कुमार यादव ने कांस्य पदक हासिल किया है। रवि कुमार यादव ने राष्ट्रीय स्तर पर अबतक चार पदक हासिल किया है। इस मौके पर नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी, सदर मोतिहारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, जिला खेल पदाधिकारी एवं खेल संघ के पदाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। उपस्थित पदाधिकारियों ने खिलाड़ी के उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

## पहाड़पुर के एकडेरवा गांव में नवविवाहिता पर अत्याचार, पति समेत कई पर आरोप

**पहाड़पुर (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र के सोनवल पंचायत अंतर्गत एकडेरवा गांव में नवविवाहिता के साथ मारपीट और दहेज प्रताड़ना का मामला सामने आया है। घटना की सूचना मिलने पर मायके पक्ष के लोग गांव पहुंचे और घायल अवस्था में पीड़िता को इलाज के लिए सीएचसी पहाड़पुर लाया, जहां उसका उपचार जारी है।

पीड़िता की पहचान नौतन थाना क्षेत्र के मंगलपुर बुधवलिया गांव निवासी बागड़ शाह की पुत्री अंतिमा कुमारी (25 वर्ष) के रूप में हुई है। पीड़िता के भाई राजेश साह ने बताया कि करीब डेढ़ वर्ष पूर्व अंतिमा कुमारी की शादी पहाड़पुर थाना क्षेत्र के सोनवल पंचायत के एकडेरवा गांव निवासी राजू शाह के पुत्र कुंदन शाह के साथ हिंदू रीति-रिवाज के अनुसार संपन्न हुई थी। विवाह के समय मायके वालों ने अपनी सामर्थ्य के अनुसार दान-दहेज और अन्य जरूरी सामान भी दिया था।मायके पक्ष का आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद ही ससुराल पक्ष का व्यवहार बदल गया और अंतिमा कुमारी को दहेज के लिए लगातार प्रताड़ित किया जाने लगा। छोटी-छोटी बातों को लेकर उसे अपमानित किया जाता था और कई बार मारपीट भी की जाती थी।परिजनों के अनुसार, बीती रात अंतिमा कुमारी ने चोरी-छिपे फोन कर अपने मायके वालों को पूरी घटना की जानकारी दी। उसने रोते हुए बताया कि उसका पति कुंदन शाह पिछले दो दिनों से लगातार उसके साथ मारपीट कर रहा है और उसकी जान को खतरा है।पीड़िता ने यह भी आरोप लगाया कि घर के अन्य सदस्य भी उसे प्रताड़ित करते हैं। विशेष रूप से चाची दुलारी देवी पर भी मारपीट और उत्पीड़न में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।सूचना मिलते ही मायके पक्ष के लोग सुबह एकडेरवा गांव पहुंचे। वहां उन्होंने अंतिमा कुमारी को डरी-सहमी हालत में पाया। इसके बाद उसे इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहाड़पुर लाया गया।इस मामले में पीड़िता के बयान के आधार पर पहाड़पुर थाना में पति कुंदन शाह सहित अन्य ससुराल पक्ष के लोगों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना और मारपीट की प्राथमिकी दर्ज कराई गई है।

## व्हाट्सएप अकाउंट हैक कर भेजा गया संदिग्ध पीडीएफ, मुखिया पुत्र समेत कई नंबर प्रभावित

**पीपराकोठी (एनएसबी)।** थाना क्षेत्र में व्हाट्सएप हैकिंग का एक मामला सामने आया है।सलेमपुर पंचायत के मुखिया के पुत्र सहित कई लोगों के व्हाट्सएप अकाउंट इस घटना से प्रभावित हुए हैं। पीड़ितों ने स्थानीय थाने में आवेदन देकर मामले की जांच और उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। किशुनपुर वार्ड संख्या 06 निवासी पवन कुमार (30) ने पुलिस को बताया कि 6 मार्च को सुबह करीब 9:45 बजे उनके व्हाट्सएप नंबर पर एक अज्ञात नंबर से "PDF" के रूप में एक फाइल भेजी गई थी। जैसे ही उन्होंने उस फाइल को डाउनलोड किया, कुछ ही देर में उनका व्हाट्सएप अकाउंट हैक हो गया। इसके बाद उनके व्हाट्सएप से उनके सभी संपर्कों को वही संदिग्ध फाइल अपने आप फॉरवर्ड होने लगी। इसी तरह, जीवधारा वार्ड संख्या 09 निवासी मोनू कुमार (19) ने भी थाने में आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि 6 मार्च को सुबह करीब 10:05 बजे उनके व्हाट्सएप नंबर पर भी वही संदिग्ध पीडीएफ फाइल आई थी। फाइल डाउनलोड करने के बाद उनका व्हाट्सएप भी हैक हो गया और उनके नंबर से भी सभी संपर्कों को वही संदेश भेजा जाने लगा। मोनू कुमार के पिता उपेन्द्र पासवान सलेमपुर पंचायत के मुखिया हैं। इस घटना से क्षेत्र में कई लोगों के नंबर प्रभावित हुए हैं। पीड़ितों ने पुलिस से मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई करने और भविष्य में ऐसी किसी भी परेशानी से बचाने की मांग की है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

**पीपराकोठी थाने में जांच की मांग**

### थीम आधारित चित्रों में झलकी बच्चों की कल्पनाशीलता

**पीपराकोठी (एनएसबी)।** राजकीय बुनियादी विद्यालय पीपराकोठी में शनिवार को विद्यालय स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में कक्षा 1 से 8 तक के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए निर्धारित थीम पर आधारित आकर्षक चित्र बनाकर अपनी रचनात्मक प्रतिभा का प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रत्येक वर्ग से एक-एक विद्यार्थी को उत्कृष्ट चित्रकला के लिए चयनित कर सम्मानित किया गया। बच्चों के रंगों और रेखाओं में उनकी कल्पनाशीलता तथा सृजनात्मक सोच साफ झलक रही थी। इस अवसर पर प्रधानाध्यापक पंकज कुमार शर्मा ने कहा कि विद्यार्थियों का भविष्य केवल शैक्षणिक क्षेत्र तक सीमित नहीं है, बल्कि गैर-शैक्षणिक क्षेत्रों में भी उनके लिए अपार संभावनाएं हैं। उन्होंने कहा कि कला के क्षेत्र में भी बच्चों का उज्ज्वल भविष्य है, जिसे पहचानकर और तराशकर आगे बढ़ाने की जरूरत है। विद्यालय परिवार ने ऐसे आयोजनों को बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए महत्वपूर्ण है।

### राष्ट्रीय शहरी स्वस्थ्य मिशन अंतर्गत प्रदान किये जा रहे स्वास्थ्य सेवाओं पर उनमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

# नगर निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों की हुई बैठक

**मोतिहारी (एनएसबी)।** सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार एवं नगर निगम की महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी की संयुक्त अध्यक्षता में राष्ट्रीय शहरी स्वस्थ्य मिशन के अंतर्गत स्थानीय नगर निकाय एवं स्वास्थ्य विभाग के पदाधिकारियों की बैठक शहर के निजी होटल में आयोजित की गई।

बैठक में महापौर श्रीमती प्रीति कुमारी ने स्वास्थ्य विभाग के चिकित्सा पदाधिकारियों को नगर में स्वास्थ्य सुविधा और आउटरिच कैंप बढ़ाने पर जोर देने को कहा, वहीं सिविल सर्जन डॉ. दिलीप कुमार ने नगर निगम, नगर परिषद, नगर पंचायत के नव विस्तारित क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाएं की आउट रीच कैंप लगाने हेतु निगम को सहयोग करने को कहा ताकि अधिक से अधिक लोगों को स्वास्थ्य सुविधाएं मुहय्या हो सकें, उन्होंने लक्ष्य प्राप्ति हेतु जागरूकता को अनिवार्य बताया। उन्होंने आउट रिच कैंप के जगह निर्धारण हेतु एवं शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के आसपास का वातावरण स्वच्छ रखने तथा प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान एवं आउटरीच कैंप में सभी पार्षदों से सहयोग करने का अपील किया, वहीं जिला अनुश्रवण पदाधिकारी

**स्वास्थ्य सुविधा और आउटरिच कैंप बढ़ाने पर जोर**

**शहरी स्वास्थ्य केंद्रों पर उपलब्ध है परिवार नियोजन की सेवायें**



अमानुल्लाह अमन ने जानकारी देते हुए बताया की शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अंतर्गत संचालित चार यूपीएचसी है जो वर्तमान में निजी भवन में संचालित है, जिसके लिए भूमि चिन्हित करते हुए इंफ्रास्ट्रक्चर को विस्तारित करने का निर्णय लिया गया है साथ ही पंद्रह ग्रामीण स्वास्थ्य केंद्रों का परिसीमन के उपरांत नगर निगम, नगर पंचायत, एवं नगर परिषद में शामिल होने के बाद उस जगह शहरी एचडब्लूसी के लिए भूमि चिन्हित करते हुए भवन निर्माण का कार्य किया जाएगा। यूपीएचसी छतौनी में बिल्डिंग को विस्तारित करते हुए टीबी की जांच हेतु लैब के संचालन का निर्णय लिया गया है, बैठक के मंच का संचालन एवं राष्ट्रीय शहरी स्वस्थ्य मिशन से संबंधित प्रस्तुतीकरण अमित कुमार, जिला प्रबंधक पी.एस.आई. इंडिया के द्वारा किया गया।

मौके पर सिविल सर्जन डॉ दिलीप कुमार, मोतीहारी नगर निगम की महापौर प्रीति कुमारी, अरेराज नगर पंचायत के नगर अध्यक्ष, जिला कार्यक्रम प्रबंधक ठाकुर विश्वमोहन, अनुश्रवण एंव मूल्यांकन पदाधिकारी अमानुल्लाह अमन, पीएसआई के जिला प्रबंधक अमित कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. चंदन कुमार, डॉ. राहुल कुमार, डॉ. पूजा कुमारी, डॉ. अरशद अजीज, डॉ. शिवम, प्रखण्ड स्वास्थ्य प्रबंधक संध्या कुमारी, आदित्य कुमार, धर्मराज कुमार व अन्य लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### सहसौल पंचायत के विश्वनाथपुर में अग्निकांड में दो घर जले हजारों की संपत्ति राख, ग्रामीणों के सहयोग से पाया काबू



**सोनवषार्राज (सहरसा) (एनएसबी)।** स्थानीय थाना क्षेत्र अन्तर्गत सहसौल पंचायत के विश्वनाथपुर गांव में शुक्रवार की देर रात अज्ञात कारणों से लगी आग से दो परिवारों का घर जलकर राख हो गया। जिसमें सभी घरेलू उपयोग के समान जलकर राख हो गया । देर रात होने के बाबजूद भी परिजनों के हल्ला करने पर ग्रामीणों के सामुहिक सहयोग से आग पर काबू पा लिया । घटना के बाबत मिली जानकारी अनुसार विश्वनाथपुर गांव के वार्ड नं 01 में देर रात्रि अज्ञात कारणों से मोहन शर्मा एवं कुणाल शर्मा के घर में आग लग गई। जबतक ग्रामीण कुछ समझ पाते तब तक दोनों आवासीय घर को आग ने अपने चपेट में ले लिया। आग की लपटे इतनी भीषण थी की घर में रखे दैनिक उपयोग की वस्तु अनाज कपड़े इत्यादि राख हो गया कुल मिलाकर इस अगलगी में पिडित परिवारों को हजारों रूपयों की क्षति का आकलन किया जा रहा है। घटना सूचना मिलते ही सहसौल पंचायत के मुखिया शिवेंद्रनारायण सिंह ने पीड़ित परिवार से मिलकर हरसंभव मदद का भरोसा दिलाया।

### आंगनबाड़ी केंद्रों पर गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक तरीके से गोदभराई की।



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर शनिवार को गोदभराई दिवस मनाया गया। इस अवसर पर गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य और देखभाल से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। प्रखंड के आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 53 प्रियनगर में जीविका के एमआरपी रूबी कुमारी के नेतृत्व में सेविका माला देवी द्वारा गोदभराई कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान गर्भवती महिलाओं की पारंपरिक तरीके से गोदभराई की गई और उन्हें फल, मिठाई एवं पौष्टिक आहार देकर सम्मानित किया गया। साथ ही गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार लेने, समय-समय पर स्वास्थ्य जांच कराने तथा साफ-सफाई रखने के बारे में जागरूक किया गया। बाल विकास परियोजना पदाधिकारी अवंतिका कुमारी ने बताया कि प्रखंड के विभिन्न आंगनबाड़ी केंद्रों पर यह कार्यक्रम मनाया गया है। उन्होंने कहा कि गोदभराई दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य गर्भवती महिलाओं को पोषण, स्वास्थ्य सेवाओं और सरकारी योजनाओं के प्रति जागरूक करना है, ताकि मां और होने वाला बच्चा दोनों स्वस्थ रह सकें। इस मौके पर सहायिका बिल्शिया देवी, जीविका दीदी और कई गर्भवती महिलाएं मौजूद थीं।

### खेल गतिविधि संचालन व साप्ताहिक जांच परीक्षा को लेकर विभाग द्वारा विद्यालय का निरीक्षण।



**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले में शैक्षणिक व्यवस्था में सुधार के लिए जिलाधिकारी के निर्देश पर शिक्षा के साथ-साथ खेल गतिविधि को बढावा देने एवं आधारभूत संरचना विकास हेतु विभाग द्वारा सतत निगरानी की जा रही है। जिलांतर्गत प्रखंडों से संबंधित वरीय पदाधिकारियों, प्रखंड विकास पदाधिकारी, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारियों द्वारा सरकारी विद्यालय निरीक्षण क्रम में गुणवतापूर्ण शैक्षणिक व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु किए जा रहे प्रयास, विद्यालयों में शिक्षाकर्मियों, विद्यार्थियों की उपस्थिति, विद्यालय परिसर के रख रखाव की समीक्षा की गई, विद्यालय के उत्कृष्ट प्रबंधन हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। उक्त अवसर पर शैक्षणिक व्यवस्था में गुणात्मक सुधार हेतु पूर्व में दिए गए निर्देश के अनुरूप शनिवार को आयोजित साप्ताहिक जांच परीक्षा एवं खेल कूद गतिविधियों को बढ़ावा देने के उद्वेश्य से खेल सामग्रियों उपलब्धता,खेल मैदान का भी निरीक्षण किया गया है। आज आयोजित जांच परीक्षा उपरांत जांच परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत भी किया गया है।

### चोरों ने दुकान का ताला तोड़कर नगद राशि व कीमती सामानों की किया चोरी।



**सहरसा (एनएसबी)।** सहरसा मसोमात पोखर राधा कृष्ण मंदिर के आगे भोला पौद्दार के किराना दुकान में शुक्रवार की रात्रि में चोरों ने बंद दुकान का ताला व गेट तोड़कर नगद राशि व दुकान में रखे कीमती सामानों की चोरी कर ली। सदर थानाध्यक्ष को दिए गए आवेदन में मीर टोला वार्ड नं 7/38 निवासी पीड़ित दुकानदार भोला पौद्दार पिता किशुन पौद्दार ने बताया कि हर रोज की तरह शुक्रवार को अपना दुकान बंद कर चला गया। शनिवार को सुबह जब अपना दुकान खोलने आया तो देखा कि दुकान का ताला व गेट टूटा हुआ है। दुकान में रखे नगद राशि व कीमती सामान गायब है। उन्होंने सदर थानाध्यक्ष से चोरों को गिरफ्तार कर नगद राशि व सामानों की बरामदगी की गुहार लगाई है।

### ट्री कटिंग एवं मरम्मति कार्य को लेकर रविवार को विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सहरसा षहर पुराना पावर सब स्टेशन 33/11 शक्ति उपकेंद्र सहरसा से निकलने वाले कलेक्ट्रेट फीडर में ट्री कार्टिंग का कार्य किया जाना है। इस कारण रविवार को सुबह 09 बजे से 12.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। साथ ही विद्युत शक्ति उपकेन्द्र 33/11 के भी नया बाजार से निकलने वाली फीडर नया बाजार और नरियार तक उक्त फीडर में स्विच लगाने हेतु कार्य किया जाना है इसलिए सुबह 10.00 बजे से शाम 04.00 बजे तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। सहायक विद्युत अभियंता सहरसा शहरी के द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपना जरूरी काम निपटा लेंगे। मरम्मति के दौरान तकनीकी सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए बिजली आपूर्ति बंद करने का निर्णय लिया गया है। इससे कई क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति बाधित रहेगी। बिजली विभाग ने उपभोक्ताओं को सुझाव दिया है कि आवश्यक घरेलू और व्यावसायिक कार्य निर्धारित समय से पहले ही निपटा लें ताकि किसी तरह की परेशानी का सामना न करना पड़े। इस रखरखाव कार्य का उद्देश्य लाइन व उपकरणों की कार्य क्षमता को दुरुस्त रखना है ताकि निर्बाध और सुरक्षित बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सके।

### बिहार दिवस एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत बीआरसी स्तर पर क्विज व पेंटिंग प्रतियोगिता आयोजित

**विद्यापतिनगर (एनएसबी)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय मऊ बाजिदपुर दक्षिण के परिसर में शनिवार को बिहार दिवस एवं एक भारत श्रेष्ठ भारत अभियान के तहत विभिन्न विषयों पर आधारित प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें प्रखंड के 14 संकुलों से 120 छात्र और छात्राएं शामिल हुई। कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन प्रभारी बीईओ डॉ. प्रभात रंजन, नोडल शिक्षक धीरज कुमार, प्रीति कुमारी एवं शिक्षकों द्वारा दिप प्रज्ज्वलित कर किया गया। जिसमें गणित ओलंपियाड में उत्क्रमित मध्य विद्यालय साहिट के निशांत कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कन्या सिमरी के चमन कुमार, विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय मऊ बाजिदपुर दक्षिण की अंजली कुमारी तथा प्रश्नोतरी क्विज में विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय मऊ बाजिदपुर दक्षिण की प्रियांशु कुमारी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ धनेशपुर दक्षिण की ब्यूटी कुमारी, उच्च माध्यमिक विद्यालय बालकृष्णपुर मड़वा की मुस्कान कुमार और चित्रकला (पेंटिंग ) में उत्क्रमित मध्य विद्यालय मऊ धनेशपुर दक्षिण की मौसम कुमारी, उत्क्रमित विद्यालय शेरपुर ढेपुरा के आदित्य कुमार विद्यापति प्लस टू उच्च विद्यालय मऊ बाजिदपुर दक्षिण की रागनी कुमारी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया।

# तिलावे नदी में संचालित उड़ाही कार्य को अप्रैल माह के अंत तक पूर्ण करें: जिलाधिकारी



बैठक में अधिकारियों को निर्देष देते डीएम।

**सहरसा कार्यालय (एनएसबी)।** षनिवार को जिलाधिकारी दीपेश कुमार द्वारा विभिन्न तकनीकी विभागों यथा:ग्रामीण कार्य विभाग, भवन प्रमंडल, पर्यटन विभाग, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, बुडको, बिहार पुलिस भवन निर्माण निगम सहित अन्य तकनीकी कार्यालयों द्वारा क्रियान्वित योजनाओं के वर्तमान क्रियान्वयन स्थिति समीक्षा के क्रम में निमार्णाधीन योजनाओं के क्रियान्वयन में और तेजी लाने एवं निर्धारित अवधि में इसके पूर्णता हेतु ठोस कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। 'पर्यटन विभाग' द्वारा मत्स्यगंधा झील के विकास हेतु किए जा रहे कार्य समीक्षा क्रम में सुपर स्ट्रक्चर का कार्य प्रगति पर होने के संबंध में जानकारी दी गई, क्रियान्वयन एजेंसी को उक्त वर्णित कार्य और मंडन मिश्र धाम/मां उग्रतारा मंदिर के विकासात्मक कार्य में और तेजी लाने का निर्देश दिया गया है। ह्लभवन प्रमंडलह्व द्वारा किए जा रहे कार्यो समीक्षा के क्रम में वर्तमान में संचालित योजनाएं यथा:राजकीय पॉलिटेक्निक परिसर में अतिरिक्त शैक्षणिक भवन, अभियंत्रण महाविद्यालय के परिसर का चहारदीवारी, व्यवहार न्यायालय परिसर में लॉयर्स हॉल, वन स्टॉप सेंटर भवन सहित कुल उनतीस योजनाओं को अविलंब पूर्ण करने हेतु आवश्यक कारवाई का निर्देश दिया गया है। ह्लबिहार पुलिस भवन निर्माण निगमह्व द्वारा संचालित योजना समीक्षा के क्रम में ली गई बारह योजनाओं में कार्य प्रगति होने के संबंध में जानकारी दी गई। जिसको यथाशीघ्र पूर्ण करने हेतु आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया है। ह्लपूर्वी तटबंध प्रमंडल, कोपरियाह्व द्वारा किए जा रहे कार्यो समीक्षा के क्रम में जानकारी दी गई की संदर्भित क्षेत्र में तटबंध, संरचना सुरक्षित है। कटाव निरोधात्मक कार्य अंतर्गत वर्तमान में चार योजना में कार्य प्रगति पर है, जिसको यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। साथ ही अन्य तटबंध प्रमंडल को बाढ़ सुरक्षात्मक कार्यो को सर्वोच्च्य प्राथमिकता के आधार पर ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में 'तीलावे' नदी में चल रहे उड़ाही कार्य की वर्तमान प्रगति की समीक्षा की गई एवं संबंधित क्रियान्वयन एजेंसी को इस वर्ष अप्रैल माह तक शेष कार्य को अनिवार्य रूप से पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। बैठक में उप विकास आयुक्त गौरव कुमार, जिला योजना पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## सिल्वर जोन ओलंपियाड में टैगोर पब्लिक स्कूल के बच्चों ने जीते गोल्ड, सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल, दो ने हासिल की रैंक-1




टैगोर पब्लिक स्कूल के छात्र-छात्रा।

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर स्थित टैगोर पब्लिक स्कूल में सिल्वर जोन इंटरनेशनल ओलंपियाड में स्थानीय स्कूल के बच्चों ने हिंदी, अंग्रेजी, विज्ञान, सामाजिक अध्ययन, जनरल नॉलेज और गणित जैसे विषयों में शानदार प्रदर्शन किया। क्षेत्रीय, जोनल और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अंकों के आधार पर आकर्षक शील्ड, मेडल और प्रशस्ति पत्र देकर बच्चों को प्रोत्साहित किया गया। गणित विषय में सबसे अधिक बच्चे सिल्वर, ब्रॉन्ज और गोल्ड मेडल के साथ चमके। प्राइज डिस्ट्रीब्यूशन समारोह को संबोधित करते हुए प्राचार्य प्रमोद भगत ने कहा कि सिल्वर जोन के अलावा हिंदुस्तान ओलंपियाड, पब्लिक स्कूल एंड चिल्ड्रेन वेलफेयर एसोसिएशन ओलंपियाड और अरिहंत ओलंपियाड में भी बच्चे बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने जोर देकर कहा, ह्लओलंपियाड से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है और प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए वे अधिक पढ़ाई से जुड़ते हैं। सभी को ऐसे आयोजनों में भाग लेना चाहिए। रैंक-1 हासिल करने वाले दो बच्चे कन्हैया कुमार और एमडी अरहान हसन (द्वितीय वर्ग) को गिफ्ट सर्टिफिकेट से सम्मानित किया गया। गोल्ड मेडल विजेताओं में प्रथम वर्ग से अंकिता कुमारी, प्रगति शर्मा; द्वितीय से कन्हैया कुमार, अरहान हसन; तृतीय से काजल कुमारी; चतुर्थ से अंशु कुमारी; पंचम से सोनाक्षी कुमारी, आयुष कुमार; छठी से शिवांश कुमार, ऋषु राज; सप्तम से आद्या भगत, दीपा कुमारी, दिव्यांशु राज, ऋषभ केसरी, सना सलीम; अष्टम से दीपाली सिंह शामिल हैं। इसके अलावा सैकड़ों बच्चों ने सिल्वर और ब्रॉन्ज मेडल जीते।

## पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत प्रशिक्षण शिविर आयोजित



दीप जलाकर प्रशिक्षण शुभारंभ करते अतिथि।

**सहरसा षहर (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी केन्द्रीय स्तर पर संपूर्ण देश में कार्यकत्राओं को प्रशिक्षित करने के लिए पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को सहरसा नगर मंडल पुर्वी द्वारा अभिनव विवाह भवन में नगर मंडल अध्यक्ष अभिनव सिंह की अध्यक्षता एवं जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह के संचालन में प्रशिक्षण अभियान का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण कार्यशाला का उद्घाटन भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष मदन प्रसाद चैधरी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य शशि शेखर झा सम्राट, जिला उपाध्यक्ष राजीव रंजन साह, मनोज यादव, प्रशिक्षण प्रभारी विजय बसंत ने संयुक्त रूप से की। जिसमें राष्ट्रीय गीत वंदेमातरम गायन से कार्यशाला प्रारंभ हुआ। उद्घाटन भाषण देते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष साजन शर्मा ने केन्द्र एवं राज्य सरकारों की उपलब्धियों पर चर्चा की। साथ ही मदन प्रसाद चैधरी ने जनसंघ से भाजपा तक की विकास यात्रा पर भाजपा के इतिहास विकास पर चर्चा की। जिला महामंत्री शिव भूषण सिंह ने भाजपा के वैचारिक पक्ष को रखते हुए एकात्म मानववाद सांस्कृतिक राष्ट्रवाद पंचनिषठा लक्ष्य और अंतोदय से विकसित भारत के संकल्प की चर्चा की।वही अन्य गतिविधि में शामिल विषय भाजपा की कार्यपद्धति, सोशल मीडिया, नमो एप, सरल एप, बुथ प्रबंधन कुल सात विषयों पर वक्ताओं ने प्रकाश डाला। जिसमें जिला मंत्री कुमार गौरव, प्रवक्ता अभिनंदन कुशवाहा, जिला कार्यसमिति सदस्य ब्रज किशोर झा पप्पन ने विषय पर परिचर्चा की। इस अवसर पर पर महिला मोर्चा अध्यक्ष सुगामनी देवी, सजनी देवी, मीना सिंह,नगर पश्चिमी के मंडल अध्यक्ष आशिष कुमार गुप्ता, संजय साह, प्रदीप झा, रणविजय यादव, प्रभाष झा, सुरज कुमार मिश्रा, अखिलेश पांडेय, अवधेश राम, राकेश गुप्ता, पप्पु ठाकुर, अरूण जायसवाल, छोटु प्रजापति ने आगत अतिथियों का अंग वस्त्र से सवागत व सम्मान किया।

## इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष बने टुनटुन शर्मा



श्री शर्मा।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** पटना में आयोजित होली मिलन समारोह के अवसर पर इंडियन इंक्लूसिव पार्टी द्वारा बैठक आयोजित किया गया। जिसमें राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह कोषाध्यक्ष प्रोफेसर के राज द्वारा सहरसा के कोरलाही शिव मंदिर वार्ड नंबर 39 निवासी परमेश्वरी शर्मा की पुत्र टुनटुन शर्मा को प्रदेश उपाध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया। साथ ही आशा जताया कि संगठन के उद्देश्यों, नीतियों एवं जनहित के संकल्प को मजबूती से आगे बढ़ाने के लिए राज्य स्तर पर संगठन को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। पार्टी द्वारा उनके उज्जवल भविष्य एवं यशस्वी जीवन की कामना सहित नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया।पार्टी विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता ने टुनटुन शर्मा के त्याग एवं निस्वार्थ प्रेम संगठन की प्रतिनिष्ठा को देखते हुए महत्वपूर्ण जिम्मेदारी मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होने कहा कि आने वाले दिनों में प्रदेश के सभी जिलों में संगठन को नया आयाम मिलेगा।वही नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष टुनटुन शर्मा ने बताया कि इंडियन इंक्लूसिव पार्टी के विधायक इंजीनियर आईपी गुप्ता द्वारा बनाए जा रहे संगठन के स्थापना में भी सदैव अपनी भूमिका का निर्वहन किया है। उन्होंने बताया कि पार्टी द्वारा जो मुझे दायित्व दिया गया है। उसका निर्वहन ईमानदारी पूर्वक करते हुए पार्टी संगठन का व्यापक रूप से विस्तार करेंगे।साथ ही समाज के कर्मठ एवं सुयोग्य लोगों को दायित्व देकर संगठन का विस्तार करने के लिए जी जान से मेहनत करेंगे।

## आंगनबाड़ी सेविका का दिल्ली एम्स में हुई मौत, जॉन्डिस से बिगड़ी थी स्थिति आज होगा अंतिम संस्कार



**सहरसा सदर (एनएसबी)।** जिले के सिमरी बख्तियारपुर नगर परिषद क्षेत्र की आंगनबाड़ी सेविका नूतन कुमारी का शनिवार तड़के दिल्ली एम्स में निधन हो गया। वे पुरानी बाजार की निवासी थीं। मृतका के देवर वीरेंद्र कुमार ने बताया कि वे पिछले लगभग 10 दिनों से बीमार थीं। उन्हें पहले जॉन्डिस हुआ था, जिसका स्थानीय स्तर पर इलाज किया गया और वे ठीक हो गई थीं। हालांकि, कुछ दिनों बाद उनकी तबीयत अचानक फिर बिगड़ गई। गंभीर होने पर परिजन उन्हें इलाज के लिए दिल्ली एम्स ले गए। लेकिन शनिवार सुबह करीब 3:30 बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। नूतन कुमारी आंगनबाड़ी केंद्र संख्या 42, पासवान टोली में सेविका के पद पर कार्यरत थीं। वे अपने व्यवहार के कारण स्थानीय लोगों के बीच लोकप्रिय थीं। उनके परिवार में पति महेंद्र भगत, दो बेटे और देवर शामिल हैं। परिजनों ने बताया कि उनका पार्थिव शरीर दिल्ली से पैतृक गांव लाया जा रहा है। अंतिम संस्कार रविवार सुबह 10 बजे के बाद पूरे विधि-विधान से किया जाएगा। सिमरी बख्तियारपुर के सीडीपीओ राहुल मिश्रा महिला पवेक्षिका, सेविका सहित बाल विकास परियोजना के अन्य कर्मियों ने उनके निधन पर संवेदना व्यक्त की है।

## भाजपा ने नीतीश कुमार का ही नहीं बल्कि 2025 के जनादेश का भी कर लिया है अपहरण: ओमप्रकाश



सीपीआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य।

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** सीपीआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य ओमप्रकाश नारायण ने कहा कि भाजपा ने नीतीश कुमार का ही नहीं बल्कि 2025 के जनादेश का भी अपहरण कर लिया है। कुछ महीनों को छोड़ वो भाजपा के सहयोग से वर्ष 2005 से आज तक बिहार के मुख्यमंत्री हैं। बीच में दो बार महागठबंधन की सहयोग से भी मुख्यमंत्री बने। यह वह दौर था जहां विधानसभा में महागठबंधन का सक्षम संख्या बल होने के कारण भारतीय जनता पार्टी चाह कर भी नीतीश कुमार को नहीं निपटा सकी 12020 के विधानसभा चुनाव में जदयू को मात्र 43 सीट थी फिर भी वे मुख्यमंत्री बने रहे। 2025 के विधानसभा चुनाव में सामाजिक न्याय और धर्मनिरपेक्ष ताकत काफी कमजोर हो गई। विकल्पहीनता के अभाव में बीजेपी नीतीश कुमार को अपना विषैला दांत दिखाने लगी। यह गड्ढा भी नीतीश कुमार ने खुद ही खोदा है। देश के विभिन्न राज्यों में अपने सहयोगी दलों के साथ जो बीजेपी का चाल-चरित्र रहा है से सतर्क रहने की आवश्यकता थी, लेकिन नीतीश कुमार आंख बंद कर बीजेपी के एजेंडा को लागू करने में मशगूल रहे। इस कारण छ्ल प्रपंच और और विश्वास घात के बल पर जनादेश का अपहरण कर चोर दरवाजे से सत्ता की छीना झपटी की गई है। आजादी के बाद पहली बार बिहार में बीजेपी का सत्ता की ड्राइविंग सीट पर आने से राज्य में लोकतंत्र संविधान, भाईचारा, कमजोर होगा गरीबों की हकमारी बढ़ेगी, बुलडोजर संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा।

## एलएंडटी फाइनेंस कंपनी कर्मी से लूट के मामले में दूसरे आरोपी गिरफ्तार



बदमाष को जेल लकर जाती पुलिस।

**सहरसा (एनएसबी)।** 10 जनवरी को टेंगराहा गांव से कुछ आगे बांसवाड़ी के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने सिमरी बख्तियारपुर में एलएंडटी फाइनेंस कंपनी के एक कर्मी से हुई लूट के मामले में शामिल दूसरे आरोपी पुतुल कुमार को शुक्रवार देर शाम गिरफ्तार कर लिया है। बताते चले कि यह वारदात जनवरी महीने में बख्तियारपुर थाना क्षेत्र के टेंगराहा गांव के पास हुई थी। खगड़िया जिले के महेशखूंट निवासी गुड्डू कुमार एलएंडटी फाइनेंस कंपनी में कार्यरत हैं। 10 जनवरी को वे विभिन्न गांवों से कलेक्शन के पैसे लेकर सिमरी बख्तियारपुर ब्रांच लौट रहे थे। इसी दौरान टेंगराहा गांव से कुछ आगे बांसवाड़ी के पास एक बाइक पर सवार तीन बदमाशों ने उन्हें रोक लिया। पीड़ित गुड्डू कुमार ने बताया कि दो बदमाशों ने उनके हाथ पकड़ लिए, जबकि तीसरे ने हथियार दिखाकर जान से मारने की धमकी दी। बदमाशों ने उनकी पैंट की जेब से 49,300 रुपये नकद लूट लिए और मौके से फरार हो गए। घटना के बाद पीड़ित ने बख्तियारपुर थाने में एफआईआर दर्ज कराई थी। बख्तियारपुर थानाध्यक्ष अमरनाथ कुमार ने बताया कि लूटकांड के बाद से ही पुलिस की विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। इस मामले में पुलिस पहले ही एक अन्य आरोपी छोटू कुमार को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। हालिया कार्रवाई में पुतुल कुमार को गिरफ्तार किया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया है। इस संबंध में थानाध्यक्ष ने बताया कि वारदात में शामिल दो बदमाश अब सलाखों के पीछे हैं, जबकि तीसरे फरार बदमाश की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापामारी जा रही है। उसे भी जल्द ही गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# त्रिवेणीगंज में घरेलू गैस की किल्लत, उपभोक्ता परेशान, ऊंचे दाम पर बिक्री का लग रहा आरोप

**त्रिवेणीगंज (सुपौल) (एनएसबी) ।** होली पर्व के समाप्त होते ही घरेलू और कमर्शियल दोनों तरह के गैस सिलेंडरों की कमी से उपभोक्ता काफी परेशान हैं। गैस एजेंसियों पर सिलेंडर लेने के लिए लोग पहुंच तो रहे हैं लेकिन उन्हें निराशा हाथ लग रही है पर्याप्त आपूर्ति नहीं होने के कारण अधिकांश उपभोक्ताओं को खाली हाथ लौटना पड़ रहा है ।

स्थानीय लोगों का कहना है कि पिछले कई दिनों से गैस सिलेंडर समय पर उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। कई उपभोक्ता शनिवार को सुबह से लेकर शाम तक गैस एजेंसी के बाहर चक्कर लगाते नजर आए लेकिन सिलेंडर खत्म रहने के कारण उन्हें निराश होकर वापस लौटना पड़ा। गैस की किल्लत का असर घरेलू उपभोक्ताओं के साथ-साथ छोटे होटल, फुटकर दुकानदारों, ढाबा और चाय दुकानों पर भी सीधे देखने को मिल रहा है ।

उपभोक्ता ज्योतिष पासवान, जितेंद्र कुमार राजेश, पंकज लाल दास, बसंत कुमार, सुमन कुमार सिंह, श्रवण कुमार, नीतीश कुमार, सुरेश कुमार यादव, दीपनारायण यादव सहित दर्जनों उपभोक्ताओं का आरोप है कि गैस की कमी का फायदा उठाकर कुछ लोग ऊंचे दामों पर खुलेआम एलपीजी सिलेंडर बेच रहे हैं। उपभोक्ताओं का कहना है कि शनिवार दोपहर तक बाजार के कुछ स्थानों पर चोरी-छिपे 1400 , सिलेंडर की बिक्री करते देखी गई ।

इस संबंध में अभी तक किसी प्रकार की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन इलाके में इस तरह की चर्चाएं आम हैं और कई उपभोक्ता इस तरह की बातों का दावा भी कर रहे हैं। गृहिणियों का कहना है कि अचानक गैस खत्म हो जाने के बाद उन्हें खाना बनाने में काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कई परिवारों को मजबूरी में लकड़ी या अन्य वैकल्पिक साधनों का


गैस की किल्लत से लोगों की बढ़ी परेशानी।

सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं छोटे होटल और चाय दुकानदारों का कहना है कि गैस नहीं मिलने से उनके व्यवसाय पर भी असर पड़ रहा है कुछ फुटकर दुकानदारों ने बताया कि मात्र दो दिनों की दुकानदारी के लिए गैस उपलब्ध है लोगों का कहना है कि होली के बाद अचानक गैस की आपूर्ति कम हो जाने से यह स्थिति उत्पन्न हुई है।

बाजार में संचालित इंडेन गैस एजेंसी के संचालक रामनारायण रजक ने गैस की किल्लत को लेकर कोई संतोषजनक जवाब नहीं दिया, उनका कहना था कि होली की छुट्टी के कारण प्लांट से सप्लाई रहने पर ऐसी स्थिति हुई है रविवार शाम तक गैस आयेगा।

मामले को लेकर जब एमओ नेहा कुमारी से बात की गई तो उन्होंने बताया कि प्रखंड क्षेत्र में चार एलपीजी गैस एजेंसियां भवानी इंडेन, सुमित्रा एचपी गैस, अनीश इंडेन औरलहा तथा जदिया इंडेन ग्रामीण वितरक संचालित है।

उन्होंने बताया कि बाजार में संचालित एजेंसी भवानी इंडेन से संपर्क करने पर शनिवार को उनके पास मात्र एक 14.2 किलोग्राम का घरेलू गैस सिलेंडर स्टाक में शेष है। एजेंसी के अनुसार उनके यहां रनिंग कस्टमर की कुल संख्या करीब 18 हजार है। एमओ के अनुसार संचालक ने बताया कि 3 मार्च तक उपलब्ध सभी गैस सिलेंडरों का वितरण कर दिया गया है । जिसके बाद उनके पास कोई स्टाक नहीं बचा। शनिवार शाम तक तक 276 उपभोक्ताओं ने अनलाइन बुकिंग कर रखी है, लेकिन उन्हें अब तक घरेलू गैस उपलब्ध नहीं हो सकी है।

एमओ ने बताया कि अनीश इंडेन औरलहा एजेंसी में भी घरेलू गैस सिलेंडर का स्टाक बेहद कम है, जहां फिलहाल मात्र चार घरेलू गैस सिलेंडर ही उपलब्ध हैं। मामले की जांच की जा रही है जांचोपरांत स्पष्ट हो पाएगा कि घरेलू गैस सिलेंडर की उपलब्धता की सच्चाई क्या है । साथ ही उन्होंने बताया कि ऊंचे दामों पर एलपीजी सिलेंडरो की बिक्री और कालाबाजारी की अगर अथेंटिक जानकारी मिलती है तो जांचोपरांत कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल गैस की कमी को लेकर बाजार सहित अनुमंडल क्षेत्र के उपभोक्ताओं के बीच चिंता और नाराजगी का माहौल बना हुआ है।

## पिपरा में 903 लीटर शराब का हुआ विनिस्टीकरण


शराब विनिष्टिकरण करते कर्मी।

**पिपरा (सुपौल) (एनएसबी)** । बिहार मद्द निषेध एवं उत्पाद अधिनियम के तहत पिपरा थाना परिसर में शनिवार को सीओ उमा कुमारी व थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा तथा उत्पाद थाना से पहुंचे ए एसआई राहुल कुमार की मौजूी में शराब विनिष्टीकरन किया गया। इस संबंध में जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष राजेश कुमार झा ने बताया वरीय पदाधिकारी के निर्देश पर नियमानुसार थाना क्षेत्र के विभिन्न हिस्सों से जब्त किए गये कुल 903 तलीटर देशी व चुल्हाय शराब का विनिष्टीकरण किया गया।

## अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 45वीं वाहिनी बीरपुर के द्वारा 5 किलोमीटर दौड़ का किया गया सफल आयोजन

**सुपौल (एनएसबी)** । 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर द्वारा कमांडेंट श्री गौरव सिंह के कुशल मार्गदर्शन एवं नेतृत्व में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 5 किलोमीटर की दौड़ का सफल आयोजन किया गया।

इस अवसर पर सीमावर्ती क्षेत्रों के. लड़कियों एवं स्सीबल की महिलाएं द्वारा बढ-चढ़ कर भाग लिया गया । लड़कियों एवं महिलाएं के विकास को ध्यान में रखते हुए खेलों, फिटनेश तथा नारी सशक्तिकरण के ऊपर कमांडेंट श्री गौरव सिंह के द्वारा विशेष रूप से जानकारी दी गयी ।

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर फिट इंडिया मूवमेंट के तहत 5 किलोमीटर की दौड़ का सफल आयोजन किया गया । साथ ही कमांडेंट श्री गौरव सिंह के द्वारा प्रमाण पत्र



सफल प्रतिभागियों को मिला प्रमाण पत्र।

देकर सबो का मनोबल बढाया गया ।

बता दें कि 45वीं वाहिनी, सशस्त्र सीमा बल, बीरपुर सीमावर्ती क्षेत्रों में राष्ट्रीय सुरक्षा के साथ-साथ सामाजिक उत्तरदायित्वों के निर्वहन हेतु सदैव प्रतिबद्ध है तथा भविष्य में भी इस प्रकार के जनकल्याणकारी कार्यक्रमों के माध्यम से समाज के नारी सशक्तिकरण के उत्थान के लिए निरंतर प्रयास जारी रहेगी।

# पंचायत समिति की बैठक में छाया रहा स्वास्थ्य व अतिक्रमण का मामला

**पिपरा (सुपौल)** । प्रखंड मुख्यालय सभागार में शनिवार को पंचायत समिति की बैठक प्रखंड प्रमुख कंचन देवी की अध्यक्षता में आयोजित हुई।

बैठक में विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों की सड़क अतिक्रमण व स्वास्थ्य संबंधित मामला छाया रहा। विभिन्न पंचायत से आए मुखिया व पंचायत समिति सदस्य अपने अपने पंचायतों में सड़क अतिक्रमण मुक्त करवाने व बेहतर स्वास्थ्य को लेकर उप स्वास्थ्य केन्द्रों में एमबीबीएस डाक्टरों की तैनाती को लेकर सवाल उठाए।

वहीं उप प्रमुख बबलू चौधरी ने राजस्व अधिकारी पर अपने लॉगिन में दाखिल खारिज से संबंधित आवेदन लंबित रखने का आरोप लगाते हुए कहा कि रैयतों द्वारा दाखिल खारिज व परिमार्जन को लेकर किये गये आवेदन का जल्द निष्पादन करने का प्रस्ताव दिया।

पंचायत प्रतिनिधियों ने विभिन्न बिमारियों से मुक्ति के लिए ससमय डीडीटी छिड़काव


बैठक में शामिल प्रमुख, बीडीओ व सदस्य।


बैठक में शामिल सदस्य।

करवाने की बात कही। जवाब में सभी पदाधिकारियों ने अपने स्तर प्रस्ताव में लिए गये सभी बिन्दुओं को सदन की अगली बैठक से पहले पूर्ण करवाने की बात कही।

बैठक में बीडीओ अमरेन्द्र पंडित सीओ उमा कुमारी बीपीआरओ मनी कान्त कुमार प्रखंड चिकित्सा पदाधिकारी एसके चन्द्रा मनरेगा एकाउंटेंट विवेक कुमार मंडल मुखिया हरी नंदन मंडल, रेखा कुमारी, विष्णु देव मंडल, बिपिन यादव, पंचायत समिति सदस्य लक्ष्मण पासवान, नटवर मंडल बीरेंद्र शर्मा सहित अन्य मौजूद थे।

## खबरें : एक नजर में

## डीएम ने ग्रामीण कार्य विभाग के कार्यो का किया समीक्षा, दिए निर्देश


पदाधिकारियों के साथ समीक्षा करते डीएम ।

**सुपौल (एनएसबी)** । डीएम सावन कुमार, के द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग से संबंधित योजनाओं की प्रगति की समीक्षात्मक की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत संचालित विभिन्न योजनाओं एवं निर्माण कार्यो की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी योजनाओं का कार्य गुणवत्तापूर्ण निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण कराया जाए। साथ ही निर्माण कार्यो में पारदर्शिता एवं गुणवत्ता मानकों का विशेष ध्यान रखने को कहा गया। उक्त बैठक में कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, सुपौल एवं त्रिवेणीगंज उपस्थित थे।

## आयुक्त कार्यालय कोशी प्रमंडल सहरसा से प्राप्त परिवादों का डीएम ने शीघ्र निष्पादन के दिए निर्देश

**सुपौल (एनएसबी)** । समाहरणालय, सुपौल स्थित लहटन चौधरी सभागार में श्री सावन कुमार, भाप्रसे, जिलाधिकारी, सुपौल की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय, कोशी प्रमंडल, सहरसा से प्राप्त परिवादों के त्वरित निष्पादन से संबंधित एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई ।बैठक में जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि आयुक्त कार्यालय से प्राप्त परिवादों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करते हुए लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए तथा निर्धारित समय सीमा के भीतर जांच प्रतिवेदन उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने कहा कि इन मामलों की नियमित समीक्षा आयुक्त स्तर पर भी की जा रही है, इसलिए सभी पदाधिकारी गंभीरता के साथ कार्य करते हुए परिवादों का निष्पादन सुनिश्चित करें। बैठक में श्री सच्चिदानंद सुमन, अपर समाहर्ता, सुपौल, श्री विकाश कुमार, अपर समाहर्ता-सह-जिला लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी, सुपौल, श्री मनोहर कुमार साहू, अनुमंडल पदाधिकारी, सुपौल, श्री विकास कुमार कर्ण, विशेष कार्य पदाधिकारी, जिला गोपनीय शाखा, सुपौल, श्री मुकेश कुमार, वरीय उप समाहर्ता, सुपौल तथा सुश्री अंजू कुमारी, वरीय उप समाहर्ता, सुपौल उपस्थित थे। बैठक में अन्य संबंधित पदाधिकारी वीडियो कन्फ्रेंसिंग के माध्यम से भी जुड़े हुए थे। जिलाधिकारी ने सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि लंबित परिवादों के निष्पादन को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए समयबद्ध तरीके से कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।


पदाधिकारियों के साथ बैठक करते डीएम।

## अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया

**पटना(एनएसबी)** । जिलाधिकारी, पटना त्यागराजन एस़एम. के निदेश पर पटना शहर में मार्च माह के अग्रिम कैलेण्डर के अनुसार चौथे दिन भी अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाया गया। विभिन्न नगर निकायों में यह अभियान चलाया जा रहा है। इस पर जिलाधिकारी लगातार नजर रखे हुए हैं एवं नियमित समीक्षा कर रहे हैं। सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को निदेश दिया गया है कि अतिक्रमण उन्मूलन अभियान का नियमित पर्यवेक्षण करें। पुनः अतिक्रमण रोकने के लिए फालो-अप टीम लगातार सक्रिय रखें। प्रशासन, नगर निगम, ट्रैफिक पुलिस, परिवहन, राजस्व, पथ निर्माण, स्वास्थ्य, पुलिस, अगिशाम, पुल निर्माण निगम, दूरसंचार, वन प्रमंडल, विद्युत सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी अतिक्रमण हटाओ अभियान में शामिल हैं। जिलाधिकारी ने सभी संबंधित एसडीओ एवं एसडीपीओ को प्रभावी ढंग से अतिक्रमण उन्मूलन मल्टी-एजेंसी विशेष अभियान चलाने तथा व्यवधान उत्पन्न करने वालों के विरूद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई करने का निर्देश दिया है। जिला नियंत्रण कक्ष से प्राप्त सूचना के अनुसार आज पटना नगर निगम के नूतन राजधानी अंचल में 11:00 बजे पूर्वा से 02:30 बजे अपरा तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जीपीओ से तथा हिन्दुस्तान प्रेस गली से मुर्गा बाजार तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। इस अंचल में अतिक्रमण उन्मूलन अभियान में 6,500- जुर्माना वसूल किया गया। पाटलिपुत्र अंचल में 10:30 बजे पूर्वा से 02़00 बजे अपरा तक अतिक्रमण उन्मूलन अभियान चलाया गया। आज यहाँ जगदेव पथ, नेहरू पथ से आशियाना दीघा मोड़, पारस हस्पिटल, राजाबाजार, शेखपुरा मोड़, राजवंशी नगर हनुमान मंदिर तक अस्थायी अतिक्रमण हटाया गया। अतिक्रमण उन्मूलन अभियान के दौरान 2 स्टैण्डनुमा बोर्ड, सड़क किनारे से चाय दुकान, फल दुकान इत्यादि हटाया गया तथा 1 चार चक्का ठेला जब्त किया गया।

# घरेलू गैस सिलेंडर की हुई कमी, उपभोक्ताओं की बढ़ी परेशानी, आपूर्ति बाधित होने का दिया जा रहा हवाला

**राघोपुर (सुपौल) (एनएसबी)** । प्रखंड में इन दिनों घरेलू गैस सिलेंडर की भारी किल्लत से आम लोगों की परेशानी बढ़ गई है। पिछले करीब सात दिनों से गैस सिलेंडर की आपूर्ति बाधित रहने के कारण हजारों परिवारों के घरों में चूल्हा ठंडा पड़ गया है। मजबूरी में लोगों को खाना बनाने के लिए लकड़ी के चूल्हे समेत अन्य वैकल्पिक साधनों का सहारा लेना पड़ रहा है। जानकारी अनुसार प्रखंड में करीब 32 हजार गैस उपभोक्ता हैं, जो इस समस्या से सीधे प्रभावित हो रहे हैं।

गैस नहीं मिलने के कारण घरों की दिनचर्या पूरी तरह से प्रभावित हो गई है। विशेष रूप से महिलाओं और बुजुर्गो को काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि सिलेंडर मिलने की उम्मीद में हर रोज सुबह से ही प्रखंड क्षेत्र में विभिन्न गैस गोदाम के बाहर लंबी कतार लग जाती है। दर्जनों लोग सुबह-सुबह नंबर लगाने के लिए



गैस के इंतजार में उपभोक्ता।

पहुंचते हैं और घंटों इंतजार करते हैं, लेकिन कई बार सिलेंडर खत्म होने की सूचना मिलने पर उन्हें खाली हाथ वापस लौटना पड़ता है। इससे लोगों में नाराजगी भी बढ़ती जा रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले एक सप्ताह से गैस की आपूर्ति लगभग ठप है। ऐसे में कई परिवारों को लकड़ी के चूल्हे या अन्य साधनों से भोजन बनाना पड़ रहा है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही गैस की आपूर्ति सामान्य नहीं हुई तो परेशानी और बढ़ सकती है।

इस संबंध में गणपति एचपी गैस एजेंसी के व्यवस्थापक वरुण कुमार ने बताया कि गैस प्लांट से पर्याप्त मात्रा में सिलेंडर की आपूर्ति नहीं हो पा रही है। प्लांट से सीमित संख्या में ही सिलेंडर मिल रहे हैं, जिसके कारण सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस उपलब्ध कराना संभव नहीं हो पा रहा है।

उन्होंने बताया कि जैसे ही प्लांट से गैस की आपूर्ति सामान्य होगी, उपभोक्ताओं को नियमित रूप से सिलेंडर उपलब्ध कराया जाएगा। फिलहाल आपूर्ति कम होने के कारण यह समस्या बनी हुई है।

# किशनपुर प्रखंड मुख्यालय में सुधा डेयरी काउंटर का बीडीओ ने फीता काटकर किया शुभारंभ

**सुपौल (एनएसबी)** । प्रखंड मुख्यालय में शनिवार को सुधा डेयरी काउंटर का उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी पिंकी कुमारी ने फीता काटकर किया। कार्यक्रम की शुरुआत पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ हुई । उद्घाटन के बाद अतिथियों को सुधा डेयरी काउंटर पर उपलब्ध दूध, दही, घी, लस्सी सहित अन्य दुग्ध उत्पादों की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित लोगों ने काउंटर का अवलोकन कर उत्पादों की गुणवत्ता की सराहना की। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि प्रखंड मुख्यालय परिसर में सुधा डेयरी दुकान खुलने से जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, कर्मचारियों तथा स्थानीय लोगों को शुद्ध और गुणवत्तापूर्ण दुग्ध उत्पाद आसानी से उपलब्ध हो सकेगा ।प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहा कि अब प्रखंड कार्यालय आने वाले लोगों को पोषणयुक्त दुग्ध उत्पादों के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। इससे समय की बचत होगी और लोगों को



उद्घाटन पश्चात काउंटर पर मौजूद बीडीओ व अन्य।

बेहतर उत्पाद मिलेगा । संचालक सचेन्द्र कुमार नेहरु व उमेश प्रसाद यादव ने बताया कि मुख्यालय आने वाले जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं कर्मचारी अब दुग्ध उत्पादों के लिए बाहर निर्भर नहीं रहेंगे। कहा सुधा से सबंधित सभी प्रकार के उत्पाद यहां प्रिंट मूल्य पर उपलब्ध हो जाएगा । मौके पर सीओ सुशिला कुमारी, विभाष झा, बिजेन्द्र यादव, भूपेन्द्र यादव, जिला परिषद सदस्य हसनैन नोमानी, जदयू प्रखंड अध्यक्ष दिलीप कुमार यादव व सुधा कर्मी के अलावे स्थानीय गणमान्य मौजूद थे ।

## संक्षिप्त खबरें

### हरदिया में 76 वर्षीय किसान की करंट लगने से मौत

**चौथम।** हरदिया गांव में बिजली का करंट लगने से 76 वर्षीय किसान की मौके पर मौत हो गई। किसान की पहचान हरदिया निवासी प्रमोद चौधरी के रूप में की गई। वहीं घटना की सूचना पर चौथम पुलिस निरीक्षक अजीत कुमार एवं एसआई संतोष कुमार ने घटनास्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर अंत्यपरीक्षण के लिये सदर अस्पताल भेज दिया। बताया गया कि किसान प्रमोद चौधरी अपने खेत में पटवन कर रहा था। शाम हो जाने पर बिजली चालित मोटर बंद करने गया। इसी दौरान स्पर्शाधात से मौके पर उनकी मौत हो गई। इधर किसान जब देर तक घर नहीं लौटे तो उनके पुत्र सुमित चौधरी मघेवा बहियार स्थित अपनी खेत पर गया तो मोटर के पास अपने पिता को मृत पाया। इसके बाद परिजनों एवं ग्रामीणों को सूचना दी गई पुलिस को भी सूचना दी गई तब मौके से शव लाया गया। वहीं थाना अध्यक्ष ने बताया कि शव का पोस्टमॉर्टम कराकर परिजनों को सुपुर्द कर दिया गया।

### पूर्व उप मुख्यमंत्री ने किया स्कूल का निरीक्षण

**खगड़िया।** पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद आरके मिशन पब्लिक स्कूल पहुंचे जहां स्कूल के चेयरमैन मनोज कुमार भगत, डायरेक्टर राकेश कुमार रौशन तथा प्रबंध निदेशक ई. निलेश कुमार निराला, शिवम भगत, दीपक जायसवाल तथा सहरसा के चंदन भगत आदि ने स्वागत किया। उक्त अवसर पर सैकड़ों भाजपाई कार्यकर्ताओं की भी मौजूदगी रही। पूर्व उप मुख्यमंत्री तारकिशोर प्रसाद ने स्कूल का निरीक्षण किया और विजिटर्स बुक पर अपने मंतव्य को लिपिबद्ध किया। बताते चलें कि पूर्व उपमुख्यमंत्री निजी कार्य से खगड़िया पहुंचे थे। इस दौरान भाजपा के जिलाध्यक्ष शत्रुघ्न भगत के अलावे पार्टी के अन्य पदाधिकारी भी मौजूद रहे।

### वाहन जांच के दौरान 35 बोतल विदेशी शराब जब्त



**पसराहा।** पसराहा थाना क्षेत्र में शराब तस्करी के विरुद्ध पुलिस का अभियान निरंतर जारी है। थानाध्यक्ष नवीन कुमार के निर्देश पर शनिवार दोपहर सुलिस गेट से पश्चिम 14 नंबर सड़क (बांध) पर सघन वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा था। इसी क्रम में एसआई रिंशु कुमार के नेतृत्व में तैनात पुलिस को देखते ही तस्कर बाइक छोड़कर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने जब लावारिस छोड़ी गई बाइक और उसके साथ रखे झोले की तलाशी ली, तो उसमें से कुल 35 बोतल विदेशी शराब बरामद हुई। जब्त की गई शराब में 375 एमएल की आइकोनिक और ब्लेंडर्स प्राइड ब्रांड की बोतलें शामिल हैं। पुलिस ने शराब और बाइक को कब्जे में लेकर थाने पहुंचाया। थानाध्यक्ष ने बताया कि क्षेत्र में ाराब माफियाओं के नेटवर्क को ध्वस्त करने के लिए पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। फिलहाल फरार तस्कर की पहचान की जा रही है और उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई सुनिचित की जाएगी।

### सड़क दुर्घटना में तीन बाइक सवार घायल

**बेलदौर।** तीन मोहिनी भैसा डीह पुल के समीप तेज रफ्तार ऑटो के ठोकर मार देने से मोटरसाइकिल सवार तीन व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में किया जा रहा है। घायल व्यक्ति की पहचान बेलदौर नगर पंचायत के भैंसाडीह गांव वार्ड चार निवासी मुरारी शर्मा के करीब 22 वर्षीय पुत्र नीतीश कुमार, सहरसा जिले के कोपरिया पंचायत अंतर्गत मुबारकपुर गांव निवासी छोटेलाल शर्मा के करीब 26 वर्षीय पुत्र भोला शर्मा तथा मधेपुरा जिले के आलमनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत इटहरी पंचायत के श्याम टोला निवासी सत्यनारायण शर्मा के 23 वर्षीय पुत्र सतीश कुमार के रूप में हुई। पीड़ित व्यक्ति ने बताया कि वे अपने रिश्तेदार को छोड़ने भैसाडिह से तीनों व्यक्ति आलमनगर थाना क्षेत्र के बजरहा जा रहे थे। उसी दौरान तीन मोहिनी भैंसाडीह पुल के समीप बेलदौर से तेज रफ्तार में आ रहे टेंपो ठोकर मारते हुए जीरोमाइल की ओर भाग गय। ग्रामीणों ने 112 के पुलिस अधिकारी को घटना की सूचना दी। इसके बाद 112 के पुलिस पदाधिकारी घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को बेलदौर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहां उनका प्राथमिक उपचार किया गया।

### बाइक की टक्कर से साइकिल सवार युवक घायल

**गोगरी।** शनिवार की दोपहर राटन पेट्रोल पंप के निकट बाइक सवार ने साइकिल सवार युवक को टक्कर मार दी जिससे वह घायल हो गया। घटना के बाद बाइक सवार मौके से फरार हो गया। घायल युवक की पहचान नहीं हो पा रही है। बताया जाता है कि घायल युवक साइकिल से जमालपुर बाजार की ओर जा रहा था। इसी दौरान राटन पेट्रोल पंप के पास तेज रफ्तार बाइक ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर लगने से युवक सड़क पर गिर गया। आसपास मौजूद लोगों की मदद से उसे गोगरी अनुमंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज किया जा रहा है। घटना के बाद बाइक चालक मौके से भाग निकला। गोगरी पुलिस घायल युवक की पहचान और मामले की जांच में जुटी है।

### निर्माणाधीन मंदिर बनाने से रोक लगाने पर नाराजगी

**बेलदौर।** मंदिर निर्माण कार्य पर रोक लगाये जाने से शिव भक्तों में नाराजगी बनी हुई है। बताते चलें कि बेलदौर नगर पंचायत क्षेत्र के लालगोल गांव निवासी सुभाष शर्मा शिव पार्वती मंदिर का निर्माण करवा रहे थे। जिसे बिहार सरकार का जमीन बात कर अंचल अधिकारी ने रोक दिया। मालूम हो कि सुभाष शर्मा ने करीब 1 वर्ष पूर्व मंदिर निर्माण को लेकर दान में जमीन दी थी। इस संबंध में सेवानिवृत शिक्षक सुभाष शर्मा ने बताया कि अंचलाधिकारी अमित कुमार द्वारा निर्माण कार्य पर रोक लगा दिए जाने से शिव भक्तों में आक्रोश है। हालांकि इस संबंध में अंचलाधिकारी से मामले की जानकारी लेने का प्रयास किया गया तो उन्होने मोबाईल फोन रिसीव नहीं किया।

### आग लगने से हजारों की संपत्ति का नुकसान

**बेलदौर।** बोबिल पंचायत के वार्ड नंबर नौ फुलवड़िया गांव में स्थित नवटोलिया वासा में आग लगने से तीन घर जलकर राख हो गये। आस-पास के लोगों के सहयोग से आग पर काबू पा लिया गया, जिससे यह विकराल रूप धारण नहीं कर पाई। घटना शुक्रवार देर रात्रि की बताई जा रही है। इस घटना में बोबिल पंचायत के वार्ड नंबर आठ निवासी स्व. बंदेलाल साह के पुत्र शंकर साह, स्व. लतरी रजक के पुत्र जितेंद्र रजक एवं किशोर रजक के के फूस के घर जल कर राख हो गये। आग लगने के सही कारणों का पता नहीं चल पाया है। वहीं चर्चा के मुताबिक आग जान-बुझ कर लगाई गई है, जो कि जांच का विषय है। पीड़ित के मुताबिक आग लगाने का मुख्य मकसद जमीन पर अवैध कब्जा करना है। वहीं घटना की सूचना अंचलाधिकारी अमित कुमार को मिली तो उन्होंने अपने अधीनस्थ कर्मी को घटनास्थल पर भेज कर दिया है।

### एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**छपरा।** शनिवार को कृषि विज्ञान केंद्र, मांझी द्वारा मढ़ौरा प्रखण्ड के अवारी गांव में जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कृषक प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य किसानों को गरमा फसलों जैसे मूंग की सीधी बुवाई के साथ ही सब्जियों के बारे में जानकारी देनी थी। कृषि विज्ञान केन्द्र, मांझी के वरीय वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. संजय कुमार राय ने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम एवं इसके लाभ के साथ ही गरमा सब्जियों के बारे में किसानों को विस्तार से बताया। उद्यान विशेषज्ञ डॉ. जितेन्द्र चंदोला ने जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम की तकनीकों जैसे गरमा मूंग की सीधी बुआई एवं इसके उत्पादन तकनीक, प्राकृतिक खेती, पोषण वाटिका एवं सीड हब योजना के तहत दलहनी फसलों के उत्पादन के बारे में विस्तृत रूप से बताया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी डॉ. कुमार ऋषि रंजन एवं प्रखण्ड कृषि पदाधिकारी सरोज कुमार ने भी किसानों को जलवायु अनुकूल कृषि कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी दी।

# ड्रोन स्प्रे से खेती की लागत होगी कम

**पसराहा (एनएसबी)।** पसराहा पंचायत में कृषि तकनीक के क्षेत्र में आधुनिक बदलाव देखा गया है, जहां किसानों ने अपने खेतों में कीटनाशक के छिड़काव के लिए स्प्रे ड्रोन का उपयोग करना शुरू कर दिया है। कृषि क्षेत्र में ड्रोन के बढ़ते प्रयोग से से किसानों को कई स्तरों पर लाभ मिल रहा है। इसके उपयोग से

**पौधा संरक्षण विभाग के समन्वय से किसानों को मिल रही 50 फीसद रियायत**

न केवल समय की भारी बचत हो रही है, बल्कि कीटनाशकों की खपत और श्रम लागत में भी काफी कमी आई है, जिससे किसानों को आर्थिक राहत मिली है।

यह सुविधा पौधा संरक्षण विभाग, खगड़िया के समन्वय से टेक्नोग्राउंड प्राइवेट लिमिटेड, बेगुसराय की संचालिका रेमी कुमारी के माध्यम से उपलब्ध कराई गई है।



स्प्रे मशीन से खेत में कीटनाशक का छिड़काव करते किसान।

वर्तमान में इस तकनीक के तहत मात्र 209 रुपये प्रति एकड़ की दर से छिड़काव किया जा रहा है। पौधा संरक्षण विभाग खगड़िया की सहायक निदेशक (पौधा संरक्षण) रीना कुमारी ने यह जानकारी देते हुए बताया कि ड्रोन स्प्रे की कुल लागत पर किसानों को भारी छूट मिल रही है, जिसमें उन्हें केवल 50 प्रतिशत राशि का ही भुगतान करना होता है। इस योजना का लाभ उठाने के लिए किसान अपनी फार्मर आईडी का उपयोग कर डीबीटी पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इस दौरान खेत पर ड्रोन चालक विक्की कुमार, सुधांशु कुमार और दिलखुश कुमार सक्रिय रहे, जबकि पंचायत समिति सदस्य जयचंद्र कुमार और क्षेत्र के प्रमुख किसान भवेश यादव, अशोक यादव, ध्रुव यादव एवं सावन कुमार भी इस आधुनिक खेती के गवाह बने।

# उमेश कुशवाहा के नेतृत्व में संगठन और सशक्त होगा : अनुराधा कुमारी

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार में सत्तारूढ़ जदयू के प्रदेश संगठनात्मक चुनाव में विधायक उमेश सिंह कुशवाहा के तीसरी बार लगातार पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने पर खगड़िया जिला जदयू परिवार में खुशी की लहर दौड़ गई। जिले के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन की मजबूती और नेतृत्व पर भरोसे का प्रतीक बताते हुए उन्हें ढेरों बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं।

जदयू की जिला अध्यक्ष अनुराधा कुमारी कुशवाहा ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि पार्टी के सर्वमान्य नेता, राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में उमेश सिंह कुशवाहा ने अपने पिछले कार्यकाल में संगठन को मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। लोकसभा और विधानसभा चुनावों में पार्टी के बेहतर प्रर्दान तथा संगठनात्मक मजबूती के कारण ही उन्हें

**कुशवाहा के लगातार तीसरी बार पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष निर्विरोध चुने जाने पर खगड़िया जिला जदयू परिवार में खुशी की लहर**

तीसरी बार प्रदेश अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उन्होंने इसे ऐतिहासिक फैसला बताते हुए कहा कि उनके नेतृत्व में पार्टी संगठन और अधिक मजबूत, सक्रिय तथा गतिशील बनेगा। वहीं जदयू जिला प्रवक्ता आचार्य राकेश पासवान शास्त्री ने कहा कि प्रदेश अध्यक्ष कुशवाहा के नेतृत्व और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के मार्गदर्शन में समाज की अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के मिशन को और गति मिलेगी।

# सड़क हादसे में युवक की मौत

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिले के मानसी थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच-31 स्थित चुकती पुल के समीप शनिवार की सुबह भीषण सड़क हादसे में युवक की दर्दनाक मौत हो गई। मृतक महद्दीपुर निवासी पुलकित सिंह का वर्षीय पुत्र नीरज कुमार था जो मूल रूप से पूर्व सोनडीहा का रहने वाला था। इस हृदयविदारक घटना के बाद मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, शनिवार की सुबह करीब तीन बजे नीरज कुमार पार्टी में शामिल होने के बाद खगड़िया से पसराहा की ओर लौट रहे थे। इसी दौरान चुकती पुल के पास उनकी बाइक अनियंत्रित होकर आगे चल रहे ट्रक से पीछे से जा टकराई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि नीरज गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवक को तुरंत खगड़िया सदर अस्पताल पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद

**देर रात पार्टी में शामिल होकर बाइक से अपने घर लौट रहा था युवक**

उसकी नाजुक स्थिति को देखते हुए चिकित्सकों ने बेहतर इलाज के लिए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। हालांकि, भागलपुर ले जाने के क्रम में रास्ते में ही उसने दम तोड़ दिया।

मानसी थानाध्यक्ष दीपक कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घायल को अस्पताल भिजवाया था, किंतु इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया है। फिलहाल पुलिस ने दुर्घटना के कारणों की जांच शुरू कर दी है। आसपास के लोगों से पूछताछ कर आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## मुकीपुर कोठी के पास दो ई-रिक्शा की टक्कर एक ही परिवार के पांच लोग हुए घायल

**गोगरी (एनएसबी)।** गोगरी प्रखंड अंतर्गत मुकीपुर कोठी के समीप शनिवार की दोपहर करीब 12 बजे दो ई-रिक्शा के बीच जोरदार टक्कर हो गई। इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोग घायल हो गए।

बताया जाता है कि मरैया गांव से एक परिवार के पांच लोग ई-रिक्शा से महेशखूंट की ओर किसी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। इसी दौरान मुकीपुर कोठी के पास सामने से तेज रफ्तार आ रही दूसरी ई-रिक्शा ने उनकी ई-रिक्शा में जोरदार ठोकर मार दी। ठोकर इतनी तेज थी कि ई-रिक्शा पर सवार सभी पांच लोग घायल हो गए।

घटना के बाद आसपास के स्थानीय

**शनिवार दोपहर में हुआ हादसा, समारोह में शामिल होने जा रहे थे लोग**

लोगों ने मानवता का परिचय देते हुए सभी घायलों को तुरंत गोगरी अनुमंडलीय अस्पताल पहुंचाया, जहां उनका इलाज जारी है।

इधर सूचना मिलते ही गोगरी पुलिस मौके पर पहुंची और ठोकर मारने वाली ई-रिक्शा को जब्त कर लिया। पुलिस मामले की जांच करते हुए चालक से पूछताछ कर रही है।

## बिठला के पास हाइवा पलटा, चालक सुरक्षित

**परबत्ता (एनएसबी)।** प्रखंड के बिठला से आगे नव निर्मित फोरलेन सड़क पर शनिवार की दोपहर करीब दो बजे हाइवा अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे के बाद मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हाइवा तेज रफ्तार में जा रहा था। इसी दौरान अचानक चालक का संतुलन बिगड़ गया, जिससे वाहन सड़क पर पलट गया। हालांकि इस दुर्घटना में चालक सुरक्षित बताया जा रहा है।

घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए। वाहन पलटने के कारण कुछ देर तक सड़क पर आवागमन भी प्रभावित रहा। बाद में स्थिति सामान्य हो गई।

स्थानीय लोगों के अनुसार नव निर्मित फोरलेन पर तेज रफ्तार के कारण अक्सर दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। फिलहाल मामले की जानकारी पुलिस को भी दे दी गई है।

# कांग्रेस कार्यालय में दावत-ए -इफ्तार का किया गया आयोजन



दावत -ए -इफ्तार में शामिल कांग्रेस पार्टी के नेता।

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला कांग्रेस कार्यालय में दावत -ए -इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। इसमें एआईसीसी के राष्ट्रीय सचिव एवं खगड़िया विधानसभा क्षेत्र पूर्व प्रत्याशी डॉ. चन्दन यादव एवं कांग्रेस जिला अध्यक्ष डॉ. अविनाश कुमार भी मौजूद थे।

अविनाश ने आगंतुकों का स्वागत करते हुए कहा कि रमजान के इस पवित्र माह में रोजेदारों के लिए की गयी इफ्तार पार्टी से गंगा जमुनी तहजीब की मिशाल कायम हुई है। उन्होंने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम से आपसी भाई चारा और सामाजिक सौहार्द को मजबूती मिलती है। मौके पर उपस्थित सभी समुदाय के लोगों ने एक-दूसरे को

**कांग्रेस जिलाध्यक्ष बोले-इस आयोजन से गंगा-जमुनी तहजीब की मिसाल हुई कायम**

मुबारकबाद एवं बधाई दी। इफ्तार पार्टी में पूर्व जिला अध्यक्ष कुमार भानु प्रताप उर्फ गुड्डु पासवान, कार्यकारी जिला अध्यक्ष राजकिरण ठाकुर, जिला प्रवक्ता अरुण कुमार अधिवक्ता, कुमार रंजन उर्फ पप्पू यादव, सुभाष रत्न, बिप्लव रणधीर, महासचिव राजीव उर्फ गुड्डु, महिला कांग्रेस जिला अध्यक्ष शमा प्रवीण, युवा कांग्रेस जिला अध्यक्ष नवीन यादव, जिला उपाध्यक्ष रुपेश पटेल, किसान प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष घनश्याम कुावाहा, एससी-एसटी जिला अध्यक्ष पप्पू कुमार पासवान, खगड़िया प्रखंड अध्यक्ष मनोज चौधरी, नगर अध्यक्ष रौशन चंद्रवंशी, गोगरी प्रखंड अध्यक्ष रविन्द्र चौरसिया, फिरोज आलम, मौसम और रियाज सहित काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन 14 को

**खगड़िया (एनएसबी)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से 14 मार्च को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन सिविल कोर्ट खगड़िया एवं अनुमंडलीय सिविल कोर्ट गोगरी में किया जायेगा।

उक्त जानकारी देते हुए जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया के सचिव चंदन कुमार ने बताया कि 14 मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार खगड़िया राजेश कुमार बच्चन के निर्देश पर सभी विभागों के पदाधिकारी, बैंक के शाखा प्रबंधकगण एवं न्यायिक पदाधिकारी की लगातार बैठकें आयोजित की जा रही हैं। इसी क्रम में 6 मार्च को न्यायालय में लंबित बिजली विभाग से संबंधित अधिक से अधिक वादों के निष्पादन हेतु कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग खगड़िया एवं उनके अधीनस्थ कनीय अभियंताओं की बैठक आहुत की गई। इसमें उपस्थित कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग खगड़िया से जानकारी ली गई कि उनके द्वारा न्यायालय में लंबित कितने वादों को चिन्हित किया गया है और उन्हें निर्देशित किया गया कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में वैसे वादों को चिन्हित करें, जिसमें पक्षकार न्यायालय में फाइन जमा कर चुका है साथ ही कंपाउंडिंग राशि भी जमा कर चुके हैं तथा वैसे चिन्हित वादों के पक्षकारों को

**आपसी मतभेद और वैमनस्य भुला कर विवादों का प्रेम और सौहार्द से लोक अदालत में सुलह के आधार पर त्वरित निपटारा कराने की अपील**

यथाशीघ्र राष्ट्रीय लोक अदालत में उपस्थित होने हेतु नोटिस निर्गत किया जाना भी सुनिचित करें। इसके अतिरिक्त प्राधिकार के सचिव ने बताया कि इस बार राष्ट्रीय लोक अदालत हेतु लगभग 8000 वाद पूर्व वाद तथा लगभग 5000 न्यायालय में लंबित वादों को चिन्हित कर पक्षकारों को नोटिस निर्गत किया जा चुका है। साथ ही जिले की समस्त जनता से अपील की गयी है कि वे आपसी मतभेद और वैमनस्य भुला कर अपने विवादों का प्रेम और सौहार्द से आगामी लोक अदालत में सुलह के आधार पर त्वरित निपटारा कराएं तथा अपने कीमती समय और पैसे बचाएं। इसके अतिरिक्तप्राधिकार के सचिव ने यह भी बताया कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा विभिन्न प्रकार के वादों के पीड़ित-पीड़िता को प्रतिकार की राशि का भुगतान किया जाता है। इसी क्रम में मुफस्सिल थाना अंतर्गत घटित एसिड अटैक की घटना की पीड़िता को 100000 का भुगतान अंतरिम प्रतिकार के रूप में किया गया है।

# हंड्रेड मास्टर्स वेटरन बैडमिंटन चैंपियनशिप का आगाज

**खगड़िया (एनएसबी)।** बिहार बैडमिंटन संघ एवं खगड़िया जिला बैडमिंटन संघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हंड्रेड मास्टर्स वेटरन बैडमिंटन चैंपियनशिप का विधिवत उद्घाटन चित्रगुप्तनगर स्थित इंडोर हॉल में किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन आरक्षी अधीक्षक राकेश कुमार, बिहार बैडमिंटन संघ के सचिव केएन जायसवाल, सीनियर

**35 से 65 आयुवर्ग के बिहार भर के 80 खिलाड़ी ले रहे हैं इसमें हिस्सा**

डिप्टी कलेक्टर सह खेल पदाधिकारी प्रवीण कुमार तथा कला-संस्कृति पदाधिकारी घनश्याम कुमार सहित जिला बैडमिंटन संघ के पदाधिकारियों ने किया।

इस अवसर पर जिला बैडमिंटन संघ के सचिव डॉ. एच प्रसाद ने बताया कि इस टूर्नामेंट में 35 प्लस से 65 प्लस आयु वर्ग के करीब 80 वेटरन खिलाड़ियों ने विभिन्न वर्गों में भाग लिया है। उन्होंने कहा कि इस




हंड्रेड मास्टर्स वेटरन बैडमिंटन चैंपियनशिप का उद्घाटन करते अतिथि।



डबल्स वर्ग के एक मैच में भाग लेते वेटरन खिलाड़ी।

प्रकार के आयोजन से खिलाड़ियों का उत्साह और मनोबल बढ़ता है तथा खेल को बढ़ावा मिलता है।

उद्घाटन समारोह में जिला बैडमिंटन संघ के उपाध्यक्ष संजीव प्रकाश, डॉ. प्रेम कुमार, डॉ. सुनील कुमार, संयुक्त सचिव रणधीर सिंह, अमन सिन्हा, प्रेम कुमार, पूर्व सचिव डॉ. जैनेन्द्र नाहर, कोषाध्यक्ष राजेश कुमार गुप्ता, प्रकाश गिरी, डॉ. राजीव रंजन, रवि जायसवाल, डॉ. देवव्रत कुमार, डॉ. शैलेंद्र कुमार, डॉ. नागमणि नंदन, सदानंद, मुकेश, डॉ. पवन कुमार, डॉ. दीपक कुमार, डॉ. राहुल कुमार, केशव सहित कई लोग उपस्थित थे।

प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबलों में 35 प्लस सिंगल वर्ग में पटना के तरुण प्रकाश ने पटना के ही कुमार संदीप को सीधे सेटों में 21-10, 21-12 से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

50 प्लस डबल्स वर्ग में खगड़िया के डॉ. जैनेन्द्र नाहर और रणधीर सिंह की जोड़ी ने पटना के घनश्याम सिंह की जोड़ी को 21-3, 21-5 से हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई।

40 प्लस सिंगल वर्ग में प्रशांत चंद्र ने चंदन गुप्ता को हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

वहीं 60 प्लस सिंगल वर्ग में पितृष इनद्वार ने मुंगेर के लालन प्रसाद को 21-8, 21-7 से पराजित किया। इसी वर्ग में पटना के मनोज ने मुंगेर के निलेश को 21-11, 21-5 से हराया, जबकि पटना के नीरज कुमार ने सुनील को हराकर सेमीफाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा, जिसमें विभिन्न वर्गों के विजेताओं का निर्णय होगा।

# बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ योजना को जिलाधिकारी ने पौधारोपण कर किया मजबूत

**दैनिक नवसंदेश ब्यूरो**

**मुंगेर ।** अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के पूर्व संध्या पर समाहरणालय परिसर में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जिलाधिकारी निखिल धनराज निप्पाणीकर की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित किए गए।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा समाहरणालय परिसर में पौधा रोपाण किया गया। साथ ही एक जागरूकता रैली भी निकाली गयी, जिसे जिलाधिकारी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर एडीएम आपदा संजय कुमार सिन्हा, उप विकास आयुक्त अजीत कुमार सिंह, वरीय उप समाहर्ता प्रिया, वरीय उप समाहर्ता कुमारी श्वेता, डीपीओ आईसीडीएस गुंजन मौली, जिला कला एवं संस्ति पदाधिकारी सुकन्या, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका सहित सैकड़ों की संख्या में सेविका आदि उपस्थित थे।



महिला दिवस कार्यक्रम को संबोधित करते जिलाधिकारी।

संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि कहने को तो अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस एक दिन का आयोजन है, जिसे हर्षोल्लास मनाया जाता है। परन्तु देखा जाए तो महिला दिवस एक दिन का कार्यक्रम नहीं उनका योगदान पुरूषों के जीवन में 365 दिन रहता है। प्रत्येक पुरूष के जीवन तथा उनकी सफलता में महिला का अहम योगदान होता है। आज हम सभी यदि इस परिसर में खड़े हैं तो इसके पीछे हमारी मां हैं। उन्होंने ही हमें जन्म दिया और बिना स्त्री के सृष्टि की कल्पना बिल्कुल कोड़ी है। महिला सशक्तिकरण के इस दौर में आज जहां हिन्दुस्तान की प्रथम महिला महामहिम राष्ट्रपति भी एक महिला ही हैं। देश के विभिन्न राज्यों में आज महिलाएं पुरूषों के कंधे से कंधा मिलाकर देश विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहीं हैं। आज की महिलाएं सिर्फ चुल्हा-चौका या किचन तक ही सीमित नहीं रहीं, वो शिक्षित होकर न सिर्फ स्वयं का बल्कि परिवार, समाज और देश के विकास में अहम भूमिका निभा रही है। चाहे सर्वोच्च पद आईएएस, आईपीएस हो या चिकित्सक, इंजीनियर अथवा इसरो या वैज्ञानिक, या फिर राजनीति हर क्षेत्र में आज महिलाएं पुरूषों के समकक्ष खड़ी हैं। बिहार देश का ऐसा राज्य है, जहां सबसे अधिक महिलाएं पदाधिकारी अथवा कर्मी के रूप में विभिन्न क्षेत्रों में कार्यरत है, जो यह दर्शाता है कि महिला सशक्तिकरण का असर देश में किस कदर हुआ। मुख्यमंत्री ने बिहार की महिलाओं के उत्थान एवं महिला सशक्तिकरण के लिए जो कदम उठाए उसी का परिणाम है कि महिलाएं आज बिहार में सशक्त होकर हर क्षेत्र में खड़ी हैं। कई क्षेत्रों में तो महिलाएं पुरूषों से भी आगे हैं। जीविका की शुरूआत महिला सशक्तिकरण के लिए मील का पत्थर साबित हुआ और मुख्यमंत्री की यही सोच महिलाओं को आज सशक्त बनाने में अहम भूमिका निभाई।

उन्होंने उपस्थित सभी अधिकारियों एवं कर्मियों से अपील करे हुए कहा कि आप सभी अपने बच्चों को निश्चित रूप से शिक्षित बनाएं ताकि वे भी आपकी हमारी तरह अच्छे अच्छे पदों पर आसिन हो देश के विकास में अपनी भूमिका निभाएं। जिलाधिकारी ने महिला दिवस के अवसर पर उपस्थित सभी महिला अधिकारी एवं कर्मियों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

## समाजवादी विचारधारा से सौदा करने वाले शासन का अंत समाजवादी जयचंदों की जीत : सपा

### नीतीश को पदच्युत कर भाजपा ने किया लोकमत की हत्या : पप्पू

**मुंगेर (एनएसबी)।** समाजवादी विचारधारा के सौदा करने वाले नीतीश कुमार का अचानक सत्ता से बेदखल बिहार के राजनीतिक स्वरूप को बदलने की साजिश और समाजवादी जयचंदों की जीत है । उक्त बातें समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पप्पू यादव ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान बिहार के बदलते राजनीतिक परिश्य पर बिफरते हुए कहा । श्री यादव ने कहा कि नीतीश कुमार के नाम पर वोट मांग कर बिहार के सत्ता में धमक पैदा करने वाली भाजपा अपनी राजनीतिक कौशलता से धीरे-धीरे नीतीश को सत्ता से दरकिनार कर लोकमत की हत्या की साजिश कर अपने उस एजेंडों पर मोहर लगाने में सफल रहा जिसमें क्षेत्रीय पार्टियों के सफाए की साजिश है । सपाध्यक्ष ने आगे कहा की सीएम अपने बेटे के सुरक्षा व राजनीतिक भविष्य के लिए राज्य के पिछड़ा अति पिछड़ा दलित अकलियत आदिवासी और शोषितों के वोट को गिरवी रख जदयू का भाजपा में विलय का स्पष्ट संकेत दे दिया है जो बिहार लगभग 35 वर्षो से देश की राजनीतिक के सामाजिक न्याय का पहरूआ बन कई कुरीतियों को समाप्त किया। उस सामाजिक न्याय का दुखद अंत बिहार के दुर्दिन और दुर्भाग्य का आगाज है जिसके विरुद्ध समाज के हर वर्ग के लोगों को आगे आना चाहिए।



पप्पू यादव जिला अध्यक्ष समाजवादी पार्टी।

## विश्व में अमन चैन स्थापित करने को लेकर चर्च में जलाए गए कैंडल

### संत पल चर्च में मनाया गया विश्व शांति प्रार्थना दिवस

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी)।** मुंगेर जमालपुर मुख मार्ग स्थित सेंट पल चर्च में ईसाई समुदाय की ओर से विश्व शांति प्रार्थना दिवस मनाया गया।

इस मौके पर चर्च परिसर में काफी संख्या में ईसाई धर्म से जुड़ी महिलाएं इकट्ठा होकर विश्व एवं मानव कल्याण को लेकर प्रार्थनाएं की गई।

चर्च में हुए प्रार्थना विशेष कर नाइजीरिया में हुए नरसंहार एवं ईरान अमेरिका युद्ध के लिए प्रार्थना की गई एवं अपने भारतवर्ष में प्रभु शांति प्रदान करने को लेकर कैंडल जलाई गए।

प्रार्थना सभा संत पल महिला समिति के डाक्टर कविता लाल के अगवानी में हुई। वही चर्च के सचिव दीपक वटर ने कहा ईसाई महिलाओं का एक वैश्विक सर्व धर्म वादी आंदोलन है जो न्याय और शांति के लिए सूचित प्रार्थना और प्रार्थना पूर्ण कार्रवाई पर ध्यान केंद्रित करते हुए प्रत्येक वर्ष 6 मार्च के पहले शुक्रवार को आयोजित किया जाता है।इस दिन दुनिया भर के इसी विशेष कर महिलाएं शांति न्याय और समझ के लिए उपवास और प्रार्थना करते हैं यह एक दूसरे के साथ जुड़ने और सद्भाव के लिए विशेष प्रार्थना सभाएं करने का समय होता है।



चर्च में कैंडल जलाती महिलाएं।

मौके पर नेहा कश्यप, मनीष,लिली लाल, ललिता, मधु पंडित ने कैंडल जलाकर विशेष गीत प्रस्तुत किया। इस दौरान स्तुति सोरेन,आशा सोरेन,ओरनेट कुजूर, सफीरा जोजो सहित कई सदस्य मौजूद थे।

## औरे ग्राम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान का शुभारंभ

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारतीय जनता पार्टी के संगठनात्मक सुदृढ़ीकरण को लेकर चलाए जा रहे पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महा अभियान के तहत रामगढ़ चौक पश्चिम मंडल का प्रशिक्षण कार्यक्रम औरे ग्राम में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष शत्रुघ सिंह ने की।

कार्यक्रम का विधिवत उद्घाटन भाजपा के जिलाध्यक्ष दीपक कुमार सिंह एवं जिला प्रभारी संजय कुमार सहित अन्य पदाधिकारियों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस अवसर पर उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए अतिथियों ने कहा कि प्रशिक्षण कार्यक्रम कार्यकर्ताओं को संगठन की विचारधारा, कार्यपद्धति और जनसेवा के प्रति समर्पण को और मजबूत बनाने का एक सशक्त माध्यम है।

प्रशिक्षण महा अभियान के अंतर्गत कुल सात महत्वपूर्ण विषयों पर सत्रों का आयोजन किया गया। इनमें सोशल मीडिया, भाजपा का इतिहास, वैचारिक अधिष्ठान, कार्य पद्धति, कार्य विस्तार की हमारी दृष्टि, बूथ प्रबंधन तथा सरकार की उपलब्धियां एवं उनका क्रियान्वयन प्रमुख विषय रहे।

इन विषयों पर प्रशिक्षकों के रूप में आलोक राज, हिमांशु पटेल, प्रोफेसर मनोरंजन कुमार, मणिकांत सिंह, प्रोफेसर वाल्मीकि शाह, नवीन कुमार सिंह, जिला प्रभारी संजय सिंह, जिला उपाध्यक्ष संजय कुमार तथा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष आशा पासवान ने कार्यकर्ताओं को विस्तार से मार्गदर्शन दिया।



दीप प्रज्ज्वलित कर शुभारंभ करते जिलाध्यक्ष ।

इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के माध्यम से संगठन की नीतियों, विचारों और कार्यशैली को जमीनी स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर विशेष बल दिया गया। कार्यक्रम में मंडल कार्यसमिति के सभी सदस्य, विभिन्न मोर्चो के मंडल अध्यक्ष एवं महामंत्री सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल संचालन में स्थानीय कार्यकर्ताओं की सक्रिय सहभागिता रही।

## लखीसराय के जिलाधिकारी ने किया ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण, राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि भी रहे मौजूद

**लखीसराय (एनएसबी)।** भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशों के अनुपालन में जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने शनिवार को आफिसर्स कॉलोनी स्थित ईवीएम और वीवीपैट वेयर हाउस का सघन निरीक्षण किया। इस निरीक्षण का मुख्य उद्देश्य आगामी चुनावों की तैयारियों के मद्देनजर मशीनों की सुरक्षा, रख-रखाव और भंडारण व्यवस्था की मजबूती एवं पारदर्शिता की जांच करना था। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने वेयर हाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कैमरों की कार्यशीलता, प्रवेश व निकास प्रोटोकल और रिकर्ड संधारण की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने मौके पर उपस्थित अधिकारियों को निर्देश दिया कि भंडारण और सुरक्षा के मामले में निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित मानकों का अक्षरशः पालन सुनिश्चित किया जाए। प्रक्रिया की निष्पक्षता बनाए रखने के लिए जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों को भी आमंत्रित किया गया था। इस दौरान बहुजन समाज पार्टी, राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी और लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष व प्रतिनिधियों ने जिलाधिकारी के साथ पूरी निरीक्षण प्रक्रिया का अवलोकन किया। राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों ने वेयर हाउस की सुरक्षा और प्रशासनिक व्यवस्थाओं पर संतोष व्यक्त करते हुए इसकी सराहना की। इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी पम्मी रानी, जिला अभिलेखागार पदाधिकारी, सहायक कोषागार पदाधिकारी, भवन प्रमंडल के सहायक अभियंता मनोज कुमार और विद्युत प्रमंडल के सहायक अभियंता सहित निर्वाचन शाखा के कई अन्य संबंधित पदाधिकारी व कर्मी उपस्थित रहे।



निरीक्षण को पहुंचे डीएम ।

### रेल कॉलोनी के अवैध रास्ते को बंद करवाने में जुटा रेल प्रशासन

**जमालपुर (मुंगेर) (एनएसबी) ।** रेल कलोनी रामपुर में पिछले दिनों अवैध रास्ते के कारण हो रहे आवा जाहि को लेकर दो समुदाय के बीच हुए विवाद को तो रेल एवं जिला प्रशासन के पहल से सुलझा लिया गया। लेकिन शनिवार को रेल प्रशासन की ओर से उक्त अवैध रास्ते को पूरी तरीके से बंद करवाने के दिशा में कार्य शुरू हो गया। अवैध रास्ते को बंद करवाने के बारे में आईओडब्ल्यू दिनेश कुमार मंडल ने बताया कि विधि व्यवस्था को बहाल करने को लेकर रेल प्रशासन ने रेल कलोनी में अवैध रास्ते से उत्पन्न हो रहे विवाद वाले जगह को पदाधिकारी के निर्देश पर बंद कराया जा रहा है इधर अवैध रास्ता बंद होने से दो समुदाय के बीच बढ़ रहे तनाव की स्थिति ना के बराबर देखा जाएगा मौके पर आरपीएफ के सब इंस्पेक्टर बसंत कुमार. कांस्टेबल गौतम कुमार मनीष कुमार सहित कई मौजूद थे।



अवैध रास्ता को बंद करवाते रेल प्रशासन।

## लखीसराय की बेटियों को मिलेगा क्रिकेट का नया मंच, गांधी मैदान में महिला खिलाड़ियों का ट्रायल शुरू

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में खेल प्रतिभा को प्रोत्साहित करने तथा बेटियों को खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के उद्देश्य से गांधी मैदान, लखीसराय में महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का ट्रायल आयोजित किया गया। इस ट्रायल का आयोजन बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत किया जा रहा है, जिसका उद्देश्य जिले की प्रतिभाशाली बेटियों को खेल के क्षेत्र में अवसर प्रदान करना तथा उन्हें राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर तक पहुंचाने के लिए तैयार करना है।

जिला पदाधिकारी लखीसराय मिथिलेश मिश्र ने बताया कि इस ट्रायल के माध्यम से जिले के विभिन्न प्रखंडों से आने वाली प्रतिभाशाली महिला क्रिकेट खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। ट्रायल में भाग लेने वाली खिलाड़ियों में से कुल 30 प्रतिभाशाली महिला खिलाड़ियों का चयन किया जाएगा। चयन प्रक्रिया पारदर्शी तरीके से अनुभवी प्रशिक्षकों एवं खेल से जुड़े विशेषज्ञों की उपस्थिति में संपन्न कराई जाएगी, ताकि वास्तविक प्रतिभा को उचित अवसर मिल सके।

चयनित 30 खिलाड़ियों को जिला क्रिकेट एसोसिएशन, लखीसराय द्वारा एक सप्ताह का विशेष प्रशिक्षण शिविर भी प्रदान किया जाएगा। इस प्रशिक्षण शिविर में खिलाड़ियों को क्रिकेट के विभिन्न पहलुओं जैसे बल्लेबाजी, गेंदबाजी, फील्डिंग, फिटनेस एवं खेल की तकनीकी बारीकियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षित कोचों द्वारा खिलाड़ियों को आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रशिक्षित किया जाएगा, जिससे वे अपनी खेल प्रतिभा को और बेहतर ढंग से विकसित कर सकें।



ट्रायल में भाग लेते खिलाड़ी ।

प्रशिक्षण शिविर के उपरांत चयनित महिला क्रिकेट खिलाड़ियों की एक मजबूत जिला स्तरीय टीम तैयार की जाएगी, जो आगे चलकर राज्य स्तर पर आयोजित होने वाली प्रतिष्ठित हेमंत ट्रफी में लखीसराय जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। इस पहल के माध्यम से जिले में पहली बार संगठित रूप से महिला क्रिकेट टीम को तैयार किया जा रहा है, जिससे जिले की बेटियों को खेल के क्षेत्र में अपनी पहचान बनाने का अवसर प्राप्त होगा।

जिला प्रशासन का उद्देश्य है कि लखीसराय जिले की अधिक से अधिक लड़कियां खेल गतिविधियों से जुड़ें और अपने कौशल का प्रदर्शन करें। इस पहल के माध्यम से न केवल महिला क्रिकेट टीम का गठन किया जाएगा, बल्कि चयनित खिलाड़ियों को विभिन्न प्रकार के टूर्नामेंटों में भाग लेने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा, जिससे वे बड़े स्तर पर प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार हो सकें।

## खबरें : एक नजर में

### ईवीएम वेयर हउस का जिलाधिकारी ने किया निरीक्षण

**मुंगेर (एनएसबी)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी, मुंगेर निखिल धनराज निप्पाणीकर द्वारा किला परिसर इंडोर स्टेडियम स्थित ईवीएम वेयर हउस का निरीक्षण किया गया। इस मौके पर उप निर्वाचन पदाधिकारी राजीव रंजन उपस्थित थे।जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने बताया कि आज ईवीएम वेयर हउस का रूटीन निरीक्षण किया गया है। इस दौरान बिहार विधानसभा आम निर्वाचन 2025 के पश्चात वहां रखें गए सीलिंग किए ईवीएम के रख रखाव कि जांच कि गई। जांच में सभी ईवीएम सुरक्षित रूप से संरक्षित पाया गया। उन्होंने कहा कि आयोग के निर्देश अनुसार ईवीएम वेयर हउस का त्रैमासिक आंतरिक रूप से निरीक्षण करने का निर्देश प्राप्त है, उसी क्रम में आज निरीक्षण किया गया। जबकि प्रत्येक माह बाह्य रूप से निरीक्षण करने का निर्देश प्राप्त है।



निरीक्षण करते जिलाधिकारी।

### मनरेगा के अधूरे कार्यो को प्राथमिकता के आधार पर जल्द पूर्ण करने का जिला पदाधिकारी ने दिया निर्देश

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित मंत्रणा कक्ष में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) की एक महत्वपूर्ण समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य पिछले वर्षो से लंबित और अपूर्ण कार्यो की वर्तमान स्थिति का जायजा लेना और उन्हें समयबद्ध तरीके से पूरा कराना था। बैठक के दौरान जिला पदाधिकारी ने जिले के सभी प्रखंडों में संचालित मनरेगा योजनाओं की प्रगति की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने प्रखंडवार चल रहे कार्यो की वस्तुस्थिति, आधार सीडिंग एवं ई-केवाईसी की प्रगति, कार्यस्थलों पर श्रमिकों की उपस्थिति तथा निर्माण कार्यो की गुणवत्ता का गहन आकलन किया। इसके अतिरिक्त आंगनबाड़ी केंद्रों के निर्माण, जियो-बिल्डिंग स्टेटस और प्रखंड स्तरीय भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र सह मनरेगा भवन के निर्माण की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने कड़े निर्देश देते हुए कहा कि पूर्व वर्षो के जितने भी अपूर्ण कार्य हैं, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र पूर्ण कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि सभी योजनाओं में पारदर्शिता और गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा और इसके लिए नियमित मनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। भुगतान प्रक्रिया में आने वाली बाधाओं को दूर करने के लिए उन्होंने सभी लाभार्थियों एवं श्रमिकों का आधार सीडिंग और ई-केवाईसी समय पर पूरा करने का निर्देश दिया। बैठक में सरकार की महत्वाकांक्षी योजना हर खेत तक सिंचाई का पानी के तहत स्वीत कार्यो पर भी विस्तृत चर्चा हुई। जिला पदाधिकारी ने कुल स्वीत, प्रारंभ और पूर्ण हो चुके कार्यो की जानकारी लेते हुए लंबित योजनाओं को गति देने को कहा। साथ ही, आंगनबाड़ी केंद्रों में शौचालय निर्माण कार्य को समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। अंत में, जिला पदाधिकारी ने सभी प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारियों और विभागीय अधिकारियों को चेतावनी दी कि योजनाओं के क्रियान्वयन में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचाना प्रशासन की प्राथमिक जिम्मेदारी है। बैठक में उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, निदेशक जिला ग्रामीण विकास अभिकरण नीरज कुमार, निदेशक एनईपी नीरज आनंद सहित सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक में उपस्थित मनरेगा पदाधिकारी।

### पंचायत सरकार भवन निर्माण में लाएं तेजी जिला पदाधिकारी ने दिए सख्त निर्देश


**लखीसराय (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में पंचायत सरकार भवन निर्माण की प्रगति को लेकर एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान जिले में प्रस्तावित पंचायत सरकार भवनों की वर्तमान स्थिति और निर्माण कार्य में आ रही बाधाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। समीक्षा के क्रम में यह तथ्य सामने आया कि जिले की कुल 16 ग्राम पंचायतों में पंचायत सरकार भवन का निर्माण किया जाना है। इनमें से 11 पंचायतों के लिए भूमि का चयन कर उसे उपलब्ध करा दिया गया है, लेकिन शेष 5 पंचायतों में अब तक भूमि उपलब्ध नहीं हो पाई है। इस पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए जिला पदाधिकारी ने संबंधित पंचायतों के मुखिया को निर्देश दिया कि वे व्यक्तिगत रूप से पहल करते हुए जल्द से जल्द उपयुक्त भूमि का चयन सुनिश्चित करें। उन्होंने स्पष्ट किया कि भूमि उपलब्धता में देरी के कारण विकास कार्यो को बाधित नहीं होने दिया जाएगा।जिला पदाधिकारी ने कहा कि पंचायत सरकार भवन ग्रामीण प्रशासन की रीढ़ हैं, जहाँ आम जनता को सभी सरकारी सेवाएं एक ही छत के नीचे सुलभ होंगी। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि भवन निर्माण विभाग और ग्राम पंचायतें आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। बैठक में जानकारी दी गई कि ग्राम पंचायतों द्वारा बनाए जाने वाले भवनों के लिए प्राक्कलन तैयार कर स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन को भेज दिया गया है। अंत में, डीएम ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को सख्त लहजे में कहा कि पूरी प्रक्रिया को निर्धारित समय-सीमा के भीतर पूर्ण करें और कार्यो की नियमित मनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। बैठक में कार्यपालक अभियंता भवन प्रमंडल, कार्यपालक अभियंता स्थानीय क्षेत्र अभियंत्रण संगठन और संबंधित ग्राम पंचायतों के मुखिया सहित अन्य जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।



बैठक करते डीएम ।

### लखीसराय में पेयजल संकट से निपटने की तैयारी, डीएम ने चापाकल मरम्मती दल को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**लखीसराय (एनएसबी)।** जिले में गर्मी के मौसम के दौरान संभावित पेयजल संकट को देखते हुए जिला प्रशासन ने अपनी अग्रिम तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में शनिवार, 07 मार्च 2026 को जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने समाहरणालय परिसर से विशेष चापाकल मरम्मती दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस पहल का मुख्य उद्देश्य जिले के सभी प्रखंडों में खराब पड़े चापाकलों की त्वरित मरम्मत कर आम जनता के लिए स्वच्छ पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करना है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी मिथिलेश मिश्र ने कहा कि गर्मी के दिनों में अक्सर ग्रामीण क्षेत्रों में जलस्तर नीचे जाने या तकनीकी खराबी के कारण पेयजल की समस्या उत्पन्न हो जाती है। जिला प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी चापाकल खराब न रहे और लोगों को पानी के लिए असुविधा न हो। उन्होंने लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के पदाधिकारियों और तकनीकी कर्मियों को सख्त निर्देश दिया कि वे सभी प्रखंडों में सक्रिय रहकर खराब चापाकलों की पहचान करें और अविलंब उन्हें दुरुस्त करें। विभागीय जानकारी के अनुसार, जिले के प्रत्येक प्रखंड के लिए अलग-अलग मरम्मती दलों का गठन किया गया है, जिसमें कनीय अभियंता और कुशल तकनीकी कर्मी शामिल हैं। ये दल लखीसराय, सूर्यगढ़ा, पिपरिया, बड़हिया, हलसी, चानन और रामगढ़ चौक प्रखंडों में जाकर जमीनी स्तर पर कार्य करेंगे। कार्य की निगरानी के लिए सहायक अभियंता स्तर के पदाधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है। आम नागरिकों की सुविधा के लिए जिला मुख्यालय में एक नियंत्रण कक्ष (कंट्रोल रूम) भी स्थापित किया गया है। यदि किसी क्षेत्र में चापाकल खराब होता है, तो नागरिक दूरभाष संख्या 06346-296112 पर इसकी सूचना दे सकते हैं। डीएम ने स्पष्ट किया कि शिकायत मिलते ही संबंधित दल को तुरंत मौके पर पहुंचकर मरम्मत कार्य पूरा करना होगा। उन्होंने सभी प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को भी अपने क्षेत्रों में पेयजल की स्थिति पर निरंतर नजर रखने का निर्देश दिया है। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त सुमित कुमार, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग के कार्यपालक अभियंता श्री रुपेश कुमार सहित जिला प्रशासन के अन्य वरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। प्रशासन की इस सक्रियता से उम्मीद जताई जा रही है कि इस वर्ष भीषण गर्मी के दौरान भी जिलेवासियों को पेयजल की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ेगा।




हरी झंडी दिखाते डीएम ।

## संक्षिप्त खबरें

### पूर्व मंत्री का भव्य किया स्वागत

**बिहिया (एनएसबी)।** नगर स्थित दुजा महावीर क्लिनिक पर जदयू नेता लाल बहादुर महतो से मुलाकात करने पहुंचे बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह अमनौर विधायक कृष्ण कुमार मंटू जी व उनके साथ मुखिया सुशील सिंह मिले। इस दौरान बिहार के चल रहे



राजनीतिक के बारे में चर्चा की गई। इस दौरान जदयू नेता द्वारा विधायक को अंगवस्त्र व महात्मा बुद्ध के मोमेंटो सप्रेम भेंट दिया गया। पूर्व मंत्री ने कहा कि व्यस्तता के कारण 28 फरवरी को नहीं पहुंच पाया था। मौके पर जदयू के वरिष्ठ नेता रोहित कुमार ओझा, सरपंच संघ अध्यक्ष भाई मनजी यादव, युवा जदयू के प्रखंड अध्यक्ष बिमलेश यादव, रालोमों प्रखंड अध्यक्ष तेज नारायण सिंह कुशवाहा, डॉ राजु सिंह, नीतीश कुशवाहा, प्रभात राम, आकाश कुमार आदि थे।

### भदवर पैक्स चुनाव : अध्यक्ष पद के लिए दो, सदस्य के लिए 17 प्रत्याशियों ने किया नामांकन

**कोईलवर (एनएसबी)।** प्राथमिक कृषि साख सहयोग समिति (पैक्स) भदवर के अध्यक्ष पद तथा प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए नामांकन की प्रक्रिया शनिवार को समाप्त हो गई। नामांकन के अंतिम दिन तक अध्यक्ष पद के लिए दो प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए कुल 17 प्रत्याशियों ने अपना नामांकन पर्चा भरा। प्रखंड निवार्ची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी बीर बहादुर पाठक ने बताया कि भदवर पैक्स के अध्यक्ष और प्रबंध कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न हो गई है। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नामांकन पत्रों की संवीक्षा, नाम वापसी तथा चुनाव चिन्ह आवंटन की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। उन्होंने बताया कि पैक्स चुनाव के तहत 18 मार्च को कोपरेटिव भवन, बहियारा में मतदान कराया जाएगा। चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। इस चुनाव में भदवर पंचायत के लगभग 2100 किसान मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। मतदान के लिए कुल तीन मतदान केंद्र बनाए गए हैं।

### सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा में बाल प्रतियोगिता निकेतन इब्राहिमपुर के 16 छात्र सफल

**पीरो (एनएसबी)।** अनुमंडल मुख्यालय स्थित आवासीय बाल प्रतियोगिता निकेतन इब्राहिमपुर के 16 छात्रों नें सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा 2026 में सफलता हासिल की है। संस्थान के निदेशक विजयेंद्र कुमार राय के अनुसार सफल छात्रों में कनई गांव निवासी संतोष कुमार के पुत्र रणवीर कुमार, उदनडीह निवासी लालबाबू सिंह के पुत्र अमित कुमार मेहता, इब्राहिमपुर निवासी सुरेन्द्र कुमार के पुत्र आयुष कुमार, बसौरी निवासी उपेन्द्र कुमार सिंह के पुत्र संदीप कुमार सिंह, गोविंदडीह निवासी अजय कुमार के पुत्र प्रिंस राज, पीरो निवासी डा. कुंदन पटेल के पुत्र लव कुमार, दामोदर पुर निवासी योगेंद्र कुमार के पुत्र विपिन कुमार, बसडीहा गांव निवासी रामप्रवेश प्रसाद के पुत्र ओमप्रकाश, गालिमपुर निवासी हरि ओम कुमार सिंह, कुर्मी चक निवासी विवेक कुमार, बेलडिहरी निवासी युवराज कुमार सिंह, बेलाउर निवासी पियुष कुमार, तकिया निवासी अमृत लाल, खननी कलां निवासी पुष्कल कुमार व गुलजार पुर निवासी उमेश कुमार के पुत्र धनिक कुमार शामिल हैं। इन छात्रों ने आवासीय बाल प्रतियोगिता निकेतन के शिक्षकों के मार्गदर्शन में प्रवेश परीक्षा की तैयारी की थी। संस्थान के शिक्षकों ने उक्त छात्रों की सफलता पर बधाई देते हुए कहा कि ये छात्र सैनिक स्कूल से पढाई कर देश की सेना का गौरव बढाएंगे।

### कक्षा 9वीं की वार्षिक परीक्षा 18 मार्च से

**पीरो (एनएसबी)।** सरकारी विद्यालयों में कक्षा 9वीं वार्षिक परीक्षा 18 मार्च से शुरू होगी जो 23 मार्च तक चलेगी। वहीं 11वीं कक्षा की परीक्षा 16 मार्च से शुरू होकर 24 मार्च को समाप्त होगी। परीक्षा के लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने विधिवत कार्यक्रम जारी किया है। समिति द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार कक्षा 9वीं की 18 मार्च से शुरू होने वाली परीक्षा के पहले दिन प्रथम पाली में मातृभाषा (हिन्दी, उर्दू, बंगला, मैथिली) व दूसरी पाली में सामाजिक विज्ञान की परीक्षा आयोजित की जाएगी। 19 मार्च को प्रथम पाली में गणित व दूसरी पाली में अंग्रेजी 20 मार्च को प्रथम पाली में द्वितीय भारतीय भाषा( संस्कृत, अरबी, फारसी, भोजपुरी, हिन्दी) व दूसरी पाली में विज्ञान के अलावे केवल दृष्टि बाधित विद्यार्थियों की संगीत की परीक्षा होगी। 23 मार्च को प्रथम पाली में ऐच्छिक विषय( उच्च गणित, वाणिज्य, अर्थशास्त्र, फारसी, गृह विज्ञान, ललित कला, अरबी, फारसी, संस्कृत, मैथिली व संगीत) व दूसरी पाली में ऐच्छिक विषय (व्यवसायिक ट्रेड-सुरक्षा, ब्यूटीशियन, टूरिज्म, रिटेल मैनेजमेंट, आटो मोबाइल, टेलिकॉम, आई टी, इलेक्ट्रॉनिक व हार्डवेयर) की परीक्षा आयोजित की जाएगी। कक्षा 11वीं की परीक्षा भी दो पालियों में आयोजित होगी। इसके लिए बिहार विद्यालय परीक्षा समिति ने विस्तृत गाइडलाइन जारी किया है। वार्षिक परीक्षा पूरी तरह बोर्ड परीक्षा के तर्ज पर आयोजित होगी। परीक्षा 3 घंटे की होगी। परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र पढने व समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

### घर से लापता युवक का शव छठे दिन बरामद, मचा कोहराम

**गड़हनी (एनएसबी)।** आजमनगर गांव से लापता युवक का शव छठे दिन बरामद हुआ। उसका शव थाना क्षेत्र के मंदुरी गांव स्थित बनास नदी से शुक्रवार की दोपहर बरामद किया गया। मृतक का दोनों पैर का तलवा, हथेली एवं बदन का चमड़ा पानी से फूला हुआ पाया गया। वहीं परिजन द्वारा हत्या कर शव को पानी में फेंके जाने का आरोप लगाया जा रहा है। जानकारी



के अनुसार मृतक गड़हनी थाना क्षेत्र के आजमनगर गांव निवासी राज नारायण सिंह का 22 वर्षीय पुत्र मंजित कुमार उर्फ भुअर है। बताया जाता है कि बीते रविवार की दोपहर करीब एक बजे वह घर से निकला था और उसके घर वापस नहीं लौटा। परिजन द्वारा उसकी काफी खोजबीन की गई थी। लेकिन कुछ पता नहीं चल पाया। इस संबंध में मृतक के पिता राज नारायण सिंह द्वारा 3 मार्च को गड़हनी थाना में उसके लापता होने के संबंध में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी। जिसके बाद पुलिस एवं परिजन द्वारा उसकी तलाश की जा रही थी। इसी बीच शुक्रवार की दोपहर मदुरी गांव स्थित बनास नदी से उसका शव बरामद किया गया। वहीं परिजन द्वारा उसकी हत्या कर उसके शव को पानी में फेंक जाने का आरोप लगाया जा रहा है।

### गाड़ी से उतरते ही चकमा देकर भाग निकला आरोपित, पुलिस ने खदेड़ कर पकड़ा

**आरा (एनएसबी)।** साइबर थाना पुलिस को चकमा देकर एक आरोपित भाग निकला। हालांकि पुलिस द्वारा उसे तुरंत ही खदेड़ कर उसे पकड़ लिया गया। उसे लेकर साइबर थाने में देर तक अफरा-तफरी मची रही। बताया जा रहा है कि साइबर पुलिस किसी मामले के एक आरोपित को गिरफ्तार थाने कर ला रही थी। साइबर थाने के गेट के पास पहुंचते ही आरोपित पुलिस की गाड़ी से उतरा कर भागने लगा। हालांकि पुलिस द्वारा खदेड़ कर उसे पकड़ लिया गया।

### सड़क हादसे में अनाज कारोबारी समेत दो जख्मी

**आरा (एनएसबी)।** जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में बाइक सवार अनाज कारोबारी समेत दो लोग जख्मी हो गए। पहली घटना आरा-बक्सर फोरलेन पर जिले के बिहिया थाना क्षेत्र के अमराई नवादा गांव के समीप की है। जहां शनिवार की सुबह अज्ञात वाहन ने बाइक सवार अनाज कारोबारी को टक्कर मार दी। उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल से पटना रेफर कर दिया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी बक्सर जिले के ब्रह्मपुर थाना क्षेत्र के रहथुआ गांव निवासी सूरज साह के 46 वर्षीय पुत्र राजेश कुमार गुप्ता है। इधर, जख्मी कारोबारी के परिजन ने बताया कि वह शनिवार की सुबह बाइक द्वारा अपने गांव से आरा किसी काम से आ रहे थे। उसी दौरान अमराई नवादा गांव के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उनके बाइक में टक्कर मार दी। जबकि दूसरी घटना गड़हनी थाना क्षेत्र के अगिआंव बाजार के समीप की है। जहां शनिवार की दोपहर चलती बाइक से गिरकर एक महिला गंभीर रूप से जख्मी हो गई। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए अगिआंव पीएचसी से सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी महिला चैरी थाना क्षेत्र के बेरथ गांव निवासी राम अवतार सिंह की 30 वर्षीया पत्नी पुष्पा कुमारी है।

---

**योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु विभागों के बीच बेहतर समन्वय स्थापित करने पर सांसद ने दिया जोर**

# विकास कार्यों में तेजी लाएं अधिकारी : सुदामा

**आरा (एनएसबी)।** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की अध्यक्षता में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक समाहरणालय सभागार, आरा में आयोजित की गई। बैठक के क्रम में सांसद सुदामा प्रसाद ने गत बैठक के अनुपालन प्रतिवेदन के आधार पर जिले में संचालित विभिन्न प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की तथा संबंधित पदाधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान डॉ. आंबेडकर समग्र सेवा अभियान, महिला संवाद, बिहार स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना, कुशल युवा कार्यक्रम, हर पंचायत में प्लस टू विद्यालय, उच्चतर शिक्षा हेतु महिलाओं को प्रोत्साहन योजना, आयुष्मान भारत योजना, प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना, पंचायत



जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक में सांसद, मंत्री, विधायक व अधिकारी।

सरकार भवन, घर तक पक्की गली-नालियां, कृषि फीडर का निर्माण, हर खेत तक सिंचाई का पानी, दाखिल-खारिज, परिमार्जन प्लस, मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, हर घर नल का जल, ग्रामीण पथों का अनुरक्षण, प्रत्येक ग्राम पंचायत/नगर पंचायत में स्पोर्ट्स क्लब का गठन, प्रत्येक पंचायत में खेल का मैदान, परवरिश योजना, महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना, जीविका स्वयं सहायता समूह, जल-जीवन-हरियाली, प्रधानमंत्री आवास योजना, मुख्यमंत्री आवास योजना, लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान, राशन कार्ड से संबंधित प्रतिवेदन, खाद्यान्न उठाव एवं वितरण से संबंधित प्रतिवेदन तथा धान अधिप्राप्ति सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई।

इस अवसर पर संजय सिंह टाइगर, मंत्री, श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, बिहार सरकार, विधायक जगदीशपुर भगवान सिंह कुशवाहा, विधायक संदेश राधाचरण साह, विधायक शाहपुर राकेश रंजन तथा माननीय विधायक तरारी विशाल प्रशांत उपस्थित रहे। इसके साथ ही आरा नगर निगम की माननीय महापौर श्रीमती इंदु देवी, उप विकास आयुक्त श्रीमती गुंजन सिंह, अपर समाहर्ता, नगर आयुक्त (आरा नगर निगम), सभी प्रखंड प्रमुख, सिविल सर्जन, संबंधित जिला स्तरीय पदाधिकारी तथा अन्य संबंधित पदाधिकारी भी बैठक में उपस्थित रहे।

# जमीन का बकाया है लगान तो जल्द कर दें भुगतान

**लगान बकाया रहने पर इस मामले में अब होगी सख्ती**



प्रखंड सह अंचल कार्यालय कोईलवर।

**कोईलवर (एनएसबी)।** बिहार सरकार के भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग से प्राप्त नए निर्देश के आलोक में कोईलवर अंचल प्रशासन ने सभी जमाबंदी धारकों से अपनी जमीन का राजस्व लगान शीघ्र जमा करने की अपील की है। इस संबंध में शनिवार को जानकारी देते हुए राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने कहा कि जिन लोगों ने अब तक अपनी जमीन का राजस्व लगान नहीं भरा है, वे जल्द से जल्द इसका भुगतान सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि अंचल क्षेत्र में कई ऐसे जमाबंदी धारक हैं जिनका वर्षों से राजस्व लगान बकाया है। सरकार द्वारा इस मामले को गंभीरता से लेते हुए बकाया लगान की वसूली के लिए स्पष्ट निर्देश जारी किए गए हैं। ऐसे में जिन लोगों का लगान अभी तक लंबित है, वे बिना विलंब किए इसे जमा कर दें।

**भूमि एवं राजस्व सुधार विभाग के नए निर्देश के बाद राजस्व अधिकारी ने जारी की अपील**

राजस्व अधिकारी ने कहा कि राजस्व लगान जमा करने के बाद जमीन से संबंधित अभिलेखों और कागजातों को भी अद्यतन कराना आवश्यक है। अभिलेख अपडेट होने से जमीन मालिकों को सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं और सुविधाओं का लाभ लेने में आसानी होगी। उन्होंने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि बकाया लगान का भुगतान जल्द नहीं किया गया तो संबंधित जमाबंदी धारकों को नोटिस जारी किया जाएगा। इसके बाद भी भुगतान नहीं होने की स्थिति में विभाग द्वारा नियमानुसार आगे की कानूनी प्रक्रिया अपनाई जाएगी। राजस्व अधिकारी ने सभी जमीन मालिकों से अपील की है कि वे समय रहते अपना राजस्व लगान जमा कर दें, ताकि अनावश्यक परेशानी और कानूनी कार्रवाई से बचा जा सके।

### गाली-गलौज करने के विवाद में युवक को पीटा

**बड़हरा (एनएसबी)।** सेमरिया गांव में शनिवार के दोपहर गाली-गलौज करने की विवाद में एक युवक की पिटाई कर दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जानकारी के अनुसार जख्मी बड़हरा थाना क्षेत्र के सेमरिया गांव निवासी सूरज यादव का 40 वर्षीय पुत्र हरी शंकर यादव है। बताया जाता है कि शनिवार की दोपहर नशे की हालत में पड़ोसी द्वारा उसे गाली-गलौज किया जा रहा था। जब उसने गाली देने से मना किया, तो उक्त पड़ोसी द्वारा उसकी पिटाई कर दी गई। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है।

# हिन्दी अधिकार सह सम्मान मंच की बैठक



वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में बैठक।

**आरा (एनएसबी)।** वीर कुंवर सिंह विश्वविद्यालय के स्नातकोत्तर हिन्दी विभाग में शनिवार को हिन्दी अधिकार सह सम्मान मंच की प्रथम बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में विश्वविद्यालय के विभिन्न अंगीभूत महाविद्यालयों के हिन्दी विभागाध्यक्षों और शिक्षकों ने भाग लिया। बैठक में हिन्दी के अकादमिक और रचनात्मक विकास को लेकर विचार-विमर्श किया गया। अध्यक्षता विभागाध्यक्ष प्रो. बजरंग प्रताप केसरी ने की। उन्होंने कहा कि हिन्दी के अकादमिक और रचनात्मक उत्थान के लिए शिक्षकों को सक्रिय भूमिका निभानी होगी। साथ ही हिन्दी को राजभाषा के रूप में उसकी उचित गरिमा दिलाने के लिए व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी शिक्षकों से इस मुहिम से जुड़ने की अपील की। बैठक में प्रो. रणविजय कुमार, डॉ. नीरज कुमार, डॉ. नवनीत कुमार राय, नीलाम्बुज सिंह, डॉ. मुकेश कुमार राम, डॉ. शिखा सिंह, डॉ. राजेश विश्वकर्मा, डॉ. अमरेश कुमार, डॉ. अंजू कुमारी, डॉ. चुन्नन कुमारी, डॉ. सुमन कुमारी, डॉ. शुचि स्नेहा और डॉ. ज्योति समेत कई शिक्षकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में सभी अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया गया। इस मौके पर विभाग के शोधार्थी आनंद, संदीप, प्रीतम, जाह्नवी, वंदना, संजू और आकाश सहित स्नातकोत्तर के कई छात्र-छात्राएं भी मौजूद रहे। बैठक में हिन्दी के प्रचार-प्रसार और उसके अधिकार व सम्मान को बढ़ाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया गया।

# पुराना टैक्स भरें, जुर्माना भूल जाएं

**बिहिया (एनएसबी)।** बिहिया नगर पंचायत के निवासी हैं और होल्डिंग टैक्स नहीं जमा किए हैं तो जल्द करें। नगर पंचायत प्रशासन ने आपके बटुए को राहत देने और शहर के विकास को रफ्तार देने के लिए वन टाइम सेटलमेंट योजना का बिगुल फूंक दिया है। यह खबर आपके लिए किसी लॉटरी से कम नहीं है, क्योंकि अब आपको पुराने बकाये पर भारी-भरकम ब्याज या जुर्माना देने की जरूरत नहीं है। बस मूल राशि जमा कीजिए और अपनी जिम्मेदारी से मुक्त हो जाइए। मार्च तक नगर पंचायत के अधिकारियों ने साफ कर दिया है कि मार्च महीने के अंत तक ही उपलब्ध है। इसके बाद ओटीएस की मियाद खत्म हो जाएगी। प्रशासन ने स्पष्ट शब्दों में कहा है कि बिहिया के विकास और नागरिक सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए टैक्स वसूली का यह सघन अभियान शुरू किया गया है।

**क्या है इस योजना की खासियत?**

**100 प्रतिशत ब्याज माफी :** पुराने टैक्स पर सालों से जमा हुआ ब्याज पूरी तरह माफ

**जुर्माना खत्म :** विलंब शुल्क या किसी भी प्रकार के दंड से पूरी राहत- आपको केवल वही राशि चुकानी है जो आपका वास्तविक टैक्स बनता है। प्रशासन ने जहां एक हाथ से राहत दी है, वहीं दूसरे हाथ में कानून का डंडा भी रखा है। नगर पंचायत ने आगाह किया है कि जो लोग इस छूट की अवधि (मार्च) के भीतर टैक्स जमा नहीं करेंगे, उन्हें डिफाल्टर की श्रेणी में डाल दिया जाएगा। समय सीमा समाप्त होने के बाद न केवल ब्याज और जुमार्ना दोबारा जुड़ जाएगा, बल्कि प्रशासन संपत्ति कुर्की और बैंक खातों को फ्रीज करने जैसी सख्त कानूनी कार्रवाई भी कर सकता है। विकास में बनें भागीदार, न कि बाधा। नगर प्रशासन ने नागरिकों से भावुक और जिम्मेदार अपील करते हुए कहा है कि बिहिया का विकास तभी संभव है जब हर नागरिक अपनी भागीदारी सुनिश्चित करे। सड़क, नाली, लाइट और सफाई जैसी सुविधाएं आपके द्वारा दिए गए टैक्स से ही बेहतर होती हैं। इसलिए, किसी भी दंडात्मक कार्रवाई से बचने के लिए अपनी होल्डिंग आईडी तुरंत जेनरेट करवाएं और टैक्स जमा करें।

## करंट की चपेट में आने से दो महिला घायल, रेफर

**आरा (एनएसबी)।** नवादा थाना क्षेत्र के अलग-अलग मोहल्ले में विद्युत करंट की चपेट में आने से दो महिला घायल हो गई। दोनों को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। जहां से एक को बेहतर इलाज के लिए पटना रेफर कर दिया गया। पहली घटना नवादा थाना क्षेत्र के श्री टोला मोहल्ले की है। जहां शनिवार की सुबह करंट की चपेट मैं आने से महिला बुरी तरह झुलस गई। उक्त महिला नवादा थाना क्षेत्र के श्री टोला मोहल्ला निवासी अजय कुमार पासवान की 20 वर्षीया पत्नी नंदनी कुमारी है। इधर, घायल महिला के परिजन में बताया कि शनिवार की सुबह वह घर में मोटर चालू कर रही थी। उसी दौरान वह में करंट की चपेट में आ गई। जबकि दूसरी घटना नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव की है। जहां गुरुवार की सुबह पानी गर्म करने वाली मशीन से करंट लगने से एक महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। जानकारी के अनुसार घायल महिला नवादा थाना क्षेत्र के पकड़ी मोहल्ला निवासी 45 वर्षी आशा देवी है। इधर, घायल के परिजन ने बताया कि शनिवार की सुबह वह बाल्टी में मशीन से पानी गर्म कर रही थी। उसी दौरान उसका हाथ पानी गर्म करने वाली मशीन से स्पर्श कर गया।

## छत में लगे बांस से लटका मिला युवक का शव

**आरा (एनएसबी)।** जिले के उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चकिया गांव में शनिवार की सुबह छत में लगे बांस से लटका एक युवक का शव बरामद हुआ। परिजन द्वारा आत्महत्या करने की बात कही जा रही है। शव मिलते ही गांव व आसपास के इलाके में सनसनी मच गई। सूचना पाकर स्थानीय थाना घटनास्थल पर पहुंची और मामले की छानबीन में जुट गई। जानकारी के अनुसार मृतक उदवंतनगर थाना क्षेत्र के चकिया गांव निवासी पुरुषोत्तम सिंह का 22 वर्षीय पुत्र ओम प्रकाश है। इधर, मृतक के पिता पुरुषोत्तम सिंह ने बताया कि शुक्रवार की रात करीब ग्यारह बजे खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने चला गया था। शनिवार की सुबह जब वे उसे चाय पीने के लिए उठाने गए। उसके कमरे का दरवाजा खटखटाया, तो कोई उतर नहीं मिला। जिसके बाद परिजनों ने खिड़की से झांक कर देखा, तो उसका शव कमरे के करकट के छत में लगे बांस से लटका हुआ मिला। तब दरवाजा तोड़कर उसके शव को नीचे उतारा गया। इसके पश्चात पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम सदर अस्पताल में करवाया। वहीं दूसरी तरफ मृतक के पिता पुरुषोत्तम सिंह ने किसी भी व्यक्ति पर किसी भी प्रकार का कोई आरोप या आशंका नहीं जताया है। बहरहाल पुलिस अपने स्तर से मामले की छानबीन कर रही है। बताया जाता है कि मृतक अपने तीन भाई व एक बहन में छोटा था। उसके परिवार में मां रामावती देवी, दो भाई चेता, ओमकार एवं एक बहन है। घटना के बाद मृतक के घर में कोहराम मच गया। उसकी मां रामावती देवी एवं परिवार के सभी सदस्यों का रो-रोकर बुरा हाल है।

**परिजन द्वारा आत्महत्या करने की कही जा रही बात**

## पनवारी गांव निवासी बाइक मैकेनिक के पुत्र अमन कुमार को यूपीएससी में 603 वीं रैंक

**पीरो (एनएसबी)।** अनुमंडल अंतर्गत पनवारी गांव निवासी बाइक मैकेनिक मनोज शर्मा के पुत्र अमन कुमार ने संघ लोक सेवा आयोग की सिविल सेवा परीक्षा में 603 वीं रैंक हासिल कर परिवार के साथ साथ भोजपुर जिले का मान बढाया है। अमन एक साधारण परिवार से आते हैं लेकिन वे बचपन से ही होनहार रहे हैं। वैसे उनकी प्रारंभिक शिक्षा गांव के विद्यालय से हुई थी। जबकि कक्षा 6 से 12 वीं तक उन्होंने सिमुलतला आवासीय विद्यालय से पढाई की। इंटरमीडिएट के बाद उनका चयन संयुक्त प्रवेश परीक्षा के माध्यम से भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (बीएचयू) वाराणसी में हुआ। जहां से उन्होंने सफलतापूर्वक बीटेक की डिग्री प्राप्त की। वर्ष 2024 में वे बिहार लोक सेवा आयोग की परीक्षा में सफल होकर अवर निबंधन पदाधिकारी के पद पर तारापुर में पदस्थापित किए गए थे। इस बीच उन्होंने यूपीएससी के लिए चार बार प्रयास किए और अंततः चैथे प्रयास में उनकों वांछित सफलता मिल ही गई। अमन के अनुसार उन्हें भरोसा था कि वे इस प्रतिष्ठित परीक्षा में अवश्य सफल होंगे। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता से मिली प्रेरणा व उच्च अधिकारियों से प्राप्त सहयोग को दिया है। अमन के अनुसार अवर निबंधन पदाधिकारी के पद पर रहते सहकर्मियों से भी काफी सहयोग मिलता रहा। उनकी इस सफलता से परिवार के साथ साथ गांव व इलाके के लोग गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। मौके पर प्रधान शिक्षक राजीव रंजन सिंह, प्राथमिक विद्यालय रकटू टोला के शिक्षक वीरेंद्र कुमार आजाद, संतोष कुमार द्विवेदी, चंद्रभानू पांडेय, गोरखनाथ सिंह, शंकर प्रसाद सिंह, अजय कुमार सिंह, विनीत कुमार श्रीवास्तव, नरेंद्र कुमार आदि थे।

**अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी व राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने सुनी फरियाद**

# जनता दरबार में आये छह का हुआ समाधान

**कोईलवर (एनएसबी)।** भूमि विवाद से जुड़े मामलों के त्वरित समाधान के उद्देश्य से शनिवार को कोईलवर अंचल सभागार में जनता दरबार का आयोजन किया गया। जनता दरबार में अंचलाधिकारी प्रियंका कुमारी एवं राजस्व अधिकारी राजभूषण सिंह ने विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनते हुए आवश्यक निर्देश दिए। सुनवाई के दौरान पहला मामला बबुरा थाना क्षेत्र के दुर्जनचक गांव से आया, जिसमें टुनटुन राय प्रथम पक्ष तथा गणेश राय समेत अन्य लोग द्वितीय पक्ष थे।



प्रथम पक्ष ने आरोप लगाया कि दूसरे पक्ष द्वारा मकान निर्माण किए जाने से रास्ता बंद हो गया है। मामले की सुनवाई करते हुए अंचलाधिकारी ने बताया कि उक्त जमीन से संबंधित मामला न्यायालय में लंबित है, इसलिए अंतिम निर्णय आने तक प्रतीक्षा करना उचित होगा। जनता दरबार में आए कुल छह मामलों का दोनों पक्षों की सहमति से मौके पर ही निपटारा कर दिया गया, जिससे संबंधित लोगों को राहत मिली। वहीं कोईलवर थाना क्षेत्र से आए एक अन्य मामले में दखल-कब्जा दिलाने की मांग पर अंचलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि इसके लिए डीसीएलआर के अधीन बीएलडीआर कोर्ट ही उचित मंच है और पक्षकारों को वहीं आवेदन देना होगा। चांदी थाना क्षेत्र के भगवतपुर गांव के मनोज कुमार द्वारा दिए गए आवेदन पर अंचल से निर्गत पत्र के आधार पर थाना के माध्यम से आवश्यक कार्रवाई करने की बात कही गई। गीधा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव से आए हृदयाशंकर साव ने दुकान का ताला तोड़कर कब्जा कर लेने की शिकायत दर्ज कराई, जिस पर संबंधित थाना को जांच कर कार्रवाई का निर्देश दिया गया। जनता दरबार में विनय कुमार एवं रामनरेश सिंह ने दो नए आवेदन भी दिए, जिन पर अगली तिथि में सुनवाई की जाएगी।

वहीं अशोक सिंह, बिनोद सिंह और अशोक सिंह के बीच चल रहे दुकान विवाद में राजस्व अधिकारी ने दोनों पक्षों को अगली सुनवाई तक अपनी स्थिति स्पष्ट करने का निर्देश दिया। जनता दरबार के दौरान कोईलवर थानाध्यक्ष नरोत्तम चंद्र, बबुरा थानाध्यक्ष संजय कुमार तथा गीधा थानाध्यक्ष टिंकू कुमार समेत संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### बीमारी के कारण अज्ञात महिला की मौत

**आरा (एनएसबी)।** सदर अस्पताल में बीमारी के कारण एक अज्ञात 25 वर्षीया महिला की मौत हो गई। इलाज के दौरान मेडिकल वार्ड में शनिवार की रात उसने दम तोड़ दिया। घटना को लेकर लोगों के बीच अफरा-तफरी का आलम रहा। अस्पताल प्रशासन द्वारा इसकी सूचना टाउन थाना पुलिस को दी गई। सूचना पाकर पुलिस सदर अस्पताल पहुंची और शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम सदस्य अस्पताल में करवाया। बताया जाता है कि किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा एक सप्ताह पूर्व उसे सदर अस्पताल के मेडिकल वार्ड में बीमारी हालत में भर्ती कराया गया था। इधर, पुलिस द्वारा बनाए गए मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट के अनुसार मृतका अज्ञात महिला की मौत सांस लेने में तकलीफ होने के कारण इलाज के क्रम में होना प्रतीत होता है।